दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :69
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 10 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## हिंदू धार्मिक स्थलों पर मस्जिदों का निर्माण 'घाव' -योगी आदित्यनाथ

● सर्जरी एक बार होगी और उसके लिए हमें तैयार रहना होगा



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में शाही जामा मस्जिद विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अदालत के आदेश वाले सर्वेक्षण का जोरदार बचाव किया, ताकि दावों का पता लगाया जा सके कि मस्जिद एक हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई थी। उन्होंने मस्जिद निर्माण के लिए हिंदू धार्मिक स्थलों पर कब्जे को एक घाव बताया और दावा किया कि इसकी सर्जरी की आवश्यकता है नहीं तो यह कैंसर में बदल सकती है।नवंबर में 16वीं सदी की मस्जिद के सर्वेक्षण के कारण संभल में हिंसक झड़पें हुईं। पाँच लोग मारे गए और लगभग 20 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। योगी ने कहा कि मैं किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हूं और उस जगह का सम्मान करता हूं जहां लंबे समय से प्रार्थनाएं होती रही हैं।

लेकिन अगर किसी समुदाय का प्रार्थना स्थल टूट जाता है तो इसकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। देखिए कैसे संभल का इस्लामीकरण कर दिया गया है। हमारे धर्म के सभी चिन्हों को नष्ट कर दिया गया है, ढक दिया गया है और ठोस बना दिया गया है। 2017 से पहले वहां लगातार दंगे हुए। योगी ने साफ तौर पर कहा कि सर्जरी एक बार होगी और उस सर्जरी के लिए हमें तैयार रहना होगा। सनातन धर्म के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, योगी ने प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला देते हुए इसे दुनिया का सबसे पुराना विश्वास होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले लिखे गए हिंदू साहित्य में विष्णु के दसवें अवतार कल्कि के भविष्य के अवतार का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत का ऋषि सदैव ज्ञान की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता रहा है, जिसने समय-समय पर देश को नेतृत्व दिया, नई दिशा दी और आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि %सनातन% तो हमेशा शिखर पर ही रहा है, इसलिए सनातन है...हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह %वक्फ बोर्ड% है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि जिन्होंने श्री अयोध्या धाम के वासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है, उनको नैतिक रूप से वहां जाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मूल संविधान में कहीं भी %सेक्युलर% और %सोशलिस्ट% शब्द नहीं हैं। संविधान का गला घोटकर जो शब्द डाले गए हों, वे भारत के संविधान की आत्मा कैसे हो सकते हैं?

## प्रवेश वर्मा के चुनाव लड़ने पर लगे रोक, खुलेआम बांट रहे पैसे

▶▶ सीईसी से मुलाकात के बाद बोले केजरीवाल




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी सीईसी राजीव कुमार से मुलाकात की। इसके बाद केजरीवाल ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में 15 दिसंबर से 7 जनवरी तक 22 दिनों में वोट रद्द कराने के लिए 5500 आवेदन आए हैं। उन्होंने दावा किया कि ये एप्लीकेशन फर्जी हैं। जब अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया और जिन लोगों के नाम पर वोट रद्द करने के लिए आवेदन दिये गये थे, उन्हें बुलाया गया तो उन्होंने बताया कि उनके नाम पर फर्जी आवेदन दिये गये हैं। केजरीवाल ने कहा कि बड़ा घोटाला चल रहा है। पिछले पंद्रह दिन में नए वोट के लिए 13 हजार आवेदन आए हैं। दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर फर्जी वोट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा जॉब कैंप लगा रहे हैं, खुलेआम पैसे बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये चीजें चुनाव आयोग के नियमों और विनियमों के तहत भ्रष्ट आचरण के अंतर्गत आती हैं। प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए और उनके घर पर छापा मारकर पता लगाया जाना चाहिए कि उनके घर पर कितना पैसा है।इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्यनिर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित हेरफेर पर चर्चा के लिए मिलने का समय मांगा था।

इस सीट से 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह आतिशी का पिछले तीन दिनों में इस मुद्दे पर सीईसी को लिखा गया दूसरा पत्र है।

## केवल लोकसभा चुनाव के लिए था इंडिया ब्लॉक गठबंधन-पवन खेड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था और अब अस्तित्व में नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया ब्लॉक वास्तव में लोकसभा चुनावों के लिए बनाया गया था और राष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। क्षेत्रीय चुनावों के लिए, पार्टियां आपस में तय करती हैं कि संयुक्त रूप से लड़ना है या अकेले लड़ना है। इससे पहले बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि %सहयोगियों% ने यह निर्णय लिया है कि केवल लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया ब्लॉक बनाया जाएगा।उनकी टिप्पणी के तुरंत बाद, भाजपा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अपेक्षित था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, %%हमने पहले ही कहा था कि ये सभी पीएम मोदी के डर से एक साथ आए हैं।%% बिहार के बक्सर में पत्रकारों से बात करते हुए, यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन का गठन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए और भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए किया गया था। अब इसका कोई महत्व नहीं है। यही कारण है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच कलह अप्रत्याशित नहीं है। गठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच दरार तब आ रही है जब पहले आप ने गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियों से कांग्रेस को हटाने का आग्रह किया था। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में आप-कांग्रेस के बीच जारी घमासान पर जमकर निशाना साधा है।

● ● बाबा सिद्दीकी हत्या मामला ● ●

## चार्जशीट में मनी ट्रेल को लेकर बड़ा खुलासा

▶▶ लॉरेंस की 17 लाख की सुपारी में यूपी और महाराष्ट्र का सबसे बड़ा हिस्सा



**मुंबई ,एजेंसियॉ।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अपनी चार्जशीट में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल मनी ट्रेल के बारे में विवरण का खुलासा किया है। आरोपपत्र के मुताबिक, एनसीपी नेता की हत्या के लिए 17 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी और पैसे के लेन-देन में आरोपी शुभम लोनकर ने अहम भूमिका निभाई थी। क्राइम ब्रांच ने मुंबई की विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत में 4,590 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। अपराध शाखा ने आरोप पत्र में 29 आरोपियों को नामित किया है, जिनमें 26 पहले से ही गिरफ्तार और तीन वांछित व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई भी शामिल है।

आरोप पत्र में आगे खुलासा हुआ कि आरोपियों ने गुजरात और कर्नाटक में सलमान बोहरा नाम के खाते के माध्यम से हत्या की साजिश के लिए पैसे का लेनदेन किया। बिश्नोई गिरोह के सदस्यों ने भी ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे रेकी करके तंग आ चुके थे क्योंकि उन्हें हत्या को अंजाम देने के लिए सही समय नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने स्वीकार किया कि यदि घटना घटित होने वाले विशिष्ट दिन पर हत्या को अंजाम नहीं दिया गया होता, तो संभवतः यह घटना घटित ही नहीं होती।

इसके अतिरिक्त, आरोपियों ने खुलासा किया कि अपराध की तैयारी के तहत उन्होंने काली मिर्च स्प्रे पर 10,000 रुपये से अधिक खर्च किए।आरोप पत्र के अनुसार, भगोड़े गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने कथित तौर पर अपने संगठित अपराध सिंडिकेट के माध्यम से आतंक का माहौल बनाने÷ के लिए एनसीपी राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का आदेश दिया था। पुलिस ने कहा कि उन्होंने सभी 29 आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए हैं। गिरफ्तार किए गए 26 संदिग्धों में कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम और उसके साथी शामिल हैं। पुलिस ने उन पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या का आरोप लगाया है और बाद में उन सभी के खिलाफ मकोका लगाया है। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## शंभू बॉर्डर पर सल्फास निगलने वाले किसान की मौत

● खनौरी बॉर्डर पर गीजर फटने से किसान झुलसा



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के शंभू बॉर्डर पर गुरुवार की सुबह सल्फास निगलने वाले किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। किसान संगठनों तथा प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। सल्फास निगलने वाले किसान की पहचान पंजाब के तरनतारन जिला के गांव पोहविंड निवासी रेशम सिंह (55) के रूप में हुई है।किसान नेता तेजवीर सिंह पंजोखरा के अनुसार रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। गुरुवार की सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान रेशम सिंह ने सल्फास निगल ली। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उसे पहले राजपुरा के अस्पताल में ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख पटियाला रेफर कर दिया गया। पटियाला में रेशम सिंह की मौत हो गई।किसानी मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर दिए जा रहे धरने में शामिल होने के लिए मृतक किसान रेशम सिंह 6 जनवरी को अपने गांव से रवाना हुआ था। रेशम के साथ पांच अन्य किसान भी थे और वह इससे पूर्व भी दिल्ली आंदोलन में शामिल होता रहा है। रेशम सिंह की पत्नी दविंदर कौर व बेटे इंद्रजीत सिंह को उनकी मौत के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## आज दुनिया भारत की बात ध्यान से सुनती है-पीएम मोदी

▶▶ प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में अन्य देश भारत की ओर देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है।विदेश मंत्रालय और ओडिशा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम 'विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान' है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्य के मंत्रालयों और विभागों की चार प्रदर्शनियों और प्रचार स्टॉलों का उद्घाटन किया।समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान जगन्नाथ और भगवान लिंगराज की पावन धरती पर पूरे विश्व से आए अपने भारतवंशी परिवार का स्वागत करके की।

उन्होंने कहा कि यह भारत में जीवंत उत्सवों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा, मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं। हर जगह खुशी का माहौल है। इसके अलावा, 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत वापस आए थे। ऐसे अद्भुत समय में भारत में आपकी उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है।

भारत में आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मात्र 10 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। मात्र 10 वर्षों में भारत दुनिया की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही है। जब चंद्रयान शिव शक्ति बिंदु पर पहुंचता है तो हमें गर्व होता है। आज दुनिया भारत की डिजिटल इंडिया की शक्ति से चकित है तो हमें गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है। जिस स्केल पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वो अभूतपूर्व है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कौशल संपन्न युवाओं से भरा हुआ देश है। उन्होंने कहा, ÷भारत के तेज कौशल और आर्थिक विकास को दुनिया भर में देखा जा रहा है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है।उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का ये वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनिया को ये कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है।

## राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार को होने वाला गार्डो की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 21 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्डो की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।

## निर्माणाधीन कुसमी प्लांट की चिमनी गिरी

● 25 से ज्यादा लोग मलबे में दबे, कई लोगों की मौत की आशंका



**मुंगेली ,एजेंसियॉ।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा हुआ है। यहां चिमनी गिरने से 25 से अधिक लोगों के मलबे में दबे होने की बात सामने आ रही है। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि ये अभी तक पुष्ट नहीं हो पाया है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिये रेसक्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिये बिलासपुर भेजा गया है। बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह घटना सरगांव थाना इलाके के रामबोड क्षेत्र की है।घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। आस-पास के जिलों से भी प्रशासन की टीम पहुंच रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया जाता है कि प्लांट में लोहे की पाइप बनाई जा रही थी तभी ये हादसा हो गया। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। इस हादसे में कई मजदूरों के मौत की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सभी बचाव कार्य में लगे हैं। मलबे को हटाने का काम जारी है।

आस-पास के जिलों बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़ और जांजगीर चांपा से आपदा एवं प्रबंधन टीम को बुलाई गई है। जिले के सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने के लिये कहा गया है। बताया जाता है कि जब हादसा हुआ, उस समय मजदूर लंच कर रहे थे।

प्लांट में पाइप बनाने की फैक्ट्री तैयार की जा रही थी। मुंगेली एसपी भोजराज पटेल ने बताया कि पुलिस प्रशासन और प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फिलहाल, तीन से चार लोगों के दबे होने की आशंका है। मलबा हटने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पायेगी। आपदा प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर बचाव कार्य में लगी है।

## महाकुंभ जाने वालों को ना हो परेशानी

▶▶ चंडीगढ़ से प्रयागराज के लिए शुरू होगी स्पेशल फ्लाइट-ट्रेन

● सप्ताह में एक बार होगी सीधे फ्लाइट
● रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष बचे है। महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी से होने जा रही है। ये महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलने वाला है। इस महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम यानी गंगा, यमुना और सरस्वती में स्नान करने के लिए भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ने वाली है। इस संगम में महाकुंभ के दौरान डुबकी लगाने वालों में कुछ लोग नहीं बल्कि लाखों करोड़ों की संख्या में लोग उमड़ते है। यहां आ रहे लोग सिर्फ भारत के कोने कोने से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आ रहे है। पंजाब के चंडीगढ़ के आसपास रहने वालों के लिए भी महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए प्रयागराज पहुंचना आसान हो गया है।

प्रयागराज के लिए अब चंडीगढ़ से डायरेक्ट फ्लाइट की शुरुआत की गई है। अलायंस एयर कंपनी ने चंडीगढ़ से इलाहाबाद के बीच सीधा फ्लाइट संचालन शुरू किया है। चंडीगढ़ से इलाहाबाद के लिए फ्लाइट्स की शुरुआत 13 जनवरी से होने वाली है। इस फ्लाइट के जरिए चंडीगढ़ से प्रयागराज के लिए लोगों को पहली बार डायरेक्ट फ्लाइट की सुविधा मिलेगी, जो अब तक उपलब्ध नहीं थी।जानकारी के मुताबिक सप्ताह में एक बार ये फ्लाइट सीधे चलेगी। हर सोमवार को चंडीगढ़ से प्रयागराज के लिए ये फ्लाइट उड़ान भरेगी। वहीं प्रयागराज से चंडीगढ़ के लिए बुधवार को ये फ्लाइट उड़ान भरेगी। माना जा रहा है कि आठ हजार से 10 हजार के बीच इस फ्लाइट का किराया हो सकता है। वहीं महाकुंभ के लिए उत्तर रेलवे की ओर से भी खास ट्रेनें चलाई जाएंगी। अंदौरा से चंडीगढ़ के रास्ते ये ट्रेन प्रयागराज पहुंचेगी। उत्तर रेलवे की ओर से फेस्टिव स्पेशल ये ट्रेन चलाई गई है।

## सुरक्षाबलों ने कुलगाम में एक संदिग्ध आतंकवादी को किया गिरफ्तार

**कुलगाम, (हि.स.)।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक असॉल्ट राइफल बरामद की गई है।श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने गुरुवार को जानकारी दी कि बुधवार को कुलगाम के कैमोह के थोकरपुरा मोहल्ले में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तारी की गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध आतंकवादी के पास से 01 एके राइफल, 04 एके मैगजीन, 120 एके राउंड, 02 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया है।

## तिरुपति मंदिर भगदड़ में आंध्र सरकार का बड़ा ऐलान

▶▶ पीड़ितों के परिवारों को मिलेंगे 25-25 लाख रुपये




**तिरुपति,(हि.स.)।** आंध्र प्रदेश सरकार ने गुरुवार (9 जनवरी) को श्री वेंकटेश्वर स्वामी में एक पवित्र कार्यक्रम के टिकटों के वितरण के दौरान बुधवार रात (8 जनवरी) को हुई भगदड़ में मारे गए छह श्रद्धालुओं के परिवारों को 25-25 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। आंध्र प्रदेश के राजस्व मंत्री अनागनी सत्य प्रसाद ने कहा हम जीवन को किसी और चीज से नहीं बदल सकते, लेकिन हम परिवारों का समर्थन करेंगे। हमने 25 लाख रुपये की घोषणा की है। सीएम घायल लोगों से बात करेंगे। रुइया अस्पताल में एक मंत्रिस्तरीय टीम द्वारा मृतकों के परिवारों से मुलाकात के बाद राजस्व मंत्री सत्य प्रसाद ने यह घोषणा की। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री अनीता, पार्थसारथी और अनम रामनारायण रेड्डी भी शामिल थे, जिन्होंने एसवीआईएमएस अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।मंत्रियों ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या यह घटना किसी जल्दबाजी में की गई कार्रवाई या समन्वय की कमी का नतीजा थी। गृह मंत्री अनीता ने कहा कि यह पता लगाने के लिए भी जांच की जा रही है कि यह एक दुर्घटना थी या कोई साजिश।उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलेगा कि किसकी चूक के कारण यह त्रासदी हुई। गृह मंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद में सीढ़ियों और प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने की मांग करते हुए शाही जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट कल यानी 10 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करने वाली है।अर्जी में संभल जिला मजिस्ट्रेट को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना इस संबंध में कोई कार्रवाई या कदम ना उठाया जाए। इससे पहले 29 नवंबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने संभल के ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो जामा मस्जिद विवाद मामले पर तब तक कोई कार्रवाई नहीं करें, जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट कोई निर्देश न दे दे।

# पूरी शानोशौकत के साथ निकली शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की पेशवाई

## पेशवाई मार्ग के दोनों ओर उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पुष्प वर्षा कर भक्तों ने लिया आशीर्वाद





**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज की पेशवाई पूरी शानोशौकत के साथ निकली। पेशवाई मार्ग के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पेशवाई में बैंड बाजे, ढोल व डमरू आदि शामिल थे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किए गए थे। जगद्गुरू शंकराचार्य जी ने कहा कि उनकी यह पेशवाई गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए समर्पित है।
रामबाग स्थित पत्थरचट्टी रामलीला मैदान से शंकराचार्य जी महाराज की पेशवाई निकली। रास्ते में 108 स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शंकराचार्य जी का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग के दोनों तरफ हजारों की संख्या में खड़े भक्त जयकारे लगाते रहे। शंकराचार्य जी महाराज का दर्शन करने के लिए अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई उनके चरण स्पर्श कर उनका आशीष पाने के लिए लालायित दिखा। इस दौरान पूरे रास्ते में जाम लग गया था। भीड़ नियंत्रित करने में प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पेशवाई पत्थरचट्टी से मलाका सब्जीमंडी, मोतीमहल चौराहा, चमेली बाई धर्मशाला, जानसेनगंज, चौक, घंटाघर, बहादुरगंज, कीडगंज होते हुए बांध के रास्ते महाकुम्भ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद स्वामी जी शंकराचार्य शिविर में पहुंचे। पेशवाई के दौरान घंटाघर जानसेनगंज में व्यापारियों ने उसमें शामिल साधु- संतों का स्वागत किया। इनमें प्रमुख रूप से राणा चावला, सोहेल अहमद, जितेन्द्र सिंह, अकरम शगुन, अवंतिका टंडन, हिना खान आदि व्यापारी गण शामिल रहे। इसी प्रकार तमाम श्रद्धालुओं ने जानसेनगंज चौक में पेशवाई के दौरान कुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने से पूर्व शंकराचार्य जी को फूलमाला, फल, अंग वस्त्र भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें प्रमुख रूप से समाजसेवी आनंद बिहारी त्रिपाठी, अधिवक्ता श्याम बिहारी त्रिपाठी, नीरज साहू, गौरी शंकर वर्मा, दिग्विजय राय, प्रशांत तिवारी, मोहन त्रिपाठी, अंगद शुक्ला, पंकज शुक्ला, अनूप केशरवानी, टीनू रावत आदि शामिल थे। महाकुम्भ मेला स्थित शंकराचार्य शिविर में पहले से हजारों की संख्या में संत शंकराचार्य जी के स्वागत के लिए पलक बिछाए उपस्थित थे। शिविर में उनका भव्यता के साथ स्वागत किया गया।



# शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ के शिविर में डिप्टी सीएम ने किया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** गोवर्धनमठ पुरी पीठ के शंकराचार्य के कुम्भमेला शिविर में ध्वजारोहण किया गया। शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संत विद्वानों की उपस्थिति में वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचोपचार पूजन कर ध्वजारोहण किया।
उप मुख्यमंत्री ने शिविर में बन रही विशाल यज्ञशाला एवं शिविर की तैयारियों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने जगद्गुरु शंकराचार्य से कुम्भमेला के सम्बन्ध में भी विचार विमर्श किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु उपस्थित थे।



# कोरांव सीएचसी के निः शुल्क नेत्र शिविर में 90 मरीजों की हुई जांच



**कोरांव (प्रयागराज)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरांव में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया जहां पर क्षेत्र के कुल 90 मरीजों का परीक्षण के बाद इलाज कर दवाइयां दी गई। इतना ही नहीं इस दौरान 29 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाए जाने पर जिला अस्पताल हेतु भेजा गया। डॉ देवराज गौतम ने बताया कि बुधवार तथा गुरुवार को ओपीडी में कुल 90 मरीजों की जांच की गई जिसमें 29 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्वों को लेकर सजग देखा जा रहा है जो लगातार रुप से मरीजों को बेहतर सेवा देने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है।
नेत्र शिविर में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ अपनेपन का भाव लिए उचित सेवाएं दी गई जिससे मरीज भी संतुष्ट देखे गए।

# युवाओं के विकास की गारंटी हैं खेल- प्रमोद तिवारी

## ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए यह आयोजन बनेगा सीढ़ी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के तेंदुआ कला में शुक्रवार को सभ्य स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता के सातवें सीजन का आगाज हुआ।मुख्य अतिथि रहे समाजसेवी प्रमोद तिवारी पिंटू ने कहा ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए यह एक सीढ़ी है जिसके जरिए वह अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। मैं प्रत्येक टीमों को जीत की शुभकामनाएं दी हैं।
समाजसेवी प्रमोद तिवारी (पिंटू) देवरख नैनी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए ,खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया है। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ हार जीत तक सीमित नही है बल्कि आयोजनों से खिलाड़ियों में आपसी प्रेम और प्रतिस्पर्धा के भाव भी जागृत होते हैं।
श्री तिवारी ने कहा कि युवाओं को जीवन में खेलकूद को प्राथमिकता बनानी चाहिए। यह युवाओं के विकास की पहली सीढ़ी है।
मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच रसौली व भड़ेवरा के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रसौली ने निर्धारित 12 ओवरों में 114 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भडेवरा की पूरी टीम 85 रन ही बना सकी और वह 29 रन से मैच हार गई।आयोजक कमेटी के शिवकांत दुबे, आशीष सिंह, प्रदीप मिश्रा, सुनील कुमार, राजेश पाल, सद्दाम हुसैन, हिंछलाल, मनोज भारतीया, सुरेश कुशवाहा, बादल सिंह, अर्जुन, अब्दुल अली, ओम प्रकाश, सेबू अली, आलोक यादव, रमेश पटेल ने क्षेत्रीय लोगों से प्रतियोगिता से जुड़कर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन की अपील की है।

# संगम तट से सनातन रक्षा का शंखनाद करेंगे महामंडलेश्वर

## धमकी के बावजूद अरैल शिविर में रुकेंगे स्वामी डॉ. सुमनानंद, करेंगे शाही स्नान

### जन कल्याण के लिए करेंगे 12 जनवरी से शताक्षरी महायज्ञ





**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज में होने वाले अलौकिक पूर्ण महाकुम्भ के भव्य, दिव्य आयोजन में श्री मौनतीर्थ पीठाधीश्वर और निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज प्रयागराज महाकुंभ में मकर संक्रांति के शाही स्नान का हिस्सा बनेंगे। अरैल घाट पर लगे शिविर से वह सनातन रक्षा के लिए शंखनाद करेंगे।उन्होने खुले मंच से कहा है कि वह अंतिम सांस तक हिन्दू हित और सनातन संस्कृति के लिए मुखर रहेंगे।
मौनतीर्थ पीठाधीश्वर स्वामी डॉ सुमनानन्द गिरी जी आगामी 9 जनवरी को उज्जैन से प्रयागराज अरैल घाट, अपने मेला शिविर के लिए प्रस्थान करेंगे। स्वामीजी 12 जनवरी से अपने मेला शिविर से शताक्षरी महायज्ञ करेंगे। यज्ञ की पूर्णाहुति 3 फरवरी को होगी। महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि जी बीते माह उस वक्त सुर्खियों में आए,जब उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। खास बात यह है कि यह धमकी किसी रिजवान नामक व्यक्ति द्वारा दी गयी थी। इस धमकी को नजरंदाज करते हुए उन्होंने कहा मैं प्रयागराज जाऊंगा और सनातन संस्कृति और संस्कार के लिए आवाज उठाऊंगा।पूज्य गुरुदेव राष्ट्र कल्याण के लिए 12 जनवरी से शताक्षरी महायज्ञ आरंभ करेंगे। इस महायज्ञ में अनेक श्रद्धालु सम्मिलित होकर पुण्य लाभ ग्रहण करेंगे। उंन्होने देश और दुनिया के लोगों से अपील की है कि 144 साल बाद पूर्ण महाकुम्भ का दुर्लभ सहयोग बन रहा है।यह अवसर पुण्य लाभदायी है।श्रद्धालुओं को संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लेना चाहिए।

### बेखौफ़ हैं महामंडलेश्वर

महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज को सगीर अहमद पिता रिजवान नाम के किसी व्यक्ति ने लिफाफे में उर्दू लिखा पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी। लिफाफे पर नवाबनगर, करेली जनपद इलाहाबाद (उत्तरप्रदेश) लिखा था। पत्र में लिखा था कि तुम बार बार नबी की तौहीन करते हो। गुस्ताख ए रसूल की सजा सिर को जिस्म से जुदा करना है। इसके पहले दिसंबर 2023 में भी किसी ने बिना नाम लिखा पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी थी। महामंडलेश्वर इसके बाद भी पुण्य भूमि प्रयाग में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के अपने मार्ग पर कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

### शिविर सुरक्षा पर होगी पैनी नजर

प्रयागराज महाकुंभ में श्री मौन तीर्थ पीठ के शिविर का निरीक्षण करने उनके भक्त डॉ. संजय तरडे डी उत्तर प्रदेश पहुँचे। यह शिविर चक्र माधव मंदिर, सेक्टर 24, अरैल रोड प्रयागराज में स्थित है। डीजी ने सुरक्षा कारणों से इसका जायजा लिया है।

# नहीं रहे पूर्व प्रधानमंत्री के करीबी सरपंच साहब

## उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष के थे पिता



फाइल फोटो

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी/मेजा(प्रयागराज)।** शिवजियावन इंटर कालेज लेड़ियारी के पूर्व प्रबंधक इंद्रमणि मुर्तियां के निधन पर ग्रामीणों में शोक व्यक्त किया है। बताया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के अति करीबी खीरी थाना क्षेत्र के ईटवा कला निवासी सरपंच साहब इंद्रमणि भूर्तियां का आज प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके पुत्र शरण जीत भूर्तिया वर्तमान में ग्राम प्रधान होने के साथ प्रधान संघ मेजा के ब्लाक अध्यक्ष हैं।
सरपंच साहब के निधन से लापर क्षेत्र में शोक की लहर है। भारतीय किसान यूनियन किसान द्वारा शोकसभा आयोजित कर सरपंच साहब को श्रद्धांजलि दी गई । भाकियू (किसान) के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंदेल ने कहा कि सरपंच साहब का हम लोगों के बीच से चले जाना एक अपूर्णीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। लापर क्षेत्र के विकास के लिए उन्होने 50 वर्ष से अधिक समाजसेवी का काम किया। वह पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के बहुत करीबी रहे । क्षेत्र के विकास के लिए शासन व सरकार से पैरवी कर उन्होंने ईटवा कला में तीन बेड का सरकारी अस्पताल , स्टेट बैंक, पुल ले आने में बड़ा योगदान रहा। जबकि अन्य दर्जनों नागरिक सुविधाएं दिलवाने अपनी जमीन भी उपलब्ध कराये थे ।
मृतक सरपंच साहब ने ईटवा कला को ब्लॉक बनाने के लिये अथक प्रयास किया । उनके प्रयास से सन् 1980 में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव द्वारा ईटवा कला को एक नया विकास खंड बनाने की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी थी, लेकिन बाद में कुछ बड़े राजनीतिज्ञोंको के अवरोध से ब्लॉक नहीं बन सका। दरअसल मेजा व कोरांव से अलग लगभग पांच दर्जन
गांवों को मिलाकर ईटवा कला में एक नया विकास खंड बनाने का उनका सपना था, इसके लिये वह पूरे जीवन वह भाग दौड़ करते रहे। उनके प्रयास से ब्लॉक के लिये पांच बीघे जमीन दिए गए अनुदान आज भी में सुरक्षित है।
भारतीय किसान यूनियन (किसान) के प्रदेश महासचिव विक्रम सिंह, मंडल प्रभारी श्री राम शिरोमण तिवारी, मंडल अध्यक्ष भैया जी मिश्रा , मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा पंकज चंदेल, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू राज आदिवासी, महासचिव मोहिनी पांडेय, जिला अध्यक्ष जेपी यादव, ज़िला अध्यक्ष रीना गौतम, मंडल महासचिव धर्मेंद्र सिंह पटेल , मंडल उपाध्यक्ष मनोरमा आदिवासी , जिला उपाध्यक्ष रमाकांत यादव जी, जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ श्याम सिंह बघेल, जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह मुन्ना भइया, जिला महासचिव बिहारी लाल प्रजापति मास्टर जी, तहसील अध्यक्ष करछना श्याम पान्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष शंकराचार्य, ब्लाक अध्यक्ष उरूवा रमेश चंद्र दुबे, कौंधियारा ब्लाक अध्यक्ष मोनू दुबे, शंकरगढ ब्लाक अध्यक्ष अरुण सिंह, जसरा ब्लाक अध्यक्ष राम बहादुर कुशवाहा, आयुष तिवारी, तहसील अध्यक्ष रमाकांत बिन्द, तहसील प्रभारी पन्नालाल सिंह, विनोद सिंह, शाहिद सैकड़ो लोगों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर,साइकिल सवार घायल

**नारीबारी(प्रयागराज)।** शंकरगढ़ थाना अन्तर्गत नारीबारी चौराहे के नजदीक रिलायंस पेट्रोल पंप का पास सुंदरम तिवारी (12वर्ष )पुत्र राजकुमार तिवारी अपने साथी निखिल उर्फ कल्लू श्रीवास्तव (15वर्ष) पुत्र सुनील श्रीवास्तव निवासी सलैया खुर्द नारीबारी बाजार से सायकिल से लौट रहे थे तभी पीछे से बाइक सवार महेन्द्र प्रजापति निवासी सुरवल सहनी शराब के नशे में पीछे से बाइक से टक्कर मार दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनुराग कुमार ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में सुंदरम का दांया पैर टूट गया। वहीं निखिल श्रीवास्तव के जबड़ा और सर में गंभीर चोटे आई। नारीबारी पुलिस मौके पर पहुंच कर आनन-फानन में अस्पताल में उपचार शुरु कराया लेकिन निखिल श्रीवास्तव के सिर में गम्भीर चोट होने के कारण उन्हें स्वरूप रानी नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# तकनीक बनी हथियार, 2,750 एआई सीसीटीवी संदिग्ध गतिविधियों पर रख रहे नजर

## महाकुम्भ की सुरक्षा को बनाए गए 123 वॉच टावर, तैनात हुए स्नाइपर



**महाकुंभ नगर।** दिव्य और भव्य महाकुम्भ को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस बार एआई तकनीक को पुलिस ने अपना हथियार बनाया है। 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुम्भ नगर में लगाए गए हैं। वह सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे। मेले के दौरान 37,000 पुलिसकर्मी और 14,000 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना सुरक्षित है। यहां तक कि मेले में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।
पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 123 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां स्नाइपर, एनएसजी, एटीएस और सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। वॉच टावरों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि इनसे दूरबीन की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा सके। हर वॉच टावर पर अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। सभी वॉच टावरों को ऊंचाई और रणनीतिक स्थानों पर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। पुलिस के साथ जल पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह मुस्तैद हैं।महाकुंभ मेले के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालु, स्नानार्थी, कल्पवासी और पर्यटक आने की संभावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मेले के सभी जोन और सेक्टर में अलग-अलग स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं। प्रवेश के सात मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मुख्य धार्मिक स्थलों पर कड़ी की सुरक्षा

**प्रयागराज।** अखाड़ा क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, परेड मैदान, वीआईपी घाट, अरैल, झूसी, और सलोरी जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष वॉच टावर बनाए गए हैं। यहां तैनात जवान आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं।

# चारा लदी नाव डूबने लगी बीच मझधार

## मछली पकड़ रहे मछुआरों ने बचाई जान, सूचना पर सुरक्षा के लिए पहुंची पुलिस टीम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के पकरी सेवार गंगा घाट पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब चारा लाद कर आ रही नाव बीच गंगा में डूबने लगी। चीख पुकार सुनकर पहुंचे मछुआरों ने नाव सवार लोगों की जान बचाई है। उनकी तेजी से बड़ा हादसा टल गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव में लीकेज होने के कारण नव जैसे ही गंगा नदी में कुछ दूर पहुंची कि अचानक पानी भर जाने की वजह से नाव डूबने लगी। जिसमें सवार रहे लोगों ने चीख पुकार करना शुरू कर दिया। वहीं घाट पर शव का अंतिम संस्कार करने पहुंचे लोगों ने भी जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया। चीख पुकार की आवाज सुन गंगा नदी में मछली मार रहे एक नाविक ने आनन फानन में नाव के करीब पहुंच लोगों को बचा लिया।
घटना की जानकारी जैसे ही मेजा कोतवाल राजेश उपाध्याय को हुई तो सिरसा चौकी प्रभारी को मौके पर भेज दिया। जैसे ही चौकी प्रभारी ने पकरी सेवार गंगा घाट पर पहुंचे तब तक वहां से सभी लोग सकुशल घरों को जा चुके थे।

# फूलचंद पटेल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**घूरपुर (प्रयागराज)।** अपना दल एस के बारा विधायक डॉ वॉचस्पति द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फूलचंद पटेल को विधायक प्रतिनिधि घोषित किए जाने पर जमुना पार के अपना दल एस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही साथ नीरज केसरवानी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। फूलचंद पटेल ने विधायक द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए पार्टी के नीतियों को जनता के बीच ले जाने और उन्हें भरोसे में लेकर पार्टी के वोट बढ़ाने एवं संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए नीरज के सर्वानी जी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं विधायक जी का आभार व्यक्त करते हुए जनता की समस्याओं को शासन स्तर पर विधायक के माध्यम से पहुंचाने एवं शासन के द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को जनता को अवगत करने, पहुंचाने का संकल्प लिया। संडवा कांटी में हुए कार्यक्रम के दौरान विधायक जी ने यह जिम्मेदारियां सौंपी।
उक्त अवसर जिला अध्यक्ष जमुना पार राम मनोहर पटेल, जिला उपाध्यक्ष डॉ विनोद पटेल, संदीप सिंह पटेल, राज कुमार पटेल, मिथिलेश पटेल, विजय कुमार प्रधान श्यामू भाई, आदि प्रमुख लोगों ने बधाई दी।

# धर्म, संस्कृति एवं अध्यात्म का संगम है कुंभ- महामंडेलश्वर वैष्णो नंद गिरि

**प्रयागराज।** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा की श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर वैष्णो नंद गिरि ने कहा कि कुंभ स्नान मोक्ष प्राप्ति का साधन है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों ने मानव शरीर को अतिदुर्लभ बताया है। मानव शरीर पाकर मोक्ष प्राप्ति के साधन का उपाय परम धर्म है। सदग्रंथ, संत एवं पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलने से जीवन उन्नति की ओर आगे बढ़ता है।गुरुवार को मौजगिरि आश्रम में महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 वैष्णो नंद गिरि ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। 144 वर्ष बाद यह पूर्ण महाकुंभ है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में कुंभ का आयोजन होता है। कुंभ स्नान सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन है। यह आयोजन धर्म की एकता और सांस्कृतिक विरासत का वृहद आयोजन है। मान्यता है कि कुंभ मेले में स्नान करने से सभी पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।



# ससुरालियों ने दहेज की खातिर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**दहेज में एक लाख रुपए और बाइक की कर रहे हैं मांग**

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सैयद सरावां गांव में बुधवार को पति समेत ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता और उसकी मां की पिटाई कर घर से निकाल दिया। दोनों रोते बिलखते घर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। गुरुवार को विवाहिता ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के सैयद सरावां गांव निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र अलीजान के अनुसार उसने अपनी पुत्री फलक बानो की शादी 15 अक्टूबर 2023 को गांव के ही इसरार अहमद पुत्र अफसार अहमद के साथ की थी। उसने शादी में लगभग सात लाख रुपए का दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही पति समेत ससुलीजन कम दहेज मिलने का उलाहना देकर उसको प्रताड़ित करने लगे। वह दहेज में एक लाख रुपये नकद और बाइक की मांग करने लगे। उसने मांगों को लेकर फलक की पिटाई करना शुरू कर दिया।

दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौते का भी कोई असर नहीं पड़ा। बुधवार को बेटी फलक की पिटाई की सूचना पाकर मां मुबीना उसके घर गई। प्रताड़ित करने का उलाहना देने पर ससुरालियों ने मां- बेटी को पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। दोनों रोती बिलखती अपने घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। गुरुवार को महिला ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## प्रधानपति ने बकाया मजदूरी मांगने पर मजदूरों को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर हाजीपुर गांव में बुधवार को बकाया पैसा मांगने गए मजदूरों को प्रधानपति ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मजदूरों ने मामले में डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।नूरपुर हाजीपुर गांव निवासी गणेशी पुत्र जगपत, दीपक कुमार पुत्र देवशरण और मालधारी पुत्र गिरधारी के मुताबिक प्रधानपति ने नौ महीने उनसे इंटरलाकिंग, गोशाला और खड़ंजा निर्माण का काम कराया था। मजदूरी मांगने पर उसने बाद में पैसा देने को कहा। मजदूरों ने बताया कि उनका कुल 88 हजार रुपए बकाया है। कई बार मांगने के बाद भी प्रधानपति बकाया रकम नहीं दे रहा है। बुधवार की सुबह वह सभी प्रधान के घर पैसे मांगने गए थे। आरोप है कि प्रधानपति ने उन्हें गाली गलौज कर पिटाई की धमकी देकर घर से भगा दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। गुरुवार को पीड़ित मजदूरों ने आरोपी प्रधानपति की शिकायत डीएम से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने जांच के बाद कार्रवाई का अश्वासन दिया है।

## अखिलेश यादव के चाचा के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल यादव के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर पुण्य आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें, विनम्र श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद कड़ाधाम थाना क्षेत्र के बाजार घाट पर गंगा स्नान के समय डूबने से शिखर मिश्रा के पिता, चाचा व भतीजे के निधन की अत्यंत हृदय विदारक सूचना प्राप्त होने पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव शिखर के घर पहुँचे। ईश्वर से प्रार्थना किया कि पुण्य आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवारजनों को इस आपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष के साथ नवनीत यादव,पप्पू यादव, अरशद अहमद, राजू यादव मौजूद रहें।

# जल साक्षरता सर्टिफिकेट कोर्स व गंगा विश्व धरोहर मंच के संयुक्त तत्वावधान में गंगा संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** जल साक्षरता सर्टिफिक्रेट कोर्स एवं गंगा विश्व धरोहर मंच के संयुक्त तत्वावधान में गंगा संकल्प यात्रा का स्वागत सी.एम.पी.डिग्री कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में किया गया। गंगा विश्व धरोहर मंच के संयोजक डॉ0 शम्भू प्रसाद नौटियाल ने कहा कि गंगा समूचे विश्व की राष्ट्रीय धरोहर है और हमारी देश की इस राष्ट्रीय नदी को संरक्षित रखने के लिए सभी धर्मावलम्बियों को बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने की आवश्यकता है। साथ ही प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर सभी को मिलकर गंगा को विश्व धरोहर बनाने के लिए समर्थन करने की आवश्यकता है। क्योंकि गंगा को स्वच्छ व पावन रखने के लिए धन की नहीं नियत की जरूरत है। यदि पूरे भारत के लोग ठान लें कि गंगा को निर्मल व अविरल रखना है तो उसी दिन से गंगा अपने नैसर्गिक स्वरूप में दिखाई देने लगेगी। यह भी गौरव की बात है कि गंगा ही एकमात्र नदी है जिसे सबसे ज्यादा पूजा जाता है व एक नहीं दो स्थानों हरिद्वार व प्रयागराज में क्रमशरू कुम्भ भी लगते हैं। आस्थावान लोगों के साथ ही वैज्ञानिकों को भी गंगा संरक्षण में भागीदारी बढ़ाने के लिए आगे आने की कोशिश करनी चाहिए। सर्टिफिक्रेट कोर्स के संयोजक डॉक्टर प्रमोद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा भारत की आत्मा हैं,गंगा बचेंगी तभी भारत बचेगा। गंगा यमुना सहित देश की सभी नदियां अविरल एवं निर्मल हों इसको लेकर समाज को आगे खनखं होगा यदि हम नदियों को माँ मानते हैं तो पुत्र होने का दायित्व निभाकर ही कुछ कर सकते हैं।इस अवसर पर कालेज के विभागाध्यक्ष प्रो0 संतोष श्रीवास्तव, प्रो0 अनिल शुक्ला, डॉक्टर डी.के. साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# पति ने दहेज की खातिर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

**महगांव, (कौशाम्बी)।** कोखराज थानाक्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में बुधवार को पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की पिटाई कर घर से निकाल दिया। महिला रोते बिलखते मायके पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। गुरुवार को महिला ने थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के इकबाल नगर भीटी गांव की सायना बेगम की शादी तीन साल पहले कोखराज थाने के रामपुर सुहेला गांव निवासी मोहसिन के साथ हुई थी। विवाह में उसके पिता ने अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही पति कम दहेज मिलने का उलाहना देकर उसको प्रताड़ित करने लगा। वह दहेज में एक लाख रुपया नकद और बाइक की मांग करने लगा। उसने मांगों को लेकर सायना की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद बुधवार को उसने पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। महिला रोती बिलखती अपने मायके पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। गुरुवार को महिला ने थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सर्वसेन समाज संगठन जिला महोबा व स्थान तुलसी गेस्ट हाउस के सामने रोडवेज के पास महोबा उत्तर प्रदेश के द्वारा सर्व सेन समाज का मिलन समारोह एवं संगठन का विस्तार मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश गोरे लाल सेन उपस्थित रहें, कार्यक्रम के अध्यक्षता महेंद्र सेन सीटीआई रेलवे झांसी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि किशोरी लाल सेन, पृथ्वीपुर जिला अध्यक्ष निवाड़ी एवं (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) धनीराम जिला अध्यक्ष टीकमगढ़ एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश कार्यकारी



अध्यक्ष जय करण सेन, लवकुश नगर, लाल जी राम सराठे प्रदेश में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष सेन, प्रभारी बुंदेलखंड रामरतन सेन, टीकमगढ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीरज सेन, लटेरी जिला अध्यक्ष विदिशा देशराज सिंह, दिनेश सेन, दामोदर सेन, दीपक दीपू सेन जिला अध्यक्ष झांसी, उद्देश्य, राजीव सेन युवा नेता बरुआसागर, जगदीश सेन तहशील अध्यक्ष, पृथ्वीपुर मधु श्रीवास महिला अध्यक्ष ग्वालियर, चंबल संभाग सर्व प्रथम मंचाशीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती सेन महाराज के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचाशीन सभी वक्ताओं ने शिक्षा समाजिक कुरुतियों सामूहिक विवाह सम्मेलन पर जोर दिया एवं नशा मृत्यु भोज जैसी कुरुतियों को बंद करने के लिए उपस्थित स्वजन बंधुओं से अपील की।

सफल संचालन पी.डी. सेन बाबूजी ने किया। इस अवसर पर उद्देश्य सेन जिला संरक्षक झांसी, राजीव सेन युवा समाज सेवी बरुआ, सागर प्रेम नारायण सेन संरक्षक, धर्मेंद्र सेन जिला अध्यक्ष महोबा, द्रोपती सेन महिला जिला अध्यक्ष, जयपाल सेन प्रदेश उपाध्यक्ष, पवन सेन युवा प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सनत सेन महोबा, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड इन सभी के विशेष प्रयास से सफल कार्यक्रम किया गया। आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संगठन की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद बधाई शुभकामनाएं।

## पहलवान कप क्रिकेट में बम्हरौली, भदवा, शीतलाधाम ने जीते मैच



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के बम्हरौली गांव के सुक्खा बाबा मैदान पर गुरुवार को पहलवान कप क्रिकेट मैच का प्रारंभ हुआ। मैच का शुभारंभ रामकिशुन तिवारी उर्फ अर्जुन पहलवान ने फीता काटकर किया। लीग का पहला मैच झंडापुर और भदवा गांव की टीमों के बीच हुआ जिसमें झंडापुर ने पहले खेलते हुए 71 रन बनाए जिसे भदवा ने आसानी से 72 रन बनाकर जीत दर्ज किया। दूसरा मैच बम्हरौली और सी सिरीयावां के बीच हुआ जिसमें सीरियावां के बनाए गए 61 रनों का पीछा करते हुए बम्हरौली की टीम ने मात्र चार ओवर में भी 62 रन बनाकर जीत दर्ज हासिल कर ली। तीसरा मैच झंडापुर और शीतलाधाम के बीच हुआ जिसमें शीतलाधाम ने पहले खेलते हुए 99 रन बनाए और जवाब में झंडापुर की पूरी टीम 61 रन ही बना सकी।

# सीडीओ ने की जनपद में एक करोड़ से ऊपर लागत वाली परियोजनाओं के कराये जा रहें निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के दिये निर्देश**

लोकमित्र ब्यूरो



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में जनपद में एक करोड़ से ऊपर लागत वाली परियोजनाओं के कराये जा रहें निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 द्वारा पुलिस लाइन में महिलाओं के लिए 100 क्षमता वाले हॉस्टल बैरक निर्माण कार्य, पुलिस लाइन में कर्मचारियों के लिए टाइप-ए एवं टाइप-बी के 01 ब्लॉक (12 आवास) एवं पुलिस लाइन में एक अदद ट्राजिंट हॉस्टल के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम शहरी एवं ग्रामीण द्वारा पानी की सप्लाई के कार्य की प्रगति धीमी पायी गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने पानी सप्लाई के कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा की समीक्षा के दौरान मूरतगंज में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास के भवन निर्माण, सरसवा में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की प्रगति बेहद धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मैनपावर बढ़ाकर कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने क निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने यू0पी0 सिडको द्वारा परसरा बस डिपो एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, भरसवॉ, करारी, कोइलहा एवं ककोढ़ा में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने निर्माण कार्यों में लगे हुए सभी श्रमिकों का श्रमिक पंजीयन कराये जाने के निर्देश दियें, जिससे श्रमिकों को लाभ मिल सकें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं व अन्य अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि जहॉ कहीं पर भी निर्माण कार्यों में श्रमिक कार्य कर रहें हैं या कोई अन्य कार्य कर रहें हैं, उन्हें पंजीकरण सम्बन्धी लाभों के बारे में जानकारी देकर पंजीकृत अवश्य करायें। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दबंगों ने जमीन कब्जे का विरोध करने पर महिला को दी धमकी

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के हौसी मजरा काजू गांव की एक महिला की जमीन पर दबंग मवेशी बांधने के लिए खूंटा गाड़कर कब्जा करना चाहते हैं। महिला के विरोध करने पर वह उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।काजू के हौसी गांव की कलावती देवी पत्नी प्रेमसिंह के अनुसार गांव में सड़क के किनारे उसकी निजी जमीन है।वह जमीन खाली पड़ी है। आर्थिक तंगी के कारण वह उस जमीन पर निर्माण नहीं कर पा रही है। गुरुवार को उसका पति मजदूरी करने चला गया था।इसी दौरान गांव का एक दबंग परिवार उसकी जमीन पर कब्जा कर मवेशी बांधने के लिए खूंटा गाड़ दिया। सूचना पाने के बाद उसने मौके पर जाकर कब्जे का विरोध किया।आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी देना शुरू कर दिया।

# जनपद स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर समिति की आयोजित हुई मासिक गोष्ठी




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन के क्रम में आज पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में जनपद स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर समिति की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ सीओटीपीए अधिनियम के क्रियान्वयन एवं जागरुकता तथा नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना एवं क्रियान्वयन व मादक पदार्थो, स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधि के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। जिसमें संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**परिवार न्यायालय ने स्थानीय अवकाश किया घोषित**

कौशाम्बी। जनपद न्यायाधीश कौशाम्बी के कार्यालय द्वारा जारी अवकाश की सूची के परिप्रेक्ष्य में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रफुल्ल कमल ने 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रान्ति), 15 मार्च 2025 (बैजला होली), 28 मार्च 2025 (जमात अल विदा रमजान का अंतिम शुक्रवार), 01 अक्टूबर 2025 (महानवमी) तथा 23 अक्टूबर 2025 (भाईदूज) को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। परिवार न्यायालय कौशाम्बी का न्यायालय, कार्यालय स्थानीय अवकाश की तिथि में बन्द रहेंगे। रविवार को पड़ रहें अवकाशध्पर्व के एवज में-गणतन्त्र दिवस 26.01.2025 के एवज में 25.02.2025 (भौम प्रदोष), रामनवमी 06.04.2025 के एवज में 22.10.2025 (गोबर्धन पूजा) एवं मोहर्रम 06.07.2025 के एवज में 05.09.2025 (बाराबफात) को परिवार न्यायालय कौशाम्बी का न्यायालय कार्यालय बंद रहेंगा।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आयी महिला फरियादी की समस्या को सुना एवं तत्काल समस्या का कराया निस्तारण

**कौशाम्बी।** प्रार्थिनी नीता देवी पत्नी स्व0 नागेन्द्र सिंह निवासिनी ग्राम-कोतारी पश्चिम तहसील मंझनपुर जनपद कौशाम्बी ने आज जनसुनवाई में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रार्थिनी एक विधवा एवं बेसहारा हैं, मेरे एवं मेरे बेटे के भरण पोषण का कोई जरिया नहीं है। प्रार्थिनी का अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को महिला फरियादी का तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने सरकार द्वारा संचालित सभी अनुमन्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दियें। जिलापूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य द्वारा जॉचोपरान्त तत्काल महिला फरियादी का अन्त्योदय राशन कार्ड ऑनलाइन करा दिया गया है, शीघ्र ही राशन कार्ड जारी कर दिया जायेंगा। उन्हांने बताया कि महिला फरियादी को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत जल्द ही निःशुल्क राशन प्राप्त होने लगेंगा।

# दूसरे के खाते में गई मुआवजा की रकम, वसूली की नोटिस

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** राम वनगमन मार्ग निर्माण के दौरान अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की रकम सिराथू तहसील के भटपुरवा का मजरा चमंधा गांव की एक महिला के बैंक खाते में पहुंच गई। ऐसे में प्राधिकारी ने नोटिस भेज कर पहुंची रकम को वापस करने की मांग की है ऐसा न करने पर भू राजस्व कर की तरह वसूली करने की चेतावनी दी है। अयोध्या धाम से चित्रकूट धाम जिले से होते हुए राम वन गमन मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में जद में आने वाले भूमि का अधिग्रहण कर कास्तकारों को मुआवजा दिया जा रहा है। चायल तहसील के परसरा गांव के दिलीप कुमार पुत्र अशर्फी लाल का गाटा संख्या 605 अधिग्रहण करने के बाद खाते में दो माह पहले 5546 की रकम भेजी गई थी। त्रुटियों के चलते भेजी गई रकम सिराथू के भटपुरा मजरा चमंधा गांव की निशा पत्नी अमित के एसबीआई शाखा भरवारी के खाते में पहुंच गई। जिस पर प्राधिकारी ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से नोटिस भेज कर सप्ताह भर में भेजी गई रकम जमा करने के लिए कहा है । साथ ही समय पर भेजी गई रकम न जमा करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत मिलेट रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का डायट आडीटोरियम, मंझनपुर में किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना-उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत मिलेट रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम डायट आडीटोरियम, मंझनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के कृषकगण, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



जिला पंचायत अध्यक्षा, कल्पना सोनकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्हांने कहा कि किसान भाई मोटे अनाज यथा-मडुवा, रागी, कोदो, बजारा, ज्वार एवं मक्का, सावॉ इत्यादि के उत्पादन को बढ़ावा दें। उन्हांने कहा कि मोटे अनाज के सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से से बचा जा सकता हैं। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अजय सिंह द्वारा कृषकों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि मोटे अनाज यथा-मडुवा, रागी, कोदो, बजारा, ज्वार एवं मक्का, सावॉ इत्यादि का उत्पादन विगत दशकों पूर्व किसानों का मुख्य खाद्यान्न फसल हुआ करता था, किन्तु आज के समय में किसानों द्वारा मोटे अनाजों का उत्पादन एवं उपभोग दोनो नगण्य हो गये, जिसके कारण भारत की जलवायु के अनुसार खाद्यान्न के उपभोग नहीं करने के कारण जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा हैं।

आधुनिक खान-पान के कारण जन-मानस में उदर रोग उत्पन्न होने से विभिन्न प्रकार की बीमारियॉ उत्पन्न हो रही हैं। मोटा अनाज अत्यन्त पौष्टिक है तथा कैल्सियम एवं फाइबर की मात्रा प्रचुर होने के कारण पेट रोग व हड्डी के लिए अत्यन्त लाभकारी होता है। बृद्धों में अस्टियोपोरोसिस रोग तथा बच्चों के आहार के लिए बहुत उपयोगी होता है। इसके आटे से रोटियॉ एवं दलिया बनाया जा सकता है।रेसिपी के इस कार्यक्रम में मोटे अनाज के विभिन्न व्यंजनों का उत्पाद स्टाल के माध्यम से प्रदर्शनी लगाकर आये हुए मुख्य अतिथियों एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रदर्शित कर दिखाया गया।

विभिन्न स्कूलों एवं विद्यालयों से आये हुये छात्र एवं छात्राओं द्वारा गीत एवं निबन्ध व पोस्टर के माध्यम से मोटे अनाज के उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण एवं लाभ के बारे में प्रदर्शन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में सैलजा, अदिति राव, संध्या एवं निबन्ध प्रतियोगिता में नैन्सी, अंजली एवं दीपांजली साथ ही साथ गीत गायन में गोलू कुमार यादव, जिकरा खातून, श्रुति त्रिपाठी एवं रोशनी यादव इत्यादि को जिला पंचायत अध्यक्षा द्वारा पुरस्कृत करते मोमेन्टो एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इसी क्रम में मोटे अनाजों की खेती में अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए किसान धारा सिंह ग्राम-आलमचन्द्र, विष्णु मौर्य ग्राम-सरसवॉ, रामसजीवन सिंह ग्राम-जुवरा, धरमराज ग्राम-मुलायमपुर, भैरव सिंह ग्राम मंझनपुर को मोटे अनाजों के अधिक उत्पादन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। जनपद में तकनीकी रूप में कृषि कार्य को बढ़ावा देने के लिए एवं आय सृजन से सम्बन्धित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अजय एवं डॉ0 मीनाक्षी सक्सेना को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी, डायट प्राचार्या, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र डा0 अजय सिंह एवं महिला वैज्ञानिक डॉ0 मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी का दिव्य जन्मोत्सव



**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र सुरसेनी गांव में कालीपुत्र महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज का जन्मदिन सुरसेनी मंदिर प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, पत्रकार गणमान्य व्यक्तित्व और सैकड़ों भक्तजन उपस्थित रहें।बता दें सराय अकिल क्षेत्र सुरसेनी गांव में कालीपुत्र महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज का जन्मदिन पर मंदिर प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव जन्मोत्सव मनाया गया नेवादा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप मिश्रा, सुरसेनी प्रधान सुधीर शुक्ला, पत्रकार धीरज पाठक, अजय कुमार अग्रहरि मयंक अग्रहरि श्रवण तिवारी, आलोक मिश्रा, विवेक मिश्रा, जितेंद्र चौरसिया और जैसे विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भक्तगण रामबली अग्रहरि ओम जी समेत मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। चित्तापुर निवासी डॉ आशीष श्रीवास्तव ने उपस्थिति दर्ज कराई महाराज जी ने इस अवसर को और खास बनाते हुए सभी भक्तों के लिए ष्बाटी चोखाष् के विशेष आयोजन की व्यवस्था की। प्रसाद रूपी इस भोज का सभी ने बड़े प्रेम और श्रद्धा से आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और समर्पण का वातावरण देखने लायक था। मंदिर प्रांगण में गूंजते जयघोष और भक्तों की एकजुटता ने इस आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी का सादगी भरा आचरण और समाज के प्रति उनका समर्पण इस आयोजन में स्पष्ट रूप से झलकता रहा। यह जन्मोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि समाज में संस्कार और समर्पण के संदेश का एक अनुपम उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

संक्षिप्त खबरें

## तमंचा व रिवाल्वर के साथ दो बाल अपचारी धराये

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने अवैध तमंचा व रिवाल्वर के साथ दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। एसओ मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रशिक्षु विनय प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ गुरूवार सुबह चेकिंग अभियान में निकले थे। इस दौरान नौबस्ता मार्ग के पास से संदिग्ध दशा में दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि दोनों बाल अपचारियों के पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर तथा चार तमंचा व कारतूस की बरामदगी की गयी है। दोनों बाल अपचारियों के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज है। पूछतांछ में दोनों के अवैध तमंचे के कारोबार में संलिप्तता की बात भी प्रकाश में आयी है। कार्रवाई के लिए दोनो बाल अपचारियों को न्यायालय भेज दिया गया है।

## समस्याओं को लेकर कामकाज से विरत रहे अधिवक्ता, अधिकारियों से निस्तारण की उठाई मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में प्रशासनिक शिथिलता को लेकर गुरूवार को भी यहां अधिवक्ताओं ने तहसील तथा दीवानी अदालत में न्यायिक कामकाज का बहिष्कार जारी रखा। विभिन्न मुददो को लेकर सीओ कार्यालय में दोपहर संयुक्त अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधिमण्डल की एसडीएम तथा सीओ के साथ संयुक्त वार्ता हुई। वार्ता के दौरान संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने अधिकारियों से उदयपुर थाना क्षेत्र के अधिवक्ता रामछबीले यादव के ऊपर प्राणघातक हमले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई मे शिथिलता को लेकर नाराजगी जतायी। अधिवक्ताओ ने साथी पर जानलेवा हमले के आरोपियो की गिरफ्तारी शीघ्र सुनिश्चित कराने की भी मांग रखी। वही जमीनी विवाद के निस्तारण में भी प्रशासनिक टीम का गठन कर समाधान कराए जाने को कहा। अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी के भी प्रकरण में वार्ता के दौरान शीघ्र कार्रवाई की मांग उठायी गयी। एसडीएम नैंनसी सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने अधिवक्ताओं से जुडे प्रकरण मे निस्तारण के बाबत उच्चाधिकारियों को आख्या भेजे जाने का भरोसा दिलाया है। वार्ता के दौरान महामंत्री सूर्यकांत निराला, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शिवरंजन यादव, दीपक पाण्डेय मौजूद रहे।

## फातिमा शेख की मनाई गई जयंती



**प्रतापगढ़-** प्रथम प्रशिक्षित महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की सहयोगी फातिमा शेख की जयंती सम्राट महान पुस्तकालय पल्टन बाजार में मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य ने फातिमा शेख के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए माता सावित्रीबाई फुले के सामाजिक शैक्षिक सहयोग और उनके कार्यों में अग्रणी भूमिका के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया । इस दौरान विमल मौर्य पूनम मौर्य अनीता मौर्य,बसंत लाल,विकास मौर्य, आकाश मौर्य,प्रशांत इशांत मौर्य आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय में स्थानीय अवकाश घोषित

**प्रतापगढ़ ।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने उच्च न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु आपूर्ति किए गए वर्ष 2025 के कैलेण्डर में दिनांक 14 जनवरी 2025 मंगलवार को मकर संक्रांति , 29 जनवरी बुधवार 2025को मौनी अमावस्या , 15मार्च 2025 शनिवार को होली , 28 मार्च 2025 शुक्रवार को रमजान का अन्तिम शुक्रवार को जनपद न्यायालय सहित कुंडा , लालगंज स्थित बाह्य न्यायालय , पट्टी स्थित ग्राम न्यायालय पट्टी में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## शिक्षक के निधन पर शोक-संवेदना

**प्रतापगढ़।** राजा दिनेश सिंह सभागार में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। इसमें प्रा शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ओझा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान स्व राजेन्द्र प्रसाद ओझा की संगठन के प्रति कार्यो की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह हमेशा शिक्षक हित में कार्य करते रहे। वक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक के प्रति शोक व्यक्त किया। सभा स्व इन्दू सिंह के निधन पर भी शोक श्रीमती व्यक्त किया गया। इस दौरान विनय सिंह, सत्य प्रकाश पाण्डेय, रामानंद मिश्र, अजीत कुमार, पंकज त्रिपाठी, राजेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## मजदूरी मांगने गए युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के वंशियारा गांव निवासी संतोष गौतम ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि सात जनवरी को सुबह करीब नौ बजे उसका भाई राधेश्याम गौतम गांव के ही सुशील पांडेय के घर मजदूरी मांगने गया था। सुशील ने मजदूरी देने से मना करते हुए गालियां दी। जब उसके भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने फावड़े से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद सुशील भाग निकला। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। संतोष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ जख्मी

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के चौवा का पुरवा लाटतारा गांव निवासी रामानंद विश्वकर्मा का 58 वर्षीय बेटा रामस्वरुप विश्वकर्मा कहीं जा रहा था। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजन घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

## पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**पटटी,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी के उ0नि0 ओमप्रकाश सिंह मय हमराह का0 सर्वेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0-19163ध्22 मु0अ0सं0-311ध्20 धारा- 147, 148, 149,323, 504, 506, 354ख, 324, 325, 452 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त वाल्मीक पुत्र भगौतीदीन निवासी ग्राम रायगढ़ थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- वाल्मीक पुत्र भगौतीदीन निवासी ग्राम रायगढ़ थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ ।

## हत्या के प्रयास का वांछित गिरफतार

**मान्धाता,प्रतापगढ़।** थाना मान्धाता पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त तनवीर पुत्र मो0 दाउद निवासी ग्राम मरखामई थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज को थाना मान्धाता क्षेत्रांतर्गत मझिगवां नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 212ध2023 धारा 307, 506, 34 भादवि पंजीकृत है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय क समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये-जिलाधिकारी

▶▶ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेªट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता पंचम लाल निवासी नरायनपुर दुल्लीचन्द्र का पुरवा ने शिकायत किया कि गाटा संख्या 540 प्रार्थी की भूमिधरी भूमि है इस भूमि में प्रार्थी के नये व पुराने वृक्ष बांसकोठी आदि स्थित है जिसके सम्बन्ध में न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन चल रहा है, इस मुकदमें में हल्का लेखपाल विवेक तिवारी व ग्राम प्रधान मक्खनलाल साहू को पक्षकार मुकदमा बनाया गया है किन्तु इसके बाद भी दोनो लोग मिल करके अधिकारी कर्मचारी को गुमराह करके न्यायालय के स्थगन आदेश का उल्लंघन करते हुये वादग्रस्त भूमि में निर्माण कार्य कर रहे है उसमें स्थित वृक्षादि, बांसकोठी काट रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लालगंज व एसएचओ लालगंज को निर्देशित किया है कि न्यायालय के स्थगनादेश का अनुपालन कराये। शिकायतकर्ता राम मनोहर निवासी ग्राम चन्दोका (लोहारन का पुरवा) ने शिकायत किया कि गांव के ग्राम प्रधान पति प्रदीप सिंह द्वारा दबंगई के बल पर हमारी सारी जमीन को जेसीबी से समतल करा के हमारे चारो तरफ से रास्त बन्द कर दिया है और जमीन को कब्जा करके दूसरो को दे दिया है, प्रार्थी को डरा धमका करके यहां से भगाना चाहता है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी एवं एसओ कोहड़ौर को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर शिकायत का निस्तारण करायें। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## जलवायु व ऊर्जा संकट पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जलवायु संकट और स्वच्छ ऊर्जा को लेकर लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान एवं पानी संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को अमावां में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए प्रधान हरकेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश में गंभीर होते जलवायु संकट तथा स्वच्छ ऊर्जा की समस्या से उबरना जरूरी हो गया है। जलवायु संकट से उबरने के लिए पर्यावरण संरक्षण प्रदूषण आदि पर सजग रहना होगा। वहीं सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे संयन्त्रों को स्थापित कर ऊर्जा के संकट को दूर किया जा सकता है। लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान के निदेशक निरंजन प्रकाश तिवारी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में मनुष्य बडे पैमाने पर पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहा है। उन्होनें जलवायु व ऊर्जा की समस्या पर जागरूक न होने पर भयावह खतरे के प्रति आगाह किया। पानी संस्थान के बैजनाथ, पंचायत सचिव विपिन सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर मीना, सुनीता, सरिता, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत व पुलिस ने हाईवे किनारे हुए अतिक्रमण को हटवाया, हडकंप



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाइवे किनारे बने अतिक्रमण की समस्या से निजात को लेकर गुरूवार को पुलिस ने नगर पंचायतकर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान व्यापारियों में हडकंप का माहौल बना दिखा। वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत लालगंज का मुख्य बाजार इलाका दिन भर अतिक्रमण व जाम की समस्या से जूझता नजर आता है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अभय रंजन व कोतवाल नीरज यादव की संयुक्त अगुवाई में अभियान चलाकर कस्बे मे हाईवे किनारे पटरियों पर बने अतिक्रमण को हटवाया गया। वहीं हाइवे किनारे सड़क पर बेतरतीव खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनो को लेकर भी पुलिस सख्त दिखी। इंदिरा चौक से लेकर संगम चौराहे तक चले अतिक्रमण अभियान को लेकर व्यापारियों मे हडकंप भी मचा दिखा। ईओ अभय रंजन ने बताया कि महाकुंभ को लेकर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। दोबारा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों पर कडी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है।

इस दौरान दरोगा दीपक यादव, अनिकेत दुबे, विकास तिवारी, रोहित मिश्र आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुत्रदा एकादशी के व्रत करने से होगी पुत्र की प्राप्ति - धर्माचार्य ओम प्रकाश पाडे



**प्रतापगढ़।** पुत्रदा एकादशी कल दिन शुक्रवार 10 जनवरी को है। धर्मराज युधिष्ठिर के पूछने पर भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि पौष मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी कहते हैं। समस्त कामनाओं तथा सिद्धियों के दाता भगवान नारायण इस तिथि के अधिदेवता है। पूर्व काल की बात है। भद्रावती पुरी में सुकेतुमान नाम के राजा राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम चंपा था। राजा को बहुत समय तक कोई पुत्र नहीं प्राप्त हुआ। इसलिए दोनों पति-पत्नी चिंतित रहते थे। राजा के पितर उनके दिए हुए जल को शोकोचछवास से गर्म करके पीते थे। राजा और उनकी पत्नी दोनों बहुत दुखी रहते थे। एक दिन राजा घोड़े पर सवार होकर गहन वन में गया। उसने किसी को कुछ बताया नहीं, जंगल में जाकर देखा कि एक उत्तम सरोवर के निकट बहुत से मुनि बैठे हुए हैं और जो आश्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं। राजा का उसी समय दाहिना नेत्र और दाहिना हाथ फड़कने लगा, सरोवर के तट पर मुनि वेद पाठ कर रहे थे। राजा ने उन सब को स्तवन किया तथा बार-बार दंडवत करके मुनियों से बोला हे मुनिवर श्रेष्ठ हम पर कृपा कीजिए। आप कौन हैं ? उन्होंने कहा कि हम लोग विश्वदेव हैं, यहां स्नान के लिए आए हैं। माघ मास निकट आया है।आज से पांचवे दिन माघ मास का स्नान प्रारंभ हो जाएगा। आज ही पुत्रदा नाम की एकादशी है, जो व्यक्ति इस एकादशी का व्रत करेगा उसको पुत्र प्राप्त होगा। राजा ने कहा हे विश्व देवगण यदि आप प्रसन्न हैं तो मुझे पुत्र दीजिए। राजा ने उस दिन एकादशी का व्रत किया और द्वादशी के दिन पारण करके मुनियों के चरणों में बारंबार मस्तक झुकाकर प्रणाम किया। तदंतर घर आने पर रानी ने गर्भ धारण किया और उसे एक उत्तम पुत्र की प्राप्ति हुई ।पुत्रदा एकादशी का जो व्रत करता है, वह इस लोक में मृत्यु पाने के पश्चात स्वर्गगामी होता है। इस महात्म्य को पढ़ने और सुनने से अग्निष्टोम यज्ञ का फल मिलता है। पुत्रदा एकादशी व्रत का पारण 11जनवरी को प्रातः 7-8 बजे तक होगा।

## नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष का किया गया अभिनंदन

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** पद मिलना बड़ी बात नहीं है, पदीय दायित्व का निर्वहन करके पार्टी की छवि जनता के बीच मजबूत करना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। यह बातें निर्वाचित मानिकपुर भाजपा मंडल के निर्वाचित मंडल अध्यक्ष राम मूरत पटेल का अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथि संतोष त्रिपाठी ने कही। ठाकुर प्रकाश सिंह ने भी विचार रखे। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, जिला प्रतिनिधि अरुणेश सोनकर बबलू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, राकेश मोदनवाल, अरविन्द शुक्ला, शैलेश शर्मा, योगेन्द्र मिश्र मौला, ओम प्रकाश दीक्षित, पंकज जायसवाल, राम नारायण आदि मौजूद रहे।

## ज्ञानप्रकाश शुक्ल पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के बनाए गए राष्ट्रीय प्रभारी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी चयनित किये जाने पर साहित्यकारो एवं पत्रकारों में प्रसन्नता जतायी है। लेखन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में जिले के लिए इस उपलब्धि की गुरूवार को यह जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकारो ने बैठक के जरिए कहा कि ज्ञानप्रकाश शुक्ल के पत्रकार उत्पीडन निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी चयनित होने से पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर महासंघ के अभियान को कारगर संघर्ष को मजबूत दिशा मिल सकेगी। बैठक में वक्ताओ ने ज्ञानप्रकाश के चयन के लिए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र व राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय के प्रति आभार भी जताया है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी व संचालन लालगंज तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। वहीं जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों ने भी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के चयन को लेखन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, डॉ. बच्चाबाबू वर्मा, आचार्य अनीस देहाती, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश, आदि रहे।

## चार पर एससीएसटी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व गालीगलौज तथा दलित उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रामगढ़ रैला पड़किया गांव निवासी सोमेश सरोज पुत्र रामदुलारे सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर छः जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे गांव के पिंटू सिंह पुत्र राजू सिंह व रामू सिंह पुत्र ददन सिंह तथा दो अज्ञात लोगों ने जातिसूचक गाली देते हुए घर में घुसकर मारापीट किया। बीचबचाव मे पहुंची पीडित की भतीजी व उसकी मां को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रोमांचक रहा किक्रेट सेमीफाइनल, आयुष इलेवन व जैनपुर इलेवन बनी विजेता

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अझारा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट का सेमी फाइनल मुकाबला रोमांच से भरा रहा। पहले सेमी फाइनल मुकाबले में निर्धारित दस ओवरो में आयुष इलेवन पूरे वंशी की टीम ने पांच विकेट खोकर एक सौ बारह रनों का स्कोर खड़ा किया। जबाब में हण्डौर इलेवन की टीम एक सौ दो रन ही हासिल कर सकी। आयुष इलेवन की टीम को विजेता घोषित किया गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल जैनपुर इलेवन व अझारा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें जैनपुर की टीम ने आठ विकेट खोकर सतासी रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रतिद्वंदी अझारा इलेवन की टीम अठहत्तर रन ही बना सकी। जैनपुर की टीम को विजेता घोषित किया गया। अम्पायर की



भूमिका गिरिजाकांत द्विवेदी व धीरू सरोज ने निभायी। इस मौके पर अजय मिश्र आशीष, विद्याशंकर मिश्र, राजू पाण्डेय, नितिन, प्रभाकर मिश्र, अंजनी मिश्र, ललित पाठक, प्रियम मिश्र आदि रहे।

## अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को 2 दिन की मोहलत, हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा बाजार में महाकुंभ के मद्देनज़र लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बाजारों व चौराहों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रशासन द्वारा शुरू कर दिया गया है। रानीगंज तहसील क्षेत्र में यह अभियान इन दिनों जोरों पर है। रानीगंज बाजार में अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन का जोर फतनपुर थाना क्षेत्र बाजारों की ओर चल पड़ा है। गाजी का बाग में भी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इसके बाद अब रामापुर,सुवंशा बाजार के दुकानदारों को भी हाईवे किनारे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार 9 जनवरी को सुवंशा बाजार में सीओ विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में रानीगंज थाना प्रभारी आदित्य सिंह, फ़तनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुकानदारों को हाईवे किनारे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन शनिवार तक की मोहलत दी गई है। शासन के आदेशानुसार नगर पंचायत सुवंशा बाजार कार्यालय की तरफ से अतिक्रमण हटाने के लिए अलाउंस किया गया। फिलहाल अतिक्रमण हटाने के इस अभियान से हर जगह हड़कंप मचा हुआ है।

## अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मामले मे पुलिस ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शिवलाल सिंह का पुरवा सराय नरायन सिंह निवासी महेश सरोज पुत्र रामलखन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस दिसंबर को दोपहर करीब साढे तीन बजे उसका भाई गुडडू लालगंज बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहा था। शम्भू का पुरवा असरही के पास अज्ञात पिकप वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल पीडित के भाई का लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान छः जनवरी को गुडडू की मौत हो गयी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिशन पति-पत्नी को पीटकर किया घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा फतूहाबाद गांव निवासी सरिता देवी पत्नी पप्पू सरोज गुरुवार को सामान लेने गांव के ही दुकान पर गई थी। सामान लेकर लौटते समय उसे गांव की ही एक महिला रंजिशन गालियां देने लगी। उसने विरोध किया तो उसी बीच उसके परिजन भी आ गए। सब लोग मिलकर उसे पीटने लगे। बीच-बचाव करने दौड़े सरिता के पति पप्पू को भी पीटा, जिससे पति- पत्नी दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को लेकर महेशगंज थाने पहुंचे तथा पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल कराने सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉ. शाहिद खान ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## शनिदेव मंदिर निर्माण को अनशन पर बैठे पुजारी




लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा के मवई बाईपास के पास स्थित शनिदेव मंदिर, सड़क चौड़ीकरण के दौरान 15 अक्तूबर को तोड़ दिया गया। मंदिर के पुजारी चामुंडा योगी महंत उर्फ हिमाकांत का आरोप है कि एनएचएआई के ठेकेदारो ने मंदिर तोड़ते समय कहा था कि दूसरे स्थान पर बनवा देंगे, लेकिन सड़क बनाने के बाद वह अपनी बात से मुकर गए। कई बार उन्होंने एनएचएआई और एसडीएम को मामले को लेकर लिखित शिकायती पत्र दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे वह आठ जनवरी को सुबह तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय के पास आमरण अनशन पर बैठे हैं। पुजारी हिमाकांत का कहना है कि जब तक मामले का निराकरण नहीं होगा वह अनशन पर बैठे रहेंगे। उन्होंने एसडीएम से तोड़े गए मंदिर का निर्माण एनएचएआई से कराने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

## मारपीट व जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोप में न्यायालय के आदेश पर एक पर मुकदमा

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के मामा साही का पुरवा निवासी संतलाल पुत्र सीताराम ने बताया कि उसने अपने खेत में सकरकंद बोई है साथ ही खेत के किनारे यूकेलिप्टस के पौधे लगा रखे है। संतलाल का आरोप है कि पड़ोस का एक व्यक्ति आएदिन अपने मवेशियों को खेत में छोड़कर फसल को नष्ट करा देता है। जिसका विरोध करने पर दबंग उसके साथ गाली गलौच व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी से की लेकिन पुलिस हीलाहवाली करती रही । जिसके बाद संतलाल ने न्यायालय की शरण ली जहां न्यायालय के आदेश पर कड़ा धाम पुलिस ने आरोपी विजय यादव के विरुद्ध मारपीट, धमकी, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग आदि की धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## रस्सी में फंसकर युवती की मौत, परिवार में मातम

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा का मजरा चंदेलन का पुरवा में बुधवार की देर शाम भैंस बाधते समय गले में रस्सी फंसने से घायल युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद घर में रोना पीटना मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के चंदेलन का पुरवा निवासी राम नरेश की तीन साल पहले बीमारी के चलते हुई मौत के बाद 22 वर्षीय पुत्री अंजली देवी भैंस पालन कर दूध बेचकर भरण पोषण करती थी। बुधवार की शाम अंजली देवी। खूटे से बधी भैंस को खोल कर घर के भीतर जा रही थी इस दौरान भैंस भड़क गई और उसके गले की रस्सी अंजलि के गले में फंस गई जिसकी वजह से वह काफी दूर तक की घिसट कर जख्मी हो गई। घरवालों ने घायल अवस्था में इलाज के लिए सैनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया इस दौरान रात को अंजली की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## अजुहा में लक्ष्य से पीछे चल रहा धान क्रय केंद्र

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत अजुहा के मंडी समिति परिसर में स्थित धान क्रय केंद्र में धान की खरीददारी कछुआ गति से चल रहा है। धान की खरीददारी के लिए धान क्रय केंद्र में चालीस हजार कुंतल का लक्ष्य रखा गया है। जिला में 31 पैक्सो का चयन किया गया है। धान की खरीददारी नवंबर में शुरू किया गया था जिसमें अब तक लगभग 459 किसानों से 25 हजार 320 कुंतल धान की खरीद हो सकी है। इस बाबत अजुहा आरएफसीएस केंद्र के एमआई प्रदीप पांडेय ने बताया कि धान खरीदी के लिए पल्लेदारी सहित 2320 रुपए का भुगतान किया जा रहा है , कुल 459 किसानों से 25 हजार 320 कुंतल धान की खरीदी की जा चुकी है एवं धान की खरीददारी जारी है। धान की खरीददारी में 40 किसानो का रजिस्ट्रेशन भी हो चुका है। जिनका धान आना बाकी है , जल्द ही लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

## भाइयों ने साथी संग चकरोड काटने के विरोध में युवक को पीटा

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में गुरुवार की सुबह दबंग भाइयों ने साथी संग चकरोड काटने के विरोध में घर पर चढ़कर युवक को डंडों से पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा थानाक्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी सैयद अहमद पुत्र मोहम्मद शफीक किसानी कर परिवार का भरण- पोषण करता है। उसने बताया कि गुरुवार की सुबह वह खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसने देखा कि सामने वाला किसान चकरोड को काटकर अपने खेत में मिला रहा है।उसने इसका विरोध किया और उसके न मानने पर वह घर लौट गया।कुछ देर के बाद वही अपने भाई और एक साथी के साथ उसके घर पहुंचा और उसी विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## महंत गुरु मुस्कान मौसी ने गरीबों को वितरित किए कम्बल



**चायल, (कौशाम्बी)।** । स्थानीय नगर पंचायत के नईम मियां का पूरा वार्ड में गुरुवार को महन्त गुरु मां मुस्कान मौसी ने अपने साथियों के साथ दौरा किया। उन्होंने गरीब,असहाय, निराश्रित और दिव्यांग महिलाओं व पुरुषों का हालचाल जाना। उन्होंने चार दर्जन जरूरतमंदों के बीच ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया।कम्बल पाकर सभी लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।महंत गुरु ने सुमित्रा देवी, कुंजीदेवी, रीता देवी, अनार कली ,सुनीता देवी ,राम संजीवन ,बेचूलाल और राम जियावन आदि को कम्बल दिया। इस मौके पर उनकी साथी आयशा महन्त, मोनिका महन्त, माही महन्त, कल्पना महन्त आदि मौजूद रहे।

## दो वारण्टी आरोपियों को पुलिस ने दबोचा




**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना पूरामुफ्ती से सम्बन्धित वारण्टी शनि निषाद निवासी कुरई थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनुराग सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी दिनेश निवासी कशिया पूरब थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना महेवाघाट से 01, थाना कोखराज से 02) कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# प्राप्त ऋण आवेदनों को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने का एडीएम ने दिया निर्देश

### ▶▶ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। अपर जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1460 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 20 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से कृषि विभाग के-02, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के-04, अग्निशमन विभाग के-01, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0 के-12 एवं बाटमाप विभाग के-01 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पोर्टल पर लम्बित प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये।

अपर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि ओ0डी0ओ0पी0, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत इच्छुक उद्यमी ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने कहा कि जो भी आवेदन निरस्त हुए हैं उन पर पुनः विचार करते हुए उद्यमियों से बात करते हुए अधूरी कमियों को पूरा करायें। उन्हांने उपायुक्त उद्योग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य जल्द पूरा करें व विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांश एवं उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण-जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

### अपर जिलाधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। अपर जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि व्यापार बन्धु एवं उद्योग बन्धु की बैठक को गम्भीरता से लिया जाय तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर निस्तारित कराया जाय तथा क्षेत्र भ्रमण कर भी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। पिछली बैठक में पूरब पश्चिम शरीरा मार्केट की नालियों की चटिया खराब है, जिसे दुरूस्त कराये जाने एवं सब्जी मण्डी में जलभराव की समस्या ठीक कराने की मॉग की गई थी, जिस पर ई0ओ0 पूरब पश्चिम शरीरा द्वारा बताया गया कि चटिया निर्माण के लिए आगणन तैयार कर लिया गया समस्त नालियों के ढकने एवं चटिया के निर्माण के लिए निकाय की अग्रिम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेंगा।

इसी प्रकार सब्जी मण्डी में जलभराव को रोकने के लिए नालियों की साफ-सफाई करा दी गई है तथा निचले मार्ग पर राबिस डालकर अस्थायी समाधान किया गया है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा हैं। पिछली बैठक में पूरब पश्चिम शरीरा में बने शवदाहग्रह में बाउड्रीवाल एवं इंटरलाकिंग कराने की मांग की गई थी, जिस पर बताया गया कि अवर अभियन्ता, नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा द्वारा आगणन तैयार कर लिया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द बोर्ड की बैठक कर अग्रिम कार्यवाही की जाय।

पिछली बैठक में ग्राम चंदवाहार सिराथू में सरकारी जमीन में खेल का मैदान बनाने की मांग की गई थी, जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिराथू द्वार अवगत कराया गया कि बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था, बोर्ड खेल मैदान की जमीन देने के लिए सहमत नहीं है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांश एवं उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारीगण तथा व्यापारीगण-जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

## चौथे दिन भी नहीं लगा पिता पुत्र का सुराग



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा धाम स्थित बाजार घाट में शुद्धि क्रिया के लिए परिवार के साथ गए भाई जयकृष्ण की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई थी जबकि पुत्र शिखर को गोताखोरों ने सुरक्षित बचा लिया था वही गंगा नदी में डूबे पिता पुत्र का हादसे के चौथे दिन भी गंगा की खाक छानती रही टीम लेकिन पिता पुत्र का कोई सुराग नहीं लग सका है , हालांकि गोताखोर चौथे दिन भी गंगा नदी में डूबे लोगों को पूरे दिन तलाशती रही वही परिजन पूरे दिन घाट किनारे अपनो को देखने के लिए टकटकी निगाह से इंतजार करते रहें।

कड़ाधाम थाना क्षेत्र के दारानगर निवासी रिटायर्ड फौजी जय जनार्दन मिश्रा रविवार को अपने पिता स्व मनमोहन मिश्रा के दसवां कर्मकांड के लिए अपने पुत्र ऋषभ व भाई जय कृष्ण मिश्रा एवं भतीजे शिखर मिश्रा के साथ कड़ा के बाजार घाट गए थे जहां गोताखोरों ने जयकृष्ण व शिखर को गंगा नदी से बाहर निकाल लिया था जिसमें जय कृष्ण की मौत हो गई थी वहीं शिखर सुरक्षित बच गया था लेकिन पिता जय जनार्दन व पुत्र ऋषभ का चौथे दिन भी गंगा नदी में सुराग नहीं लग सका है । गुरुवार को कस्बे के रहने वाले परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने एनडीआरएफ टीम और पुलिस के साथ मिलकर बचाव कार्य में मदद की, लेकिन अभी तक दोनों लोगों का पता नहीं लगाया जा सका है।

### ▶▶ भाजपा नेत्री दीपा ने गमगीन परिवार को बंधाया ढाढस

सिराथू, (कौशाम्बी)। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गंगा घाट में गुरुवार को भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव गंगा घाट पहुंची और हालात का जायजा लेते हुए गमगीन को सांत्वना देते हुए ढाढस बढ़ाया और बचाव कार्य में लगी एनडीआरएफ टीम के साथ मुलाकात किया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव ने प्रशासन से अपील की है कि वे बचाव कार्य में और अधिक संसाधनों का उपयोग करें ताकि दोनों लोगों का पता जल्द से जल्द लगाया जा सके।

### ▶▶ पथराई आंखों से मां गंगा से पिता के लौटने की करती रही मासूम बेटियां अरदास

सिराथू, (कौशाम्बी)। गंगा नदी में समाए पिता पुत्र के सुरक्षित लौटने के लिए चौथे दिन गंगा घाट में जय जनार्दन की पुत्रियां पथराई आंखों से पिता व भाई के लौटने का राह देखती रही और मां गंगा से नम आंखों से अरदास करती रही , ये नजारा देख आसपास मौजूद लोगो की भी आंखें भर आई।

## पंचतीर्थों का निर्माण करके भाजपा ने किया बाबा साहब का सम्मान- धर्मराज मौर्य



**कौशाम्बी।** विधानसभा मंझनपुर के सांगठनिक मण्डल कौशाम्बी में संविधान गौरव दिवस पर मण्डल कौशाम्बी की आयोजित कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सपनों को कांग्रेस द्वारा अपमानित किया गया कांग्रेस ने हमेशा से ही बाबा साहब का अपमान किया चाहे संविधान के साथ छेड़छाड़ की बात कहे चाहे उनको चुनाव हराने की बात कहें। ऐसे तमाम मौके पर कभी कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का अपमान करने में कोई कर कसर नहीं छोड़ा बाबा साहब का सम्मान भाजपा सरकार निरंतर कर रही हैं जैसा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंबेडकर पंचतीर्थ भारत में पांच महत्वपूर्ण स्थलों का समूह जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन और कार्यों से जुड़े हुए हैं। इन पंच तीर्थों का विकाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर किया गया है जो बाबा साहब के आदर्शों और सिद्धांतों को प्रसारित करने के लिए प्रतिबद्ध है ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष जगन्नाथ दिवाकर, महामंत्री मोहित त्रिपाठी आदि पार्टी कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहें।

## कौशाम्बी की बेटी ने नेशनल क्वालीफाई कर इंडियन टीम में ट्रायल के लिए बनाई जगह साक्षी की 10 वर्षों की मेहनत लाई रंग, क्षेत्र में खुशी का माहौल



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** जिले की एक बेटी ने नेशनल क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया है और जिले की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। जिनका इंडियन टीम में ट्रायल होने जा रहा है।विदित हो कि गत 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भोपाल में आयोजित हुई ओपन 67 वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रतिभाग किया था।जिसमें 10 मीटर की शूटिंग प्रतियोगिता को क्वालीफाई कर उन्होंने इंडियन टीम में ट्रायल के लिए जगह बना लिया है।

सिराथू तहसील के कड़ा ब्लॉक अंतर्गत दिलावलपुर गांव के रहने वाले शिव सूरत की बेटी साक्षी पिछले कई वर्षों से राइफल शूटिंग का अभ्यास कर रही थी। प्रारंभिक पढ़ाई के बाद उन्होंने प्रयागराज के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इलाहाबाद स्पोर्ट्स शूटिंग रेंज एकेडमी ज्वाइन कर अभ्यास करती रही। उनके कोच शिवम कुमार ने बताया कि साक्षी कक्षा 7 में जब पढ़ती थी तब से ही वह निरंतर अभ्यास कर रही है और स्कूल लेवल की कई प्रतियोगिताओं में उन्होंने प्रतिभाग कर कई पदक जीते हैं। साक्षी का निशान बचपन से ही अचूक व शानदार रहा और उन्हें उम्मीद है कि वह इंडियन टीम में खेल कर देश का नाम रौशन करेंगी।वहीं साक्षी ने यहां तक पहुंचने का श्रेय माता-पिता के साथ-साथ इलाहाबाद स्पोर्ट्स शूंटिंग रेंज एकेडमी और अपने कोच शिवम को दिया है।

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर




लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** विकास खंड नेवादा के रसूलपुर ब्यूर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिन बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य देवव्रत जी महराज ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। इस दौरान जीवंत झांकियां के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया पूरा पांडाल नंद के घर आंनद भयों जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गूंज उठा भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे सुंदर भजनों के साथ कथा श्रवण करने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ रही इस मार्मिक प्रसंग को आत्मसात करने के लिए भक्त देर तक भाक्ति के सागर में गोते लगाते रहे और कथा व्यास ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य आयोजक दयानिधि तिवारी ने भागवत भगवान् की आरती की और प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर पं राम आसरे तिवारी राकेश तिवारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## कालेज की संस्थापक की प्रतिमा अनावरण में उपस्थिति रहेंगे समस्त कार्मिक

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शहजादपुर में स्थित श्री रणजीत पंडित इंटर कालेज व शमशाबाद में स्थित फिरोज गांधी इंटर कालेज की संस्थापिका पूर्व सांसद स्व. कमला बहुगुणा की जन्मशताब्दी के अवसर पर शुक्रवार को उनकी कांस्य प्रतिमा का अनावरण उनके निवास प्रयागराज में सर्किट हाउस के निकट बहुगुणा मार्केट में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा स्थापित दोनों स्कूलों के समस्त कार्मिक कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उक्त आशय की जानकारी श्री रणजीत पंडित इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने दी है।

## टेम्पो टैक्सी चालकों ने सैनी में एसडीएम को ज्ञापन सौंप पार्किंग की किया मांग



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कस्बे में टेम्पो टैक्सी आदि वाहनों की पार्किंग न होने की वजह से सैनी चौराहा पर आएदिन अतिक्रमण का माहौल रहता है , जिसको लेकर स्थानीय पुलिस आएदिन वाहनों का चालान कर देती है। ड्राइवर क्लीनर ट्रांसपोर्ट श्रमिक कल्याण समिति के अध्यक्ष में नेतृत्व में वाहन चालकों ने एसडीएम सिराथू को ज्ञापन देकर सैनी में वाहन पार्किंग की मांग किया है।

ड्राइवर क्लीनर ट्रांसपोर्ट श्रमिक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों वाहन चालकों ने एसडीएम सिराथू को ज्ञापन देकर बताया कि सैनी से प्रतिदिन सैकड़ों की तादात में टेम्पो, टैक्सी , अल्फा आदि चालक सवारियों को सिराथू, अजुहा, कड़ा धाम, देवीगंज , मंझनपुर , मूरतगंज आदि के लिए उचित किराए पर सेवा करते है। लेकिन सैनी कस्बे में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण चालकों को परेशानी होती है , पार्किंग न होने के कारण सड़क किनारे वाहनों को खड़ा करने की वजह से पुलिस द्वारा चालान भी कर दिया जाता है साथ ही सड़क किनारे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। यूनियन के अध्यक्ष ने बताया कि टेम्पो, टैक्सी अल्फा चालक गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण करते है। उन्होंने एसडीएम सिराथू से सैनी में वाहन खड़ा करने हेतु पार्किंग की मांग की है । इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू के साथ चंदन कुमार , कैलाश , संतलाल , अन्नू पटेल , मो आमिल , मंदीप कुमार , राम लखन सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद रहें।

## कमरे से पांच बड़े सुअर चोरों ने किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

**महगांव, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोईनुद्दीन पुर गांव में बुधवार की रात कमरे के अंदर बंद सुअरों को चोरों ने पार कर दिया। सुबह जानवरों को न देख मालिक के होश उड़ गये।उसने जानवरों की खोजबीन की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

मलाक मोईनुद्दीन पुर गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र भैयालाल सुअर पालक है। उसके अनुसार वह अपने मवेशियों को कमरे के अंदर बंद करता है। बुधवार की रात वह अपने 16 सुअरों को वहीं बंद कर घर के अंदर सोने चला गया। इसी दौरान चोरों ने उसके पांच बड़े सुअरों को पार कर दिया।सुबह उन सुअरों को न देख उसके होश उड़ गए। उसने तमाम जगह जानवरों की तलाश की मगर उनका कहीं सुराग नहीं लगा।इससे निराश होकर भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## वीबीपी स्कूल में बच्चों को मिशन शक्ति और मिशन साइबर से किया गया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के प्रांगण में गुरुवार को मिशन शक्ति और मिशन जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बालक-बालिकाओं को सुरक्षा के कुछ टिप्स दिए। जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया किस तरह से हमारे आसपास के लोग ही हमारे साथ विश्वासघात करते हैं। उनसे हमें सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वासघात हमें वही से मिलता है, जहाँ पर हमें लोगों से विश्वास होता है। इसलिए बालिकाओं को इस संदर्भ में हमेशा जागरूक और सचेत रहना चाहिए। अपनी किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर उपलब्ध कराए। वहीं साइबर क्राइम के संदर्भ में संदीपन घाट थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम के संदर्भ में बताया कि किस तरह से साइबर अपराधी लोगों को आई ई और तकनीकी चालाकियों से बेवकूफ बनाते हैं और उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। उन्होंने बच्चों से इस संदर्भ में जागरूक रहने के लिए कहा कि वे अपने माता-पिता को बताएं कि हमें साइबर फ्राड की अवस्था में उन पर तत्काल विश्वास नहीं कर लेना चाहिए। अनजान नंबर पर विश्वास न करें, बल्कि उस नंबर से कटकर सबसे पहले विद्यालय या जहां पर हमारे होने की संभावना हो उसे पता करें। उन्होंने कहा साइबर सुरक्षा तभी संभव है जब आप सबको जागरूक करेंगे।इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रीति मिश्रा ने कहा कि हमें अपने कार्यों के द्वारा ही अपने होने की पुष्टि करनी चाहिए। बच्चों को हमेशा सजग रहना है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, आर पी ओझा, अतुल पाण्डेय, अनुराग, रंजीत, मनीषा मैम, रिंकू, सदफ माया सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# बीमा कवरेज से लोग वंचित

विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया।भारत में वैसे भी आबादी का बेहद छोटा हिस्सा बीमा कवरेज में रहा है। समय गुजरने के साथ इस कवरेज का साया सिकुड़ता ही जा रहा है। बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की 2023-24 के बारे में जारी ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि उपरोक्त वित्त वर्ष में बीमा कवरेज में 3.7 फीसदी गिरावट आई। यानी इसके पहले वाले वित्त वर्ष में जिन लोगों ने बीमा करा रखा था, उनमें 3.7 प्रतिशत इसकी सुरक्षा से बाहर हो गए।इसके बाद देश की सिर्फ 2.8 फीसदी आबादी बीमा कवरेज में रह गई है। जानकारों के मुताबिक इसका कारण प्रीमियम दरों में हुई असाधारण बढ़ोतरी है। आम तजुर्बा है कि कोरोना काल के बाद चाहे जीवन बीमा हो या मेडिकल बीमा- उनकी प्रीमियम रकम में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2022-23 में जीवन बीमा कंपनियों ने प्रीमियम में छह प्रतिशत बढ़ोतरी की। तो जाहिर है, जो लोग और ऊंची प्रीमियम चुकाने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने अपनी पॉलिसी बीच में ही छोड़ दी। जबकि 2022-23 में भी उसके पहले वाले वित्त साल की तुलना में बीमा कवरेज घटा था। विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। इस तरह प्रीमियम से जीवन बीमा कंपनियों की आय में 6.06 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये रकम 8.30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई।चूंकि हर प्रीमियम पर सरकार भी 18 फीसदी जीएसी वसूलती है, इसलिए प्रीमियम बढने के साथ सरकार की टैक्स वसूली भी बढ़ती जाती है। तो कंपनियां और सरकार दोनों फायदे में हैं। नुकसान में सिर्फ उपभोक्ता हैं। जिस देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पहले से अभाव हो और स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र के हाथ में जा रही हों, वहां बीमा कवरेज से लोगों का वंचित होना कितनी बड़ी चिंता की बात है, आसानी से समझा जा सकता है। मगर नीति निर्माता इसे समझने को तैयार हैं, इसके कोई संकेत नहीं हैं।




# योगी आदित्यनाथ की असली परीक्षा मिल्कीपुर (अयोध्या) के उप चुनाव में होनी है



**अशोक भाटिया**

2024 के लोकसभा चुनाव में अयोध्या लोकसभा सीट भाजपा के हाथ से निकल जाने का जितना मलाल पार्टी को रहा , उससे ज्यादा ये लोगों के बीच चर्चा का मुद्दा बना हुआ रहा । सोशल मीडिया पर लगातार इस बारे में कोई न कोई कमेंट या बहस देखने को मिलती रही है। लोग तरह तरह की बातें करते रहे हैं। राम मंदिर बना दिया गया। सालों से तंबू में रखे गए भगवान राम को भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। फैजाबाद जिले का नाम अयोध्या कर दिया गया। मंडल भी अयोध्या बना दिया गया। फैजाबाद रेलवे स्टेशन अयोध्या छावनी बना दिया गया। अयोध्या स्टेशन पर यात्रियों के ठहरने के बेहतरीन इंतजाम किए गए। अयोध्या शहर का कायाकल्प भी किया गया। चौक चौराहे सजाए गए। छोटी मोटी दुकानों को तोड़, सलीके से व्यावसायिक कांप्लेक्स तमीर कर दिए गए। मंदिर बनने के बाद रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु भी अयोध्या आने लगे। शहर के आस पास बहुत सारे ओयो रूम और दूसरे होटल भी खुल गए। फिर भी आने वालों को जगह मिलने में दिक्कतें आ रही थी। उनकी संख्या जो इतनी ज्यादा थी कि सबके लिए व्यवस्था हो पाना कठिन था। इस सब से लोगों में खुशी थी। साफ दिख रहा है कि देश भर में अयोध्या जी और भगवान राम के प्रति श्रद्धा है।लेकिन मूल बात है कि अयोध्या के लोगों को मंदिर की व्यवस्था से परेशानियों से जूझना पड़ रहा था ।मंदिर में दर्शन की बात की जाय तो चुनाव तक मंदिर में लगातार वीआईपी दर्शनार्थियों का आना लगा रहा। इस दौरान प्रशासन सुरक्षा के नाम पर ऐसा इंतजाम करता रहा कि लोगों का मंदिर के आस पास जाना दूभर हो जाता था। कहा जा सकता है कि दिक्कतों के कारण बहुसे अयोध्या ङ्क फैजाबाद के लोग मंदिर दर्शन करने जा ही नहीं सके। मंदिर के आस पास जो भी स्कूल और अस्पताल वगैरह है वहां जाने आने में रोज लोगों को मुसीबतों से दो चार होना पड़ा । बताया जा रहा है कि बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान एक दिन ऐसा भी आया जब किसी बहुत महत्वपूर्ण राजनेता के आने के कारण बच्चों को परीक्षा देने जाने में भारी मुसीबत हो गई थी। लग रहा था कि उनकी परीक्षा ही छूट जाएगी। इलाके के लोगों ने डीएम से संपर्क किया और तब किसी तरह बच्चे परीक्षा में शामिल हो पाए। याद रखने की जरुरत है कि अलग अलग राज्यों के विधायक झुंड बना कर दर्शन के लिए चुनाव तक पहुंचते रहे थे । उत्तरप्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष भी सारे विधायकों को लेकर श्रीराम के दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसके साथ ही भूमि अधिग्रहण के दौरान मंदिर के आस पास की दुकानों को तोड़ कर हटाया गया। ये लोकल लोगों में नाराजगी का एक बड़ा सबब बना। क्योंकि जिन्हें विस्थापित किया गया, उन्हें कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स में महंगी कीमतों पर दुकाने खरीदने को मजबूर होना पड़ा। मंदिर चाहिए तो भोजन भी। भोजन यानी रोजगार।पर अब बताया जाता है कि इन सब समस्याओं को दूर कर दिया गया है यानी अब व्यवस्था भी सुधर गई है व रोजगार के अवसर भी ।



अब इस लोकसभा सीट के अन्तरगत आने वाली विधानसभा सीट मिल्कीपुर पर उपचुनाव होने जा रहा है । मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ होने जा रहा है । मुकाबला सपा और भाजपा के बीच ही होगा। मिल्कीपुर सीट लगातार सपा ही जीतती रही है। पिछली बार समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने यह सीट जीती थी। लोकसभा चुनाव में सपा ने अवधेश प्रसाद को ही अयोध्या से उतार दिया। अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की और मिल्कीपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। अवधेश प्रसाद के अयोध्या की लोकसभा सीट जीतने और भाजपा के हारने से पूरे देश में यह सीट चर्चा का विषय बन गई। सपा ने भी इसे खूब भुनाया भी। अवधेश प्रसाद को अखिलेश ने लोकसभा में अपने साथ सबसे आगे बैठाया। यही नहीं मिल्कीपुर सीट से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी भी घोषित कर दिया था।लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में मिल्कीपुर समेत कुल 10 सीटें रिक्त हुई थीं। महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के ऐलान के साथ ही यूपी की दस में से नौ सीटों पर उपचुनाव का ऐलान हुआ लेकिन मिल्कीपुर का चुनाव टाल दिया गया। 10 में से 9 सीटों पर नवंबर 2024 में उपचुनाव हुए थे जिसमें भाजपा और इसकी सहयोगी आरएलडी ने 7 सीटें जीती थीं, जबकि सपा के खाते में दो सीटें आई थीं।

सपा नेता अवधेश प्रसाद के 2024 में लोकसभा में जाने से मिल्कीपुर विधानसभा सीट खाली हुई। साल 2022 में अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की थी। भाजपा अयोध्या में हुए नुकसान की भरपाई करने की चुनौती का सामना कर रही है और उसने योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में शीर्ष नेताओं को प्रचार में उतारने की तैयारी की है।

अयोध्या में भाजपा के प्रवक्ता रजनीश सिंह ने बताया कि मिल्कीपुर का उपचुनाव, हार का बदला लेने का मैदान होगा। सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री स्वयं इस चुनाव का प्रबंधन कर रहे हैं, इसलिए हारने का कोई सवाल नहीं है। दूसरी ओर, सपा कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है। अयोध्या में सपा के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा ,'' यह सही है कि हम सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। भाजपा ने इस उपचुनाव को जीतने के लिए पूरा सरकारी तंत्र लगा दिया है लेकिन मिल्कीपुर के लोग हमारे साथ हैं।

हम अंतिम सीमा तक मेहनत से लड़ेंगे और निश्चित तौर पर यह सीट जीतेंगे।''भाजपा सूत्रों ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में भाजपा के प्रचार की देखरेख के लिए मंत्री सूर्य प्रताप साही की अगुवाई में छह मंत्रियों को लगाया है।इनमें जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौड़, आयुष मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और सतीश शर्मा शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी प्रचार अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे।इसमें कोई शक नहीं कि पिछले दस वर्षों में अयोध्या का अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश के सभी हिस्सों से जोड़ने वाली ट्रेनें, भव्य रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा पर अयोध्या के स्थानीय निवासियों को उनकी जमीनों का मुआवजा देने में भी राज्य सरकार ने भेदभाव किया। सरकार ने विकास कार्यों के लिए जमीन अधिगृहीत की किंतु बदले में किसी को अधिक पैसे मिले किसी को कम। फैजाबाद के भाजपा सांसद लल्लू सिंह और भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जनता की गुहार नहीं सुनी। नतीजा यह हुआ कि लोगों को सपा के विधायक अवधेश प्रसाद पसंद आए, जो लोकसभा जीतने के पहले वे मिल्कीपुर (सुरक्षित) से विधायक थे। सपा ने यहां एक बड़ा प्रयोग किया। सामान्य श्रेणी की इस सीट से दलित समुदाय (पासी) के अवधेश प्रसाद को लड़ाया और वे जीत गए। इस तरह अयोध्या में लल्लू हारे और अवधेश जीते। अवधेश शब्द राजा राम का पर्यायवाची है।कांग्रेस-सपा के जिस गठबंधन को 2017 में नहीं चल पाया था, वह गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में जमकर वोट बटोरे थे । उत्तर प्रदेश के जानकारों के मुताबिक इस चुनाव में मुस्लिम वोट ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया। संविधान और आरक्षण बचाने के मुद्दे को हवा देकर इंडिया गठबंधन ने भाजपा के कोर हिंदू वोट बैंक को भी बांट दिया। अब इंडिया गठबंधन में दरार पड़ चुकी है । दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो यह दरार और चौड़ी हो गई है । अब चूँकि सपा ने हाल में किसी भी चुनाव में कांग्रेस का सपोर्ट नहीं किया है व दिल्ली चुनाव में वह कांग्रेस का सपोर्ट न कर आम आदमी पार्टी का सपोर्ट कर रहीं है तो उत्तर प्रदेश उपचुनाव में कांग्रेस का साथ भी नहीं मिलेगा

**।वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# ई-कॉमर्स बनाम पारंपरिक किराना दुकानें

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

भारत में पारंपरिक किराना दुकानें समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही हैं। ये दुकानें न केवल रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति का साधन थीं, बल्कि स्थानीय समुदायों को जोड़ने वाली एक अमूल्य कड़ी भी थीं। ग्राहकों और विक्रेताओं के बीच बनने वाले आत्मीय संबंध विश्वास, अपनत्व और भरोसे की नींव पर टिका करते थे। लेकिन, आधुनिक युग की डिजिटल क्रांति, विशाल रिटेल श्रृंखलाओं के उभार, और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों की अप्रत्याशित लोकप्रियता ने इन पारंपरिक दुकानों के अस्तित्व को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। बदलते व्यापारिक परिदृश्य में छोटे दुकानदार अपनी पहचान बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।भारत जैसे सांस्कृतिक और आर्थिक विविधता से भरपूर देश में, जहां जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग पारंपरिक खरीदारी के तरीकों पर निर्भर है, वहां इन दुकानों का बंद होना एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच किराना दुकानों की संख्या में 15-20 प्रतिशत तक की चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई है। डिजिटल युग की तेज़ी ने खरीदारी के तौर-तरीकों को बदल दिया है। फ्लिपकार्ट, अमेज़न और बिगबास्केट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को उनकी सुविधा के अनुसार उत्पाद उपलब्ध कराकर बाजार पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर चुके हैं। यह बदलाव शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट है, लेकिन इसकी परछाई अब ग्रामीण इलाकों में भी पड़ने लगी है, जहां पारंपरिक दुकानों की मौजूदगी अब अस्थिर हो रही है।इस चुनौती के कई कारण हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण ई-कॉमर्स और ऑनलाइन शॉपिंग का तेजी से बढ़ता प्रभाव है। डिजिटल क्रांति ने उपभोक्ताओं की आदतों को पूरी तरह बदल दिया है। लोग अब घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से खरीदारी करना पसंद करते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म न केवल उत्पादों पर आकर्षक छूट देते हैं, बल्कि होम डिलीवरी और भुगतान के विभिन्न विकल्पों के जरिए ग्राहकों की जीवनशैली को सरल बना देते हैं। इसके अलावा, बड़े सुपरमार्केट और रिटेल चेन, जैसे डी-मार्ट, रिलायंस फ्रेश और बिग बाजार, ने ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विभिन्न उत्पादों की सुविधा प्रदान कर उन्हें आकर्षित किया है।

महंगाई और बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी इस समस्या को गहराई देती है। छोटे दुकानदार थोक कीमतों में बढ़ोतरी और बड़ी कंपनियों के दबदबे के कारण संघर्ष कर रहे हैं। बड़े ब्रांड अपने उत्पाद अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेचते हैं, जिससे छोटे व्यापारी कीमतों में बराबरी करने में असमर्थ रहते हैं। साथ ही, छोटे दुकानदारों में डिजिटल तकनीक और जागरूकता की कमी उनकी समस्या को और गंभीर बना देती है। वे न तो डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने में सक्षम होते हैं, और न ही ऑनलाइन मार्केटिंग और सोशल मीडिया जैसे साधनों की ताकत का फायदा उठा पाते हैं। यह तकनीकी अंतर उनके व्यापार को और सीमित कर देता है और उन्हें आधुनिक प्रतिस्पर्धा में पीछे छोड़ देता है।इन चुनौतियों का प्रभाव गहरा है। किराना दुकानों के बंद होने का असर रोजगार पर पड़ता है। ये दुकानें छोटे दुकानदारों और उनके कर्मचारियों के लिए जीवनयापन का प्रमुख साधन थीं। इनके बंद होने से न केवल दुकानदार, बल्कि उनके साथ जुड़े श्रमिक भी बेरोजगारी के संकट का सामना कर रहे हैं। साथ ही, स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। छोटे दुकानदारों का व्यापार ठप होने से स्थानीय बाजार कमजोर हो रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है। सामाजिक दृष्टि से देखें तो किराना दुकानों का बंद होना केवल आर्थिक मसला नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक समस्या भी बन चुकी है। ये दुकानें समुदायों के बीच आपसी संवाद और जुड़ाव का केंद्र थीं। मोहल्लों में किराना दुकानों के माध्यम से न केवल सामान की खरीद-बिक्री होती थी, बल्कि लोगों के बीच सामाजिक संबंध भी मजबूत होते थे। इन दुकानों के बंद होने से सामाजिक ताने-बाने पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।इस चुनौती के समाधान हेतु कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है डिजिटल युग का हिस्सा बनना।

छोटे दुकानदारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटिंग के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उन्हें यह सिखाना आवश्यक है कि वे अपनी दुकानों को ऑनलाइन पंजीकृत करें और डिजिटल भुगतान प्रणालियों का उपयोग करें। इससे न केवल उनके ग्राहकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि उनके व्यवसाय के नए अवसर भी खुलेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है सहयोगी मॉडल को अपनाना। छोटे दुकानदार बड़े रिटेल चेन और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कई सुपरमार्केट छोटे दुकानदारों को अपने उत्पादों का वितरण केंद्र बनने का अवसर प्रदान करते हैं। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा, बल्कि उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंच भी उपलब्ध कराएगा।सरकार को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

छोटे दुकानदारों के लिए विशेष योजनाओं और सब्सिडी का प्रावधान करना आवश्यक है। उन्हें सस्ती ऋण योजनाएं और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे अपने व्यापार को आधुनिक तकनीकों के साथ समन्वित कर सकें। इसके अतिरिक्त, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाए जा सकते हैं, जिससे छोटे दुकानदार अपने स्थानीय उत्पादों को प्रमुखता देकर ग्राहकों को आकर्षित कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और भी गहरी है। यहां, जहां ई-कॉमर्स और बड़े रिटेल स्टोर्स की पहुंच सीमित थी, अब उनका प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए किराना दुकानों का महत्व अत्यधिक है, क्योंकि अन्य रोजगार के विकल्प वहां सीमित हैं। इन क्षेत्रों में छोटे दुकानदारों को डिजिटल जागरूकता के साथ-साथ उत्पादों की विविधता पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा।इस परिदृश्य में उपभोक्ता व्यवहार में आया परिवर्तन एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है। पहले उपभोक्ता व्यक्तिगत सेवा और विश्वास को प्राथमिकता देते थे, परंतु अब वे बेहतर कीमत, उत्पादों की विविधता और घर पर डिलीवरी जैसी सुविधाओं की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। छोटे दुकानदारों के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वे अपनी विशिष्टताओं को बनाए रखें। व्यक्तिगत संबंध और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे बड़े ब्रांड या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म आसानी से नहीं दोहरा सकते। यदि सही दिशा में कदम उठाए गए, तो यह समस्या केवल चुनौती नहीं रहेगी, बल्कि छोटे दुकानदारों के लिए नए अवसरों का द्वार भी खोल सकती है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए

हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए
बिंदिया की चमक चेहरे का भी नूर हो गए।
कल तलक जो था आज मैं वो रह नहीं सका
अपने ही कितने रिश्तों से हम दूर हो गए।
हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए।
कल तलक मेरी मां ही मेरी सांझ - सुबह थी
कल तलक मेरी खुशियों की वो असली वजह थी।
पर हाय! कि मां से ही हम दूर हो गए
दूर नहीं शायद मजबूर हो गए।
हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए।
कल तलक पिताजी मेरे वृक्ष घने थे
उनकी छांव में हम पले - बढ़े थे।
पर हाय! कि वो छांव अब राश ना आए
पर्वत से भी ऊंचे थे वो अब धूल हो गए।
हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए।
खेला था जिनके साथ वो मेरे बहन - भाई थे
सच कहूं तो अब तक वो मेरे सांई थे।
पर हाय कि अब उनसे भी बनती नहीं मेरी
मेरे हलक में चुभने वाले वो शूल हो गए।
हम भी किसी की मांग का सिंदूर हो गए
बिंदिया की चमक चेहरे का भी नूर हो गए।



**प्रभंजन त्रिपाठी**
**सिकंदरा, प्रयागराज**

### पूजा दुर्गा मातु की

पूजा दुर्गा मातु की, देती हर्ष अपार।
धन यश वैभव सब मिले, मिलता जीवन सार।
मिलता जीवन सार, सोच है बनती उत्तम।
बढ़े सकल ही शक्ति, जीत मिलती है हरदम।
कहता कविवर ओम, कर्म तजकर हर दूजा।
करो मातु का ध्यान, भाव से करके पूजा।।
उत्तम सुंदर भाव से,करें मातु का ध्यान।
मातु शारदे की कृपा,शोभित रहे विधान।
शोभित रहे विधान,सोच उत्तम बन जाती।
धर्म कर्म के संग,सुमति है उर को भाती।
कहता कविवर ओम,भक्ति पावन हो हरदम।
रखें मातु निज भक्त,समय का हर पल उत्तम।।



**ओम प्रकाश श्रीवास्तव**
**शिक्षक व साहित्यकार**
**तिलसहरी, कानपुर नगर**

### जन जन बनें विवेकानंद

वह अद्भुत, अदम्य, परम ज्ञानी
जिसका लोहा दुनिया मानी
युवा शक्ति के बने प्रणेता
आध्यात्मिकता में रहे विजेता
गुरु का इतना मान किया
मिशन रामकृष्ण का न्यास किया
दिया सबको ऐसा दुर्लभ ज्ञान
सदा सच को कहा सर्व प्रधान
विपदा गर जीवन में कोई नहीं
जीवन शैली में है कमी कहीं
जो करें क्षीण तन, मन ,बुद्धि
तजने में उसे है समृद्धि
जब तक सांसों की सरगम है
तुझे सीखना हर दम है
चैतन्य रहो और थको नहीं
मंजिल से पहले रुको नहीं
करें आत्म बल को स्वच्छंद
जन-जन बनें विवेकानंद।



**संध्या**
**कानपुर**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। |
| वृष | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा, इससे आपका उत्साह बढेगा। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा । |
| कर्क | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। |
| सिंह | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। |
| तुला | आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे। |
| वश्चिक | आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा। |
| धनु | आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है, आपका रुतबा बढ़ेगा। |
| मकर | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बने रहने से खुशियां बढ़ेंगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त- दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी। |

# मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और हड्डी के डाक्टर कार्यमुक्त

## ▶▶ प्रयागराज के उप प्राचार्य को मिला चार्ज, सचिन की संबद्धता रद्द

लोकमित्र से

**प्रतापगढ़।** डॉक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव को कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉक्टर वीके पांडे को अग्रिम आदेश तक यहां का प्राचार्य बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ कॉलेज के ही अस्थि विभाग के चर्चित सर्जन डॉक्टर सचिन कुमार की संबद्धता को रद्द करते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर में योगदान देने का फ़रमान शासन ने जारी किया है। प्रिंसिपल और डॉक्टर दोनों का एक साथ जिले से जाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। वहीं इससे मेडिकल





कॉलेज से लेकर जिला अस्पताल तक खलबली मची हुई है। लोगों का कहना है कि शासन में हुई शिकायतों के आधार पर डॉक्टर सचिन कुमार की संबद्धता शासन से समाप्त हुई है। हालांकि लोगों का यह भी कहना है कि जब से उन्होंने राजा प्रताप बहादुर अस्पताल चार्ज लिया जटिल ऑपरेशन शुरू हो गए थे। मरीजों को काफी राहत थी। उन्हें गैर जिले के मेडिकल कालेज में चक्कर लगाने नहीं पड़ते थे और बेकार की भागदौड़ से निजात मिल जाती थी। अब मरीजों को वैसी सुविधा मिल पाएगी या नहीं इसको लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। वहीं प्राचार्य डॉक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव के पास यहां का अतिरिक्त चार्ज था। वे इस समय सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य हैं। उनकी यहां से जाने की इच्छा पहले से ही थी। सचिन को शासन ने ही अंबेडकरनगर से प्रतापगढ़ संबद्ध किया था। जिससे कि सर्जरी की स्थिति में सुधार हो सके। पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि शासन ने उनकी संबद्धता ही रद्द कर दी है। फिलहाल दोनों चिकित्सकों का शासनादेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। इस बारे में प्राचार्य डॉक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि फिलहाल उनका और डाक्टर सचिन का कार्यमुक्त का आर्डर हुआ है।

## हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना बाघराय पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास, एससीध् एसटी एक्ट से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त 01 अदद फावडा बरामद किया।अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बाघराय श्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 अमित द्विवेदी मय हमराह का0 अंशु प्रजापति द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत एससी एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सुशील पुत्र अशोक पाण्डेय निवासी ग्राम वंशियारा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र बाघराय के हनुमान चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के निशांदेही पर घटना मे प्रयुक्त 01 अदद फावडा बरामद किया गया ।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मिलती है पाप से मुक्ति- आचार्य अंकित जी महाराज

## ▶▶ श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पांडाल

लोकमित्र ब्यूरो

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। सांगीपुर स्थित लीलाधाम माता मंदिर लखहरा मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के चौथे दिवस पर आचार्य अंकित जी महाराज ने यह बातें कही। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।कथा व्यास आचार्य अंकित जी महाराज ने बताया कि



जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा के दौरान जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रदुम करके भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। कथा के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोकधर दुबे, जिला महासचिव युवा कांग्रेस चंदन पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी प्रमुख रामकृष्ण मिश्र %नन्हे% सहित कई लोगों ने पहुंचकर व्यासपीठ का पूजन करके महाराज का आशीर्वाद लिया।

# हनुमान जी की जन्मभूमि किष्किंधा से रथ यात्रा का आगमन 10 को, होगा भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पूर्व संध्या पर पूज्य स्वामी गोविंदानंद सरस्वती जी महाराज का पावन आगमन प्रतापगढ़ की अधिष्ठात्री देवी माँ बेल्हा देवी मंदिर परिसर में हो रहा है7 सभी श्रद्धालु श्री राम भक्तों से आग्रह है कि कृपया समय से उपस्थित होकर पूज्य स्वामी जी के साथ चल रहे रथ में स्थित श्री हनुमान जी की आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें 7यह रथ यात्रा किष्किंधा से आरंभ होकर विभिन्न पावन तीर्थ से होते हुए संभल, मथुरा, अयोध्या से होकर प्रयागराज जा रही है

हम सभी का परम सौभाग्य है कि श्री हनुमान जी की जन्मस्थली से आरंभ हुई रथ यात्रा का दर्शन ,पूजन करने के साथ-साथ पूज्य स्वामी गोविंदानंद सरस्वती जी महाराज का स्वागत सत्कार करने का परम पुनीत अवसर हम सभी को प्राप्त हो रहा है। इस दौरान कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को सायं 4 बजे रथ यात्रा का माँ बेल्हा देवी धाम पर स्वागत , आरती, दर्शन, पूजन होगा। इसके बाद 11 जनवरी को प्रातः 9ः00 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर माँ बेल्हा देवी धाम परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती तथा .प्रातः10 बजे माँ बेल्हा देवी मंदिर से यात्रा का प्रयागराज के लिए प्रस्थान होगा 7 मंदिर परिसर से आरंभ होकर जनपद की सीमा तक विभिन्न स्थानों( सदर चौराहा, भरत चौक, बाबागंज, विवेकानंद चौराहा, भँगवा चुंगी,जोगापुर, भुपियामऊ एवं देल्हूपुर में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम के

आयोजक डॉ सौरभ पांडेय एवं संयोजक ज्योतिषाचार्य आलोक ऋषिवंश हैं।

## पुण्यतिथि पर महंत सतीश चन्द्र शुक्ला को दी गई श्रद्धांजलि



**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के पूरे खांडेय गांव निवासी व बाघराय के ही ग्रामसभा पुवासी स्थित मां चामुण्डा देवी धाम के महंत रहे सतीश चन्द्र शुक्ला बकरुआ महराज को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बताते चलें कि सतीश चन्द्र शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 स्थित वेदांत देशिक सेवा संस्थान में जगद्गुरु स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में भंडारे का आयोजन करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आचार्य अमर मिश्रा,आचार्य, बादल शुक्ला,मिथलेश मिश्रा,सुंदरम शुक्ला,आदर्श मिश्रा,प्रभाकर तिवारी,अनुपम शुक्ला,पिंटू मिश्रा,लवकुश मिश्रा,आकाश शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## 2 देशी रिवाल्वर के साथ बाल अपचारी गिरफतार

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा अवैध 01 अदद देशी रिवाल्वर, 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 02 अदद देशी तमंचा 12 बोर के साथ 02 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सांगीपुर श्री मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 प्रशि0 विनय प्रताप सिंह मय हमराह कां0 आकाश राय, का0 खेमचन्द्र श्रीवास, का0 विष्णु शर्मा, का0 नरेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 02 बाल अपचारी को अवैध 01 अदद देशी रिवाल्वर, 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 02 अदद देशी तमंचा 12 बोर के साथ क्षेत्रांतर्गत घुइसरनाथ मेन रोड गजेहड़ी की तरफजाने वाले रास्ते का मेन गेट बृहद ग्राम नौबस्ता के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।

# डीएम से मिले शिक्षक विकास परिषद संगठन सदस्य

## संगठन का कैलेंडर भेंट किया, डीएम ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** आल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद संगठन के सदस्यों ने गुरुवार को जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप से भेंट करते हुए संगठन का कैलेण्डर दिया। जिलाधिकारी ने संगठन के सभी सदस्यों को नये वर्ष की शुभकामनायें दी। संगठन द्वारा गरीब, निर्बल, असहाय छात्रों के लिए निर्माणाधीन विद्यालय कुरसेजाधाम तिन्दवारी रोड के निर्माण में व संगठन की अन्य कोई भी समस्या के निवारण के लिए हर सम्भव मदद दिये जाने का आश्वासन देकर आशीर्वाद दिया। संगठन के इस कार्य के लिए शुभकामनायें दी गई। डीएम ने भेंट वार्ता में संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश राजा,

मुन्नीलाल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार जैन, जितेन्द्र कुमार, शिवम आर्या, दीवानी न्यायालय के महासचिव रोआब आलम उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के निधन पर शोक-संवेदना

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित राजा दिनेश सिंह सभागार में शोकसभा संपन्न हुई। इसमें प्रा शि संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ओझा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने किया। उन्होंने बताया कि राजेंद्र प्रसाद ओझा विकासखंड सदर मे प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे। विगत 7 जनवरीशि को इनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई ,जिससे पूरा बेसिक परिवार शोक संतप्त है। विकासखंड कुंडा में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती इंदू सिंह का भी असामयिक निधन हो गया। उपस्थित सभी पदाधिकारी व शिक्षकों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनय सिंह, विकासखंड शिवगढ़ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे, रामपुर के अध्यक्ष राजेश पांडे, रामानंद मिश्रा, पंकज तिवारी, अजीत कुमार, महेश्वर शुक्ला, रमेश मिश्रा ,संतोष कुमार मिश्रा, बृजेंद्र पांडे ,सनी देओल ,प्रभात मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा, प्रभा शंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# भव्य वैभव के साथ निकली शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रवेश मंगलम यात्रा, दर्शन के लिए उमड़ा जन आस्था का सैलाब

## सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद महाकुम्भ क्षेत्र में दिखा शंकराचार्यों के छावनी प्रवेश का भव्य वैभव

### ➪गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के अभियान को समर्पित रहा छावनी प्रवेश

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** संगम तीरे बसे महाकुम्भ नगर में सनातन धर्म की सभी धाराओं और सम्प्रदाय का संगम हो रहा है। सनातन के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद अब शंकराचार्यों का प्रवेश भी महाकुम्भ नगर में हो गया है। कुम्भ क्षेत्र में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी की प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों संतो ने हिस्सा लिया। महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों के प्रवेश के बाद अब चारों पीठ के शंकराचार्यों के प्रवेश का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रवेश मंगलम यात्रा शहर के रामबाग से निकाली गई। पत्थरचट्टी राम बाग से शुरू हुई इस प्रवेश यात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु संत और वेद बटुक ब्रह्मचारी भी शामिल हुए । प्रवेश मंगलम यात्रा में सबसे आगे





शंकराचार्य की धर्म पताका और इसके पीछे आदि शंकराचार्य की सवारी चल रही थी। उनके पीछे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य रथ चल रहा था जिसमें सभी दिशाओं से आए मठों , महंत और श्री महंत और संत मौजूद रहे। शंकराचार्य की इस प्रवेश मंगलम यात्रा में संपूर्ण भारत की संस्कृति जीवंत हो गई। प्रवेश यात्रा में उत्तर, दक्षिण और पूरब पश्चिम सभी दिशाओं की लोक संस्कृति और लोक संगीत की झलक भी देखने को मिली। उत्तराखंड, सिक्किम, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक से आए कलाकारों ने अपनी स्थानीय नृत्य कला और संगीत की प्रस्तुति दी तो यात्रा में दक्षिण भारत और महाराष्ट्र से आए स्थानीय ड्रम बैंड की प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र का शिवा ढोल बैंड में एक साथ कई दर्जन ढोल की थाप से आसपास का इलाका गूंज उठा। यात्रा में डमरू नृत्य में भी शिव भक्त जमकर झूमे नाचे।

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के संकल्प को समर्पित रही प्रवेश मंगलम यात्रा

**प्रयागराज।** शंकराचार्य की प्रवेश मंगलम यात्रा का शहर के 108 स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने फूलों से स्वागत किया। प्रवेश यात्रा पत्थरचट्टी से मलाका, सब्जी मंडी, मोती महल चौराहा, चमेलीबाई धर्मशाला, जानसेनगंज,चौक घंटाघर, बहादुर गंज, कीटगंज होते हुए बांध के रास्ते कुम्भ मेला में प्रवेश करते हुए शंकराचार्य शिविर में पहुंची। यात्रा में शामिल बोध गया मठ के स्वामी सत्यानंद गिरी का कहना है कि सभी संतो के बीच इस प्रवेश यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी लोग आएं। प्रवेश मंगलम यात्रा में कई रथों में भी इस संकल्प को व्यक्त करने वाले पोस्टर लगाए गए थे।
चौक में साधु संतों का व्यापारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर राणा चावला, सोहेल अहमद, जितेन सिंह, अकरम शगुन, अवंतिका टंडन, हिना खान उपस्थित रहे। आज ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज का जानसेनगंज चौक प्रयागराज में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पेशवाई के दौरान कुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने से पूर्व फूलमाला, फल, अंग वस्त्र के भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें प्रमुख रूप से समाजसेवी आनंद बिहारी त्रिपाठी, अधिवक्ता श्याम बिहारी त्रिपाठी, नीरज साहू, गौरी शंकर वर्मा, दिग्विजय राय, प्रशांत तिवारी, मोहन त्रिपाठी, अंगद शुक्ला, पंकज शुक्ला, अनूप केशरवानी, टीनू रावत आदि सैकड़ो लोग शामिल थे। इन लोगों ने महाराज जी का माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# महाकुंभ में बकरूबा महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित



**प्रयागराज।** महाकुंभ के अवसर पर गुरुवार को शक्तिपीठ मां चामुण्डा देवी धाम के मंहत रहे सतीश चंद्र शुक्ल बकरुआ महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रयागराज महाकुंभ स्थित कैम्प में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य बदल शुक्ला ने विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ वैदिक रीति रिवाज से प्रारंभ किया। इस मौके पर स्वर्गीय शुक्ला की विचारधाराओं पर चर्चा की गई और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश पाण्डेय ने बकरूवा महराज के जीवन को समाज एवं गरीबों के लिए अंतिम क्षण तक सेवारत होना बताया और कहा कि उनकी कमी सदैव समाज को खटकती रहेगी जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इसके पूर्व वीरेंद्र हॉस्पिटल प्राइवेटअस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगद्गुरु स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महराज रहे और अपने आशीर्वचन से सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना की। आचार्य अमर मिश्रा, आचार्य गणेश मिश्रा, आचार्य बादल शुक्ला, मिथलेश मिश्रा, सुंदरम शुक्ला, आदर्श मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, अनुपम शुक्ला, पिंटू मिश्रा, लवकुश मिश्रा, आकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मिट्टी कला के 36 परम्परागत कारीगरों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक का किया गया वितरण

**प्रतापगढ़।** आकांक्षा कानवेंट स्कूल पृथ्वीगंज भगसेरा में मिट्टी कला के 36 परम्परागत कारीगरों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक वितरण एवं एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल एवं उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ के पूर्व सदस्य अजीत प्रजापति सम्मिलित हुये। जागरूकता कार्यक्रम में माटीकला के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र प्रजापति द्वारा माटीकला की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन इलेक्ट्रिक चाक पर दिखाया गया एवं माटीकला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन रहेन्द्र शुक्ला सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस मौके पर आकांक्षा कानवेंट स्कूल के प्रबंधक राजेश पटेल सहित हरीराम पटेल, संजय राज पटेल, वीरेन्द्र प्रताप पाल (सदस्य क्षेत्र पंचायत) एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ग्रामोद्योग/माटीकला अधिकारी नन्द लाल पटेल द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों द्वारा बढ़-चढ़ कर सहभागिता की गई।

## राष्ट्र के लिए चिंतित हुए संतगण- मानस भास्कर विद्यासागर महाराज



**प्रयागराज।** वार्ड नंबर 54 नंदगांव कॉलोनी में नंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्री राम कथा चतुर्थ दिवस पर वाचक द्वारा श्री राम चन्द्र जी के बाल काण्ड के बारे में बताया गया। वाराणसी से पधारे पंडित मानस भास्कर विद्यासागर जी महाराज एवं महंत पंडित श्रीकांत पांडे के सहयोग में पंडित मुकेश तिवारी, सुमन शास्त्री, संजय तिवारी रहे। आज कथा में भगवान श्री राम के बालकाण्ड चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि हमारे देश में जब अत्याचार पाप, भ्रष्टाचार फैलने लगा तब धर्म पर संकट छाने लगा और धर्म आहत हुआ तो अपने देश एवं राष्ट्र को सुरक्षित रखने की लिए संत जन चिंतित हुए। किसी राजनेता को नहीं संत को चिंता हुई। जिस समय संत विश्वामित्र अपने धर्म के लिए यज्ञ कर रहे थे तो तड़का, सुबाहु,मारीच ने यज्ञ को बिगाड़ना चाहा लेकिन विश्वामित्र जैसे संत ने धर्म रूपी ज्ञान रूपी राम का सहारा लेकर यज्ञ को पूर्ण किया। इसलिए हमारा भारत वर्ष ऋषि प्रधान देश है। संत प्रधान देश भारत जहां धर्म के द्वारा एकता अखंडता और आपस में प्रेम सद्भाव होकर की सब लोग रहते हैं।
आज की कथा में राम और सीता का मिलन प्रेम वाटिका तक कथा को सुनाया। इस कथा में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। यज्ञ समिति के सभी सदस्य सरोज, योगेश, रवि, संजय सभी लोगों ने एवं समस्त पदाधिकारी एवं पुजारी और भक्ति रस गानों ने भाग लिया। श्री राम कथा की पांचवें दिन राम की विवाह का संगीतमय में वर्णन हुआ।

## जगत तारन महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**प्रयागराज।** जगत तारन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया। वाद विवाद का विषय %द वीजन का विकसित भारत ञ्च 2047 विल कम ट्रूू% था। इसमें कुल 10 टीमों के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 प्रतिभागी ने पक्ष में मत रखा और 10 प्रतिभागियों ने विपक्ष में मत रखा। छात्राओं ने समावेशी विकास संपोषित विकास प्रभावपूर्ण शासन व्यवस्था आई की असमानता गरीबी निवारण पर्यावरण का संरक्षण आदि विभिन्न पहलुओं के द्वारा अपने तर्कों को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने युवा, किसान, महिलाएं और गरीब वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पक्ष में तर्क रखने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आकांक्षा यादव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चिता पांडे को प्राप्त हुआ।
विपक्ष में मत रखने वालों में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शुभी तिवारी को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी सिंह रही।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर अर्चना पॉल एवं डॉ अर्पिता घोष ने अदा की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रीना यादव ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शिखा दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के शोध छात्र आशीष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, कुमारी अंजली मिश्रा एवं भूगोल विभाग के शोध छात्राएं प्रियंका, संध्या, रंजना एवं गरिमा उपस्थित थी।

## 4 साल के पोते के संग उमरा करने चले 60 साल के दादा, लोगों ने दी मुबारकबाद



**प्रयागराज।** बहादुरगंज मोहल्ले के डॉक्टर अशफाक जिनकी उम्र 60 साल है अपने पोते अंजालन 4 वर्ष के साथ मुसलमान का सब से पवित्र स्थल मक्का मदीना की जियारत (उमरा) करने के लिए रवाना हुए। मोहल्ले के तमाम लोगों ने गले मिलकर हाथ मिलाकर मुसाफा किया और मुबारकबाद दी।डॉ अशफाक साहब धार्मिक जानकार हैं और लोगों की मदद करते हैं। तमाम बीमार लोग इनके पास आकर दुआ करते हैं। डॉक्टर अशफाक साहब को कुछ लोग बाबा भी कहते हैं। कुछ लोग हजरत भी कहते हैं। अशफाक साहब से लोगों ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा के लिए दुआ करने के लिए भी कहा।रुखसत करने वालों में इरशाद उल्ला, मोहम्मद यासीन, फिरोज भाई, शकील अंसारी, इदरीश कुरैशी, शमशाद अहमद, अशर, आफताब, इखलाक, असलम, सबा नियाज़, अफरीन, मोहम्मद महफूज़ शामिल रहे।

## चकबंदी समीक्षा में डीएम ने लेखपाल को किया निलंबित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने दो लेखपालों के कार्यों में रूचि न लेने पर एक को निलम्बित करने व दूसरे का वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने नक्शा तरमीम, खसरा पड़ताल, प्रारूप-2, धारा-52, धारा- 27, अभिलेखों की जांच, धारा-9, धारा- 41 एवं 42 आदि चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, चकबंदी लेखपालों को समय से चकबंदी कार्यों को पूरा करन के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी लेखपाल महेंद्र नाथ वर्मा के बैठक में उपस्थित न होने तथा चकबंदी कार्यों में रुचि न लेने पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को माह जनवरी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार चकबंदी कार्यों में रुचि नहीं लेने पर चकबंदी लेखपाल अयोध्या प्रसाद को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि शासन द्वारा प्रारूप एक से नौ तक की जो रिपोर्ट मांगी गई है, उसको समय से भेजा जाए तथा शासन द्वारा दिए गए चकबंदी कार्यों के लक्ष्य को समय से पूरा करें। चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में जाकर कार्यों का सत्यापन करें तथा समय से धारा-52 के बाद गांव में कब्जा परिवर्तन भी कराए।

उन्होंने लेखपालों से कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिन गांव का सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है, उन सभी की सूचना समय से भेजी जाए। कहा कि गांव में आयोजित होने वाली जन चौपालों में सभी अभिलेख मौजूद रहने चाहिए। कहा कि सभी कार्य चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के आधार पर किया जाना है, इसकी भी प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों से कहा कि जो वाद कोर्ट में लंबित है, उनका भी समय से निस्तारण कराए।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन सहित सम्बन्धित चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो एवं चकबंदी लेखपाल मौजूद रहे।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने एवं उनके स्वस्थ्य, समृद्ध, सुरक्षित व उत्कृष्ट जीवन की कामना के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट, कपड़े, ड्राईफ्रूट्स, पौधे के साथ गमला, कैरी बैग, केक, मिष्ठान, व सम्मान पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती मंतशा द्वारा बताया गया कि बेटा, बेटी में भेदभाव न करें एवं दोनों को समान शिक्षा दें। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में डायट प्राचार्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व स्टाफ नर्स एवं वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारी तथा नवजात बच्चियों के माता-पिता उपस्थित रहें।

## 250 नेत्र सहायक रिफ्रेशर प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



**चित्रकूट ब्यूरो**– संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड के प्रशिक्षण केन्द्र में उत्तर प्रदेश में सरकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 250 ऑप्टोमेट्रिस्ट (नेत्र सहायक) के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभः किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किया। साथ ही ऑप्टोमेट्रिस्ट और नेत्र सहायक के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण मैनुअल पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।श्री सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सरकारी प्रणाली में कार्यरत ऑप्टोमेट्रिस्ट और नेत्र सहायक की व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ाना है, ताकि मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में अच्छा सुधार हो सके।

यह प्रशिक्षण पांच बैचों में आयोजित किया जाएगा, प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्षमता निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश में दृष्टि सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार लाएगा साथ ही प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षताओं को सुदृढ़ करेगा और उत्तर प्रदेश में नेत्र देखभाल सेवाओं के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेगा। बताया कि इस कार्यक्रम को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, एनपीसीबी एंड वीआई और चित्रकूट जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, राज्य तकनीकी सलाहकार एनपीसीबी एंड वीआई अभय द्विवेदी, डीपीएम-एनआरएचएम आरके करवरिया, डीपीएम-एनपीसीबी एंड वीआई डॉ. संतोष कुमार, डॉ इलेश जैन आदि मौजूद रहे।

## तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को 12-12 साल कारावास की सजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – गांजे की 17 बोरियों के साथ सात साल पहले लखनऊ से आई एनसीबी टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन तस्करों को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने 12-12 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों तस्करों को एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा व एनसीबी के अधिवक्ता प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि बीती 21 जनवरी 2018 को लखनऊ के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आसूचना अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार एनसीबी टीम को सूचना मिली थी कि सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाने के तुर्की गांव के निवासी नृपेन्द्र सिंह और अमर पाटन थाने के लालपुर गांव के निवासी संदीप पटेल अपनी गाड़ियों के साथ गांजे की एक बड़ी खेप की लेन-देन के लिए राजापुर थाने के सुरवल गांव पहुंचने वाले है। जहां पहाड़ी थाने के लोहदा गांव का निवासी अनुराग सिंह अपनी गाड़ी से नृपेन्द्र सिंह और संदीप पटेल को गांजा आपूर्ति करेगा। जिसके बाद एनसीबी टीम ने सुरवल गांव में तीनों आरोपियों और उनकी तीनों गाड़ियों को पकड़ लिया। जिसमें तलाशी के दौरान गांजे की 17 बोरियां बरामद हुई। जिनमें लगभग 580 किलो नाजायज गांजा पाया गया। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर तीनों गांजा तस्करों नृपेन्द्र सिंह, संदीप पटेल व अनुराग सिंह को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

## ग्रामोदय के कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने बैठक में की विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** –रेगुलर एवं डिस्टेंस मोड पर उच्च शिक्षा देने वाले महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से कौशल शिक्षा, पर्यटन, हॉस्पिटलटी, महिला सशक्तिकरण, कैरियर गाइडेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस के विभिन्न नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह पाठ्यक्रम अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक अवधि और प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, यूजी डिग्री एवं पीजी डिग्री स्तर के होंगे।ग्रामोदय के रजत जयंती भवन में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों के बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने इस निर्णय का सैद्धांतिक अनुमोदन देते हुए कुलसचिव और अधिष्ठाताओ को निर्देशित किया है कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यूजीसी और अन्य मान्यतादायी संस्थाओं के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार कर



पाठ्यक्रम संचालन संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। कुलगुरु ने कहा कि यह गौरव की बात है कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बंगलौर ने ए डबल प्लस का ग्रेड प्रदान किया है।

नैक बंगलौर ए डबल प्लस का सर्वोच्च ग्रेड उन्हीं उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रदान करता है, जो निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। उन्होंने अकादमिक, प्रशासनिक, वित्तीय संसाधनों की समीक्षा करते हुए विद्वान प्राध्यापकों को प्रोजेक्ट तैयार कर वित्त प्रदाता संस्थाओं को भेजने का निर्देश दिया। कहा कि निर्धारित समय सीमा पर पूर्व से संचालित प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

इस मौके पर कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा पूर्व में सम्पन्न परिक्षाओं के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली और निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों की अंक सूचियां अनिवार्य रूप से डिजी लॉकर में अपलोड कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वैशिष्ट्य को प्रदर्शित करने के साथ प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें उचित मंच प्रदान की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए स्थापना दिवस कार्यक्रम से अंगीकृत पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का आयोजन आगामी आठ से 12 फरवरी के मध्य

## गैर इरादतन हत्या के मामले में दो सगे भाईयों को 10-10 वर्ष की कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दो सगे भाईयों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने की बरियारी खुर्द गांव की निवासी सुरतिया पत्नी रामभवन ने बीती 23 अगस्त 2020 को मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में सुरतिया ने बताया था कि उसके पति रामभवन जानवरों से खेत की फसल को बचाने के उद्देश्य से सवेरे लगभग साढ़े नौ बजे घर से गए थे। इस दौरान गांव के ही प्रदीप उर्फ मुन्ना बेलौहा अपने बेटे बउवा व नान के साथ उसके पति पर हमला कर दिया। साथ ही उसके बेटे लवकुश व भतीजे तीरथ के साथ भी मारपीट की। जिससे लवकुश व तीरथ भागने लगे। इस बीच पति रामभवन को अकेला पाकर तीनों हमलावरों ने लाठियों से उन्हें मारकर लहुलूहान कर दिया। इस दौरान वह भी खेत में पहुंच गई, किंतु हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल पति को लेकर वह मऊ अस्पताल पहुंची, जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल कर्वी के लिए रिफर कर दिया, किंतु रास्ते में ही रामभवन की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमें के दौरान आरोपी प्रदीप उर्फ मुन्ना बेलौहा की मौत हो गई थी। जिसके बाद हुई सुनवाई में बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बउवा व नान को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

## 25 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** – जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर जनपद व तहसील स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नए मतदाताओं को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह के जनपद में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके लिए बीएल.ओ. द्वारा बूथ पर, निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बी.आर.सी. पर तथा जिला मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर तथा अन्य वर्गों के मतदाताओं को भी समारोह में सम्मानित किया जाए और अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन तहसील, कॉलिजों, महाविद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाए जाने साथ स्कूल-कॉलिजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन, गीत, स्क्रिप्ट्स तथा आनलाइन प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स नोडल अधिकारी स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट को उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नए मतदाता को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही जागरुकता के लिए प्रदर्शनी व ईवीएम, वीवीपैट तथा पंजीकरण समावेशन आदि से संबंधित समारोह भी आयोजित किये जायेगें।

कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिविल सोसाइटी नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वीप कोआर्डिनेटर, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वॉलेंटियर्स एवं मीडिया का भी सहयोग लिया जाय। कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम काम करने वाले बी.एल.ओ. को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता दिवस की थीम को पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। मतदाता दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित की जाए।

## कड़ाके की ठंड में फॉर्मर रजिस्ट्री के नाम पर ज्यादा सख्ती से लोग हो रहे हैं परेशान- अजय सोनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने शासन प्रशासन द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर लोगों और सरकारी कर्मचारियों और सीएससी संचालकों के साथ की जा रही ज्यादा सख्ती को लेकर चिंता जताई है। अजय सोनी का कहना है कि शासन के तुगलकी फरमान और प्रशासन के जोर जबरजस्ती से कड़ाके की ठंड में लोग प्रभावित और परेशान हो रहे हैं जो उचित नहीं है।

गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंझनपुर ब्लॉक के ग्राम टेनशाहआलमबाद, रेवरिया, खोरा और महुआखड़ा, तन्ना पर भ्रमण किया और लोगों से वार्ता की। वार्ता के क्रम में लोगों ने बताया कि अचानक से किसान सम्मान निधि की धनराशि खाते में आने हेतु फॉर्मर रजिस्ट्री कराए जाने के सरकारी तुगलकी फरमान और इसे लेकर



जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ाके की ठंड में इसके कड़े तौर तरीकों और सर्वर के व्यस्त होने से खासे परेशान और तनाव से प्रभावित हो रहे हैं। खासकर बुजुर्ग, महिलाये और बीमार व्यक्ति गांव में सीएससी केंद्र न होने के कारण आसपास या फिर दूर बाजारों तक पैदल चलकर घंटो पटेशन हो रहे हैं।

इतना ही नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारियों और सीएससी संचालकों की और बुरी स्थिति है जिनसे उनका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आगे कहा कि ऐसी कौन से महान आफत थी कि केंद्र और राज्य सरकारों ने अचानक से देश प्रदेश के लोगों खासकर गांवों के गरीब किसानो को इतनी कड़ाके की ठंड में इसे पूरा कराए जाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। आगे कहा कि जिला प्रशासन को भी थोड़ा सा संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। कड़ाके की ठंड में रात दिन जूटे लेखपालों और अन्य कर्मचारियों तथा सीएससी संचालकों के विरुद्ध की गई गैर जरूरी कार्यवाही से बचना चाहिए था क्योंकि हर कर्मचारी के पास चार पहिया वाहन की सुविधा नहीं है और न ही हर सीएससी संचालक अचानक से इतना फुरसत और खाली है।

इसी के साथ अजय सोनी ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों से इसकी अवधि बढ़ाए जाने एवं अवधि बढ़ाए जाने तक किसान सम्मान निधि की किश्त जारी करने की मांग की है। साथ ही जिला प्रशासन कौशांबी से कर्मचारियों एवं सीएससी संचालकों के ऊपर फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर की गई कार्यवाही वापस लिए जाने की मांग की है। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, बद्री प्रसाद लोधी, फूलचंद्र लोधी, राजेश सरोज, रामभवन मौर्य, भानू प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## गरीब परिवार को धमका रहे दबंग

**नरैनी।** बीते पांच दशक से भूमि में आवास बनाकर रह रहे परिवार को दबंगो के द्वारा खाली करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर दबंगो के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कछीयन पुरवा अंश नहरी गांव के रहने वाले देशराज परिजनो के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।बताया कि गांव का रहने वाला अर्जुन यादव पुत्र बृजलाल व इसके साथ इसी के अन्य पारिवारिक लोग भैयाराजा, बुधवा, भगत आदि लोग लामबंद होकर जबरन आवासीय मकान खाली करने की धमकी दे रहे है।पीड़ित लोगो ने उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश को शिकायत पत्र देकर दबंगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का कराया गया वजन

### ▶▶ महिलाओं किशोरी बालिकाओं को जन चौपाल के माध्यम से किया गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** ग्राम सभा पट्टीपरवेजाबाद विकासखंड मूरतगंज के असादुल्लाहगंज, नजरगंज, सिरकुंडा व बड़ागांव का भ्रमण जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा किया गया। उनके द्वारा अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन तथा लंबाई की माप अपने समक्ष कराते हुए पोषण श्रेणी का निर्धारण किया गया। मौके पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती माताओ को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।हरी साग सब्जी के साथ गुड़ चना सहिजन की पत्ती के सेवन की सलाह देते हुए उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। आशा एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि मूरतगंज पीएससी में अनिवार्य रूप से इन्हें आयरन सुक्रोज चढ़वाये। उनके द्वारा महिलाओं किशोरी बालिकाओं को जन चौपाल के माध्यम से अपने तथा बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में भी जागरूक किया गया अधिक संतान होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। उपस्थित माताओ को जागरुक करते हुए प्रेरित किया गया कि गरीब और ग्रामीण परिवारों की लड़कियों को शिक्षा से वंचित किए जाने की संभावना विशेष रूप से अधिक होती है लड़कियों को घर के अंदर और बाहर बाल श्रम के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावना अधिक होती है फिर भी लड़कियों की शिक्षा में निवेश करने के कई लाभ होते हैं लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए लड़कियों को एक सहायक, लिंग-संवेदनशील वातावरण में शिक्षित करना बेहद महत्वपूर्ण है। समाज में और लड़कियों के बीच लड़कियों की जरूरतों और उनकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें अपना बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है जिससे वे और अधिक सशक्त हो सकें।

स्त्री-पुरुष समानता जीवन के शुरुआत से ही आनी चाहिए।

बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुँच की बहुत आवश्यकता है। कम उम्र में शादी और फिर बच्चे पैदा करने से महिलाओं की जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है और उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और रोजगार के अवस अवसर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मौके पर ग्राम प्रधान पट्टी पर वेजाबाद सुपरवाइजर गीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती नुसरत बानो अन्य लाभार्थी गण उपस्थित रहें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लिपिकीय त्रुटिवश अनुसुइया देवी अंकित हो गया है जो अशुद्ध है। मेरा सही नाम रूचि देवी है। मुझको मेरे सही नाम रूचि देवी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

रूचि देवी
पुत्री शत्रुधन प्रसाद
निवासी ग्राम बेंती उपरहार पर0
बिहार तह0 कुण्डा
जनपद प्रतापगढ़

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम खुशबू वर्मा अंकित है, जो गलत है। मेरा सही नाम हिमानी वर्मा है। उक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। मुझको मेरे सही नाम हिमानी वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।
हिमानी वर्मा

पुत्री देवतादीन वर्मा
माता समला देवी
निवासी ग्राम सराय जमुआरी पो0
सरसीडीह
पर0 व तह0 पट्टी प्रतापगढ़

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा जारी पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 349477 वर्ष 2010, पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 382367 वर्ष 2011, उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 739050 वर्ष 2012 एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 333202 वर्ष 2013 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

अरूण कुमार मिश्र
पुत्र भूपेन्द्र कुमार
ग्राम पूरे बाछिल पो0 भूपियामऊ
जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# चकबंदी समीक्षा में डीएम ने लेखपाल को किया निलंबित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने दो लेखपालों के कार्यों में रूचि न लेने पर एक को निलम्बित करने व दूसरे का वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने नक्शा तरमीम, खसरा पड़ताल, प्रारूप-2, धारा-52, धारा- 27, अभिलेखों की जांच, धारा-9, धारा- 41 एवं 42 आदि चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, चकबंदी लेखपालों को समय से चकबंदी कार्यों को पूरा करन के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी लेखपाल महेंद्र नाथ वर्मा के बैठक में उपस्थित न होने तथा चकबंदी कार्यों में रुचि न लेने पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को माह जनवरी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसी प्रकार चकबंदी कार्यों में रुचि नहीं लेने पर चकबंदी लेखपाल अयोध्या प्रसाद को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि शासन द्वारा प्रारूप एक से नौ तक की जो रिपोर्ट मांगी गई है, उसको समय से भेजा जाए तथा शासन द्वारा दिए गए चकबंदी कार्यों के लक्ष्य को समय से पूरा करें। चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में जाकर कार्यों का सत्यापन करें तथा समय से धारा-52 के बाद गांव में कब्जा परिवर्तन भी कराए।

उन्होंने लेखपालों से कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिन गांव का सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है, उन सभी की सूचना समय से भेजी जाए। कहा कि गांव में आयोजित होने वाली जन चौपालों में सभी अभिलेख मौजूद रहने चाहिए। कहा कि सभी कार्य चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के आधार पर किया जाना है, इसकी भी प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों से कहा कि जो वाद कोर्ट में लंबित है, उनका भी समय से निस्तारण कराए।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन सहित सम्बन्धित चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो एवं चकबंदी लेखपाल मौजूद रहे।

# कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनार्न्तगत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने एवं उनके स्वस्थ्य, समृद्ध, सुरक्षित व उत्कृष्ट जीवन की कामना के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट, कपड़े, ड्राईफ्रूट्स, पौधे के साथ गमला, कैरी बैग, केक, मिष्ठान, व सम्मान पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती मंतशा द्वारा बताया गया कि बेटा, बेटी में भेदभाव न करें एवं दोनों को समान शिक्षा दें। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में डायट प्राचार्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व स्टाफ नर्स एवं वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारी तथा नवजात बच्चियों के माता-पिता उपस्थित रहें।

# 250 नेत्र सहायक रिफ्रेशर प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



**चित्रकूट ब्यूरो**- संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड के प्रशिक्षण केन्द्र में उत्तर प्रदेश में सरकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 250 ऑप्टोमेट्रिस्ट (नेत्र सहायक) के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभः किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किया। साथ ही ऑप्टोमेट्रिस्ट और नेत्र सहायक के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण मैनुअल पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।श्री सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सरकारी प्रणाली में कार्यरत ऑप्टोमेट्रिस्ट और नेत्र सहायक की व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ाना है, ताकि मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में अच्छा सुधार हो सके।

यह प्रशिक्षण पांच बैचों में आयोजित किया जाएगा, प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्षमता निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश में दृष्टि सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार लाएगा साथ ही प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षताओं को सुदृढ़ करेगा और उत्तर प्रदेश में नेत्र देखभाल सेवाओं के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेगा। बताया कि इस कार्यक्रम को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, एनपीसीबी एंड वीआई और चित्रकूट जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, राज्य तकनीकी सलाहकार एनपीसीबी एंड वीआई अभय द्विवेदी, डीपीएम-एनआरएचएम आरके करवरिया, डीपीएम-एनपीसीबी एंड वीआई डॉ. संतोष कुमार, डॉ इलेश जैन आदि मौजूद रहे।

# तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को 12-12 साल कारावास की सजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - गांजे की 17 बोरियों के साथ सात साल पहले लखनऊ से आई एनसीबी टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन तस्करों को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने 12-12 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों तस्करों को एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा व एनसीबी के अधिवक्ता प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि बीती 21 जनवरी 2018 को लखनऊ के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आसूचना अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार एनसीबी टीम को सूचना मिली थी कि सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाने के तुर्की गांव के निवासी नृपेन्द्र सिंह और अमर पाटन थाने के लालपुर गांव के निवासी संदीप पटेल अपनी गाड़ियों के साथ गांजे की एक बड़ी खेप की लेन-देन के लिए राजापुर थाने के सुरवल गांव पहुंचने वाले है। जहां पहाड़ी थाने के लोहदा गांव का निवासी अनुराग सिंह अपनी गाड़ी से नृपेन्द्र सिंह और संदीप पटेल को गांजा आपूर्ति करेगा। जिसके बाद एनसीबी टीम ने सुरवल गांव में तीनों आरोपियों और उनकी तीनों गाड़ियों को पकड़ लिया। जिसमें तलाशी के दौरान गांजे की 17 बोरियां बरामद हुई। जिनमें लगभग 580 किलो नाजायज गांजा पाया गया। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर तीनों गांजा तस्करों नृपेन्द्र सिंह, संदीप पटेल व अनुराग सिंह को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# ग्रामोदय के कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने बैठक में की विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट** -रेगुलर एवं डिस्टेंस मोड पर उच्च शिक्षा देने वाले महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से कौशल शिक्षा, पर्यटन, हॉस्पिटलटी, महिला सशक्तिकरण, कैरियर गाइडेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस के विभिन्न नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह पाठ्यक्रम अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक अवधि और प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, यूजी डिग्री एवं पीजी डिग्री स्तर के होंगे।ग्रामोदय के रजत जयंती भवन में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों के बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने इस निर्णय का सैद्धांतिक अनुमोदन देते हुए कुलसचिव और अधिष्ठाताओ को निर्देशित किया है कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यूजीसी और अन्य मान्यतादायी संस्थाओं के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार कर पाठ्यक्रम संचालन संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। कुलगुरु ने कहा कि यह गौरव की बात है कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बंगलौर ने ए डबल प्लस का ग्रेड प्रदान किया है।

नैक बंगलौर ए डबल प्लस का सर्वोच्च ग्रेड उन्हीं उच्च शिक्षा संस्थानों को प्रदान करता है, जो निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। उन्होंने अकादमिक, प्रशासनिक, वित्तीय संसाधनों की समीक्षा करते हुए विद्वान प्राध्यापकों को प्रोजेक्ट तैयार कर वित्त प्रदाता संस्थाओं को भेजने का निर्देश दिया। कहा कि निर्धारित समय सीमा पर पूर्व से संचालित प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

इस मौके पर कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा पूर्व में सम्पन्न परिक्षाओं के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली और निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों की अंक सूचियां अनिवार्य रूप से डिजी लॉकर में अपलोड कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वैशिष्ट्य को प्रदर्शित करने के साथ प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें उचित मंच प्रदान की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए स्थापना दिवस कार्यक्रम से अंगीकृत पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का आयोजन आगामी आठ से 12 फरवरी के मध्य किया जाए।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दो सगे भाईयों को 10-10 वर्ष की कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दो सगे भाईयों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने की बरियारी खुर्द गांव की निवासी सुरतिया पत्नी रामभवन ने बीती 23 अगस्त 2020 को मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में सुरतिया ने बताया था कि उसके पति रामभवन जानवरों से खेत की फसल को बचाने के उद्देश्य से सवेरे लगभग साढ़े नौ बजे घर से गए थे। इस दौरान गांव के ही प्रदीप उर्फ मुन्ना बेलौहा अपने बेटे बउवा व नान के साथ उसके पति पर हमला कर दिया। साथ ही उसके बेटे लवकुश व भतीजे तीरथ के साथ भी मारपीट की। जिससे लवकुश व तीरथ भागने लगे। इस बीच पति रामभवन को अकेला पाकर तीनों हमलावरों ने लाठियों से उन्हें मारकर लहुलूहान कर दिया। इस दौरान वह भी खेत में पहुंच गई, किंतु हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल पति को लेकर वह मऊ अस्पताल पहुंची, जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल कर्वी के लिए रिफर कर दिया, किंतु रास्ते में ही रामभवन की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमें के दौरान आरोपी प्रदीप उर्फ मुन्ना बेलौहा की मौत हो गई थी। जिसके बाद हुई सुनवाई में बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बउवा व नान को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# 25 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर जनपद व तहसील स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नए मतदाताओं को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह के जनपद में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके लिए बीएल.ओ. द्वारा बूथ पर, निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बी.आर.सी. पर तथा जिला मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर तथा अन्य वर्गों के मतदाताओं को भी समारोह में सम्मानित किया जाए और अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन तहसील, कॉलिजों, महाविद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाए जाने साथ स्कूल-कॉलिजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबंध लेखन, गीत, स्क्रिप्ट्स तथा आनलाइन प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स नोडल अधिकारी स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट को उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नए मतदाता को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही जागरुकता के लिए प्रदर्शनी व ईवीएम, वीवीपैट तथा पंजीकरण समावेशन आदि से संबंधित समारोह भी आयोजित किये जायेगें।

कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिविल सोसाइटी नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वीप कोआर्डिनेटर, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वॉलेंटियर्स एवं मीडिया का भी सहयोग लिया जाय। कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम काम करने वाले बी.एल.ओ. को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता दिवस की थीम को पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। मतदाता दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित की जाए।

# कड़ाके की ठंड में फॉर्मर रजिस्ट्री के नाम पर ज्यादा सख्ती से लोग हो रहे हैं परेशान- अजय सोनी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने शासन प्रशासन द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर लोगों और सरकारी कर्मचारियों और सीएससी संचालकों के साथ की जा रही ज्यादा सख्ती को लेकर चिंता जताई है। अजय सोनी का कहना है कि शासन के तुगलकी फरमान और प्रशासन के जोर जबरजस्ती से कड़ाके की ठंड में लोग प्रभावित और परेशान हो रहे हैं जो उचित नहीं है।

गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंझनपुर ब्लॉक के ग्राम टेनशाहआलमबाद, रेवरिया, खोरा और महुआखड़ा, तन्ना पर भ्रमण किया और लोगों से वार्ता की। वार्ता के क्रम में लोगों ने बताया कि अचानक से किसान सम्मान निधि की धनराशि खाते में आने हेतु फॉर्मर रजिस्ट्री कराए जाने के सरकारी तुगलकी फरमान और इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ाके की ठंड में इसके कड़े तौर तरीकों और सर्वर के व्यस्त होने से खासे परेशान और तनाव से प्रभावित हो रहे हैं। खासकर बुजुर्ग, महिलाये और बीमार व्यक्ति गांव में सीएससी केंद्र न होने के कारण आसपास या फिर दूर बाजारों तक पैदल चलकर घंटो पटेशन हो रहे हैं।

इतना ही नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारियों और सीएससी संचालकों की और बुरी स्थिति है जिनसे उनका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आगे कहा कि ऐसी कौन से महान आफत थी कि केंद्र और राज्य सरकारों ने अचानक से देश प्रदेश के लोगों खासकर गांवों के गरीब किसानो को इतनी कड़ाके की ठंड में इसे पूरा कराए जाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। आगे कहा कि जिला प्रशासन को भी थोड़ा सा संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। कड़ाके की ठंड में रात दिन जूटे लेखपालों और अन्य कर्मचारियों तथा सीएससी संचालकों के विरुद्ध की गई गैर जरूरी कार्यवाही से बचना चाहिए था क्योंकि हर कर्मचारी के पास चार पहिया वाहन की सुविधा नहीं है और न ही हर सीएससी संचालक अचानक से इतना फुरसत और खाली है।

इसी के साथ अजय सोनी ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों से इसकी अवधि बढ़ाए जाने एवं अवधि बढ़ाए जाने तक किसान सम्मान निधि की किश्त जारी करने की मांग की है। साथ ही जिला प्रशासन कौशांबी से कर्मचारियों एवं सीएससी संचालकों के ऊपर फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर की गई कार्यवाही वापस लिए जाने की मांग की है। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, बद्री प्रसाद लोधी, फूलचंद्र लोधी, राजेश सरोज, रामभवन मौर्य, भानू प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# गरीब परिवार को धमका रहे दबंग

**नरैनी।** बीते पांच दशक से भूमि में आवास बनाकर रह रहे परिवार को दबंगो के द्वारा खाली करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर दबंगो के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कछीयन पुरवा अंश नहरी गांव के रहने वाले देशराज परिजनो के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।बताया कि गांव का रहने वाला अर्जुन यादव पुत्र बृजलाल व इसके साथ इसी के अन्य पारिवारिक लोग भैयाराजा, बुधवा, भगत आदि लोग लामबंद होकर जबरन आवासीय मकान खाली करने की धमकी दे रहे है।पीड़ित लोगो ने उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश को शिकायत पत्र देकर दबंगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का कराया गया वजन

## ▶▶ महिलाओं किशोरी बालिकाओं को जन चौपाल के माध्यम से किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** ग्राम सभा पट्टीपरवेजाबाद विकासखंड मूरतगंज के असादुल्लाहगंज, नजरगंज, सिरकुंडा व बड़ागांव का भ्रमण जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा किया गया। उनके द्वारा अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन तथा लंबाई की माप अपने समक्ष कराते हुए पोषण श्रेणी का निर्धारण किया गया। मौके पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती माताओ को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।हरी साग सब्जी के साथ गुड़ चना सहिजन की पत्ती के सेवन की सलाह देते हुए उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। आशा एवं आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि मूरतगंज पीएससी में अनिवार्य रूप से इन्हें आयरन सुक्रोज चढ़वाये। उनके द्वारा महिलाओं किशोरी बालिकाओं को जन चौपाल के माध्यम से अपने तथा बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में भी जागरूक किया गया अधिक संतान होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। उपस्थित माताओ को जागरुक करते हुए प्रेरित किया गया कि गरीब और ग्रामीण परिवारों की लड़कियों को शिक्षा से वंचित किए जाने की संभावना विशेष रूप से अधिक होती है लड़कियों को घर के अंदर और बाहर बाल श्रम के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावना अधिक होती है फिर भी लड़कियों की शिक्षा में निवेश करने के कई लाभ होते हैं लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए लड़कियों को एक सहायक, लिंग-संवेदनशील वातावरण में शिक्षित करना बेहद महत्वपूर्ण है। समाज में और लड़कियों के बीच लड़कियों की जरूरतों और उनकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें अपना बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है जिससे वे और अधिक सशक्त हो सकें। स्त्री-पुरुष समानता जीवन के शुरुआत से ही आनी चाहिए।

बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुँच की बहुत आवश्यकता है। कम उम्र में शादी और फिर बच्चे पैदा करने से महिलाओं की जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है और उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और रोजगार के अवस अवसर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मौके पर ग्राम प्रधान पट्टी पर वेजाबाद सुपरवाइजर गीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती नुसरत बानो अन्य लाभार्थी गण उपस्थित रहें।

# सर्वेक्षणकर्ताओं व खण्ड विकास अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास खण्ड मंझनपुर के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के सम्बन्ध में 155 सर्वेक्षणकर्ताओं एवं खण्ड विकास अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त सर्वेक्षणकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि सभी सर्वेयर अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतों एवं मजरों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे, जिससे किसी भी दशा में कोई पात्र लाभार्थी छूटने न पाये। किसी को भी दबाव में आकर अपात्र लाभार्थियों का चयन नहीं करना है। पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से सर्वे का कार्य किया जाये। यदि किसी अन्य के द्वारा धनराशि ली जाने की सूचना या शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए खण्ड विकास अधिकारी एवं उच्च स्तर पर तत्काल सूचित करें। सर्वेक्षण के कार्य को फरवरी, 2025 तक प्रत्येक दशा में समाप्त किया जाना है। सभी सर्वेयर इस कार्य को संवेदनशीलता के साथ करेंगे। ग्राम पंचायतों में लाउडस्पीकर लगवाकर सर्वे के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सर्वे के सम्बन्ध में जानकारी हो। अगले 05 साल इसी से लाभार्थियों को आवास दिया जाना है। सर्वे का कार्य दिनांक 04 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ हो चुका है। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नवीन कुमार गुप्ता द्वारा आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 ऐप के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी दी गयी। यह भी अवगत कराया गया कि इस बार भारत सरकार द्वारा 02 तरह से सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है रू 1-सर्वेयर द्वारा 2- स्वयं लाभार्थी द्वारा। सभी ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक लोगों को इस सम्बन्ध में जागरूक किया जाये, जिससे कोई भी पात्र परिवार, लाभार्थी सर्वे से वंचित न रह सके। सर्वेक्षण के दौरान पात्र परिवार, लाभार्थी के पास आधार, जॉबकार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नम्बर होना अतिआवश्यक है। इस मौके पर सुखराज बन्धु उपायुक्त (स्वतः रोजगार) जिला विकास अधिकारी, मनोज कुमार वर्मा उपायुक्त (श्रम रोजगार) एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 ,अनुक्रमांक 1744597 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

मनोज कुमार
माता- शिवरानी
पिता- रामआसरे
पता-देवीगंज विहामिदपुर
तहसील -सिराथू, जनपद-कौशाम्बी

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने ऊंचाहार परियोजना का किया दौरा,एफजीडी गैस इन प्रणाली का किया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी कंपनी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एन श्रीनिवास राव ने एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना का दौरा किया। जहां उन्होंने विद्युत ग्रह की पहली दूसरी और तीसरी विद्युत इकाईयों के नियंत्रण कक्षों के साथ साथ स्टेज1 के कूलिंग टावर एवं चौथे चरण के सीएचपी-एमजीआर का निरीक्षण किया। श्री राव ने तृतीय, चतुर्थ एवं पाचवीं इकाई में एफ्जीडी गैस इन व ट्रायल रन का शुभारंभ किया। इस प्रक्रिया के शुरू होने से प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) अमरीक सिंह भोगल, एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा और महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय



कार्यकारी निदेशक ने विद्युत ग्रह की प्रचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करके सतत एवं गुणवत्तापूर्ण प्रचालन पर जोर दिया। अपने दौरे के दौरान श्री राव ने यूनियन, एसोसिएशन, युवा कर्मचारियों के साथ अलग-अलग बैठक करके कंपनी के मिशन एवं दृष्टि पर चर्चा करते हुए सभी से अपील की कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शत प्रतिशत योगदान देते हुए एनटीपीसी कंपनी के भावी लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करें। क्योंकि भारत सरकार बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने में एनटीपीसी कंपनी से बहुत अपेक्षा रखती है। हमें उन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बिना रुके और बिना थके काम करना है।दौरे के दूसरे दिन श्री राव ने अरखा ऐश डाइक का निरीक्षण किया तथा परियोजना परिसर में चल रही बालिका सशक्तिकरण शीतकालीन कार्यशाला में पहुंचकर प्रतिभागी बालिकाओं से मुलाकात की। बालिकाओं से संवाद करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया तथा उन्हें विषयगत शिक्षा संबंधी सामान उपहार स्वरूप भेंट करके उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके साथ ही व्यावसायिक उत्कृष्टता मूल्यांकन की टीम से भी श्री राव ने मुलाकात की। श्री राव ने परियोजना के कर्मचारी विकास केन्द्र में संचालित एनटीपीसी सेफ्टी अकादमी का दौरा किया तथा कर्मचारियों के तकनीकी एवं कौशल विकास में सेफ्टी एकादमी द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर उनकी सराहना की। अपने दो दिवसीय दौरे में ऊंचाहार परियोजना की प्रगति, प्रचालन उत्कृष्टता और पर्यावरणीय स्थिरता की प्रतिबद्धता को बल देते हुए श्री राव ने यहां के कर्मचारियों के योगदान एवं समर्पण की भूरि-भूरि सराहना की।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज सदस्यता अभियान 2025 का शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर की सदस्यता अभियान 2025का शुभारंभ व्यापार मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला व रामबाबू सोनी के द्वारा साकेत नगर बघेल नर्सिंग होम से शुरू किया गया ।नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान 2025 का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता करने से व्यापारियों से डोर टू डोर मिलने के साथ-साथ व्यापारियों की दुकान में रजिस्ट्रेशन होता है जिससे व्यापारी संगठन के साथ जुड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करता है ।व्यापार मंडल ने 2500 सदस्य बनाने का निर्णय लिया है जिसको हम सब पदाधिकारी मिलकर व्यापारियों की दुकानों में जा जाकर सदस्य बनाने का काम करेंगे।जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने कहा कि लालगंज नगर की सदस्यता होने से व्यापार मंडल मजबूत होगा और संगठन जिला लालगंज जनपद में सभी बाजारों में सदस्यता अभियान चलाकर व्यापारियों को सदस्य




बनायेगा। नगर सदस्यता प्रभारी नगर युवा महामंत्री रौनक भदौरिया ने कहा कि संगठन के द्वारा लिए गए निर्णय और व्यापारिक हित की नीतियों को लेकर निश्चित रूप से सदस्यता का लक्ष्य पूर्ण होगा। व्यापारियों में संगठन और सदस्यता को लेकर जबरदस्तउत्साह है।सदस्यता होने से व्यापारी समाज की समस्याएं एवं जानकारियां प्राप्त होती है।सदस्यता अभियान के दौरान अमित गुप्ता, नगर युवा अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, आशुतोष गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी ,नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन, मीडिया प्रभारी मोहम्मद परवेज ,नगर उपाध्यक्ष अर्पित गुप्ता ,नगर मंत्री पीयूष गुप्ता ,नगर मंत्री नीरज गुप्ता, दीपक भदौरिया ,पुष्कर गुप्ता, हरिओम गुप्ता ,अंकित सिंह विक्की सिंह ,अभिषेक गुप्ता, विकाश शर्मा ,हरिओम गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संदेहास्पद स्थित में दलित वृद्ध की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**सलोन,रायबरेली।** एक सप्ताह में तीसरी मौत की सूचना पर पहुँची पुलिस ने बगैर परिजनों को सूचित किये शव लेकर थाने चली आई।संदेहास्पद स्थित में दलित वृद्ध की मौत से परिजनों ने अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाया है।मृतक की चारपाई के समीप मिले खून से परिजनों ने हत्या का संदेह जताकर पुलिसिया कार्यवाही पर आक्रोश जताया है।वही पुलिस ने स्वाभाविक मौत बताकर पीएम रिपोर्ट तक इंतजार की बात कही है।सलोन कोतवाली अंतर्गत राजा का पुरवा मजरे निवासी रसूलपुर गांव स्थित नहर पुल के समीप वृद्ध दुःखी लाल पुत्र गंगादीन( 60 ) नहर पुल के समीप झोपड़ी में परचून की दुकान खोलकर जीवन बसर करता था। मृतक का पुत्र गांव में बने मकान में पत्नी बच्चो के साथ ही रहता था।गुरुवार तड़के वृद्ध लगभग नौ बजे तक झोपड़ी से बाहर नही निकला।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी।आरोप है कि मौके पर पहुँची पुलिस ने बगैर परिजनों के शव को चादर में लपेट कर थाने पहुँच गई।इसके बाद मृतक के बेटे को थाने बुलाकर पंचनामे की क कार्यवाही कराई गई।मृतक की बहू का कहना है कि जब परिवार के लोग पहुँचे तो पुलिस ससुर जी की लाश को ले जा चुकी थी।मृतक की चारपाई के बगल खून पड़ा था।जिसपर किसी ने बालू डालकर खून ढकने की कोशिश की थी।बहु ने ससुर की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर जांच की मांग की है।वही मीडिया सेल ने सोशल मीडिया पर प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी कि वृद्ध का शव शव नहर पुल के पास बनी अपनी झोपड़ी में तखत से गिरा पड़ा मिला है। मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं है। मृतक के मुंह से खून की उल्टी होना पाया गया है। प्रथम दृष्ट्या किसी अपराध का होना नहीं पाया गया है।कोतवाली प्रभारी का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के बास्तविक कारणों का पता चलेगा।

# राणा बेनी माधव बक्श समिति ने मिलाए कुंभ से स्वर, किया संत समागम

## राना बेनी माधव बक्श समिति की तरफ से जिले के प्रसिद्ध संतों का किया गया सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** धार्मिक नगरी प्रयागराज में होने वाले जा रहे महाकुंभ में सहभागिता दिखाते हुए राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से गुरुवार को संत समागम एवं कुंभ के स्वर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के होटल प्लीसेंट व्यू में आयोजित कार्यक्रम में जिले के संतों का सम्मान और उनका आशीर्वाद समिति की तरफ से प्राप्त किया गया। इसके साथ ही कुंभ के स्वर कार्यक्रम में भजन संध्या में पद्म श्री डॉ0 सोमा घोष ने कुंभ पर अनेक गीत गाए। संतों के समागम में कुंभ पर विस्तृत रूप से बखान किया गया। सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ के महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानन्द गिरि ने कहा कि आज धार्मिक कार्य करने के लिए समिति बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि कुंभ का जो स्वरूप है, हमारे जीवन में विभिन्न चीजों को जागृत करता है। देवता को मिलाने का काम कुंभ ने किया है। हम लोग रायबरेली में बैठकर महाकुंभ पर चर्चा कर रहे हैं। यह बहुत ही गौरव का विश्व है। हमने अपने अंदर से भी कुंभ मनाना है। शहर के छोटी बाजार स्थित दैवी सम्पद मण्डल आश्रम के स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती ने कहा कि सदा बोध सनातना यह सदा से ही रहा है और यह किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा चलाया नहीं गया है। यह मानव मात्र नहीं बल्कि प्राणी का कल्याण करने हेतु है। उन्होंने कहा कि अब हम वैचारिक रूप से संक्रिण होते चले आ रहे हैं। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः'के अनुसार ही हम लोग कार्य करते रहे हैं और यही हमें विश्व में सबसे अलग बनाती है। परमात्म बोध आश्रम के महराज दण्डी स्वामी ने कहा कि कुंभ का सौभाग्य सिर्फ हमारे देश को मिल रहा है। दुनिया में हम लोग सबसे



अनोखे हैं कि हमने इस धरा पर जन्म लिया है। महाकुंभ के विशेष मौके पर स्मारक समिति ने कार्यक्रम को आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है, वह वास्वत में बहुत ही प्रेरणादायक है। यह हर 12 वर्ष में आयोजित होता है और हम अपनी जिंदगी में सुधार करना है। राणा बेनी माधव स्मारक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेते हुए इस कुंभ में भागीदारी जताते हुए संतों का समागम करने का निर्णय लिया गया। आज अपने आशीष के लिए इन संतों की उपस्थिति से अध्यात्मिक और धार्मिक का तेज प्राप्त हो रहा है। संत समागम में जिले के प्रसिद्ध संतों का सम्मान की कड़ी में बालेश्वर मंदिर के झिलमिल महराज, गंगापुर कुटी राम जानकी आश्रम के 108 महाराज राम वचन दास जी महाराज, महराजगंज स्थित बबुरिहा आश्रम के लक्ष्मण दास महाराज, गौरा आश्रम के स्वामी विजय राव दास जी, स्वामी नरेंद्रदेवानंद सरस्वती, गोपाल शरण जी महाराज, कथा व्यास गोविंद भाई जी, संकट मोचन आश्रम डलमऊ के महंत श्रीकृष्णा बिहारी जी का सम्मान और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके साथ ही शहर के प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा, अक्षत तिवारी, भीमशंकर द्विवेदी, रामकेश, नीलेश मिश्रा, दीपू मिश्रा, गंगा प्रसाद पाण्डेय, पीयूष तिवारी, शिव बहादुर बाजपेई समेत 20 पुजारियों का सम्मान किया गया। जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह और जेलर हिमांशु रौतेला का संतों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सूरज शुक्ला ने किया। इस मौके पर स्मारक समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, राजा राकेश प्रताप सिंह, अशोक सिंह रामपुरी, रविंद्र सिंह, हरिहर सिंह, डॉ0 मनीष चौहान, डॉ0 आशुतोष सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, विवेक विक्रम सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, बबलू केसरिया, लखन सिंह, उमेश सिकरिया, शिव कुमार सिंह, डायट प्राचार्य जेपी सिंह, विजय सिंह बघेल, प्रमेन्द्र पाल गुलाटी, राकेश सिंह, एसपी सिंह, शिवम सिंह, गोविंद खन्ना, ममता कुबेले, डॉ0 रवि प्रताप सिंह, डॉ0 चम्पा श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, डॉ0 आरबी श्रीवास्तव, सुभाष महर्षि, शशांक सिंह राठौर लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने विराट किसान मेले के द्वितीय दिवस का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजनान्तर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का आयोजन आई0टी0आई मैदान के द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। विनोद कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा मेले में आये हुए कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु किसानों को जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित किया और पी0एम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प का लाभ प्राप्त करने हुए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्टालों का अवलोकन किया गया और अपने संबोधन में किसानों को बताया कि




किसान भाई इस मेले में लगी प्रदर्शनी एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिये गये अनुभवो को अपने खेती में उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 05 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा दो किसान को कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं एक एफ0पी0ओ0 को फार्म मशीनरी बैंक की चाबी सौंपी गई। कृषि वैज्ञानिक डा0 मनोज कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी द्वारा किसानों को भूमि में जीवांश कार्बन की कमी को दूर करने हेतु किसानों से आह्वान किया गया वे गोबर की खाद एवं हरी का खाद का प्रयोग करके उक्त कमी को दूर कर अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है।पूजा मौर्या शोध छात्रा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन की खेत के बाहर एवं खेत के अन्दर (इन-सीटू, इक्स सीटू) के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से अपील की आप फसल अवशेष अपने खेतों में न जलाए उसको बेस्ट डी0 कम्पोजर एवं पूसा डी0 कंपोजर कैप्सूल का प्रयोग करके सभी फसल अवशेषों को सड़ाकर खाद के रूप में खेतों में प्रयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढाये। मदन चंद्र प्रगतिशील कृषक जनपद उन्नाव द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत दशपर्णी अर्क बनाने की विधि एवं इनका फसलों में कैसे प्रयोग करके प्राकृतिक खेती में कैसे लाभ प्राप्त कर सकते है। डा0 एस0बी0 सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर द्वारा उद्यानिक फसलों जैसे आम में फूले के बचाव हेतु नैपथेलिक एस्टिक एसिड(एन0ए0ए0) के विस्तृत प्रयोग के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देते हुए स्ट्राबेरी की खेती हेतु प्रोत्साहित किया। हर व्याख्यान के बाद के प्रश्न पूछा जाता है और किसानों द्वारा सही उत्तर देने पर उन्हें इफ्को की तरफ से पुरस्कार दिया जा रहा है।डा0 अनिल शुक्ला एनिमल ब्रीडिंग सेंटर सलोन द्वारा बताया गया कि कृषकों को सार्टसीमन का प्रयोग करना चाहिए जिससे 90 प्रतिशत बछिया होने की सम्भावना रहती है, जिससे छुट्टा जानवरों की समस्या दूर हो सकती है। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय द्वारा अन्त में पी0एम0 प्रमाण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नैनों यूरिया तथा नैनो डी0ए0पी0 के उपयोग को बढ़ावा देने तथा उर्वरको के संतुलित उपयोग एवं मुख्य उर्वरकों के वैकल्पिक साधनों को बढावा देने, मृदा परीक्षण कराने तथा इसके आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु आह्वान किया गया। अन्त में अधिकारियों एवं किसानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रथम दिवस के मेले के समापन की घोषणा की गई।

# छंटनी के विरोध में संविदा बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज पावर हाउस में कार्यरत संविदा बिजली कर्मियों ने छंटनी की कार्यवाही को लेकर धरना प्रदर्शन किया है। लालगंज डिवीजन में लगभग 400 संविदा बिजली कर्मी विभिन्न पदों पर तैनात है। पावर हाउस परिचालन से लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर, लाइनमैन के पदों पर अधिकतर संविदा कर्मी ही काम कर रहे हैं। संविदा कर्मियों ने बताया कि 1 दिसंबर से एमएस वर्ल्ड क्लास लिमिटेड को संविदा कर्मी सप्लाई का ठेका मिला है। नई कंपनी ने संविदा कर्मचारियों की छंटनी का शासनादेश जारी किया है। श्रमिकों ने शासनादेश के विरोध में पावर हाउस में एकत्रित होकर एकजुटता का प्रदर्शन कर विरोध जताया है और कहा है कि कर्मचारी हटाने के किसी भी आदेश का जमकर विरोध किया जाएगा। वास्तव में लालगंज देहात में 25000 के लगभग कंज्यूमर है। अगर संविदा बिजली कर्मी हटाए गए तो निश्चित रूप से विद्युत व्यवस्था



चरमरा जाएगी। संविदा कर्मी 8 वर्ष से बराबर काम कर रहे हैं। उनको हटाए जाने से उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो जाएगा। इस मौके पर अजीत प्रताप सिंह, आलोक, राजेश, मनीष ,विजय बहादुर यादव, राजन पाल ,शिव प्रसाद, शिवराज सिंह, राहुल, नंदलाल, धर्मेंद्र ,दीपक, बबलू, आदि संविदा कर्मी मौजूदरहे। वही लालगंज पावर हाउस के अवरर अभियंता बृजेश मौर्य ने बताया कि नई कंपनी को ठेका मिला है हालांकि अभी हटाने का आदेश उच्च स्तर पर ही है।

# एसडीएम सदर ने रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था का लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में ज्वाइन मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा द्वारा तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी के साथ शीत लहर व ठंड को देखते हुए मध्य रात्रि में अस्पताल चौराहा पर रैन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया इसके पश्चात पैदल भ्रमण कर ओवर ब्रिज सिविल लाइन व ओवर ब्रिज इंदिरा नगर का निरीक्षण कर देखा गया कि कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले में तो नहीं सो रहा है लेकिन निरीक्षण के दौरान कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला। उप जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त आर0आई0/लेखपाल को निर्देशित किया गया कि शीतलहर के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि में भ्रमणशील रहकर सभी निर्धारित बिंदु पर अलाव जलवाने की व्यवस्था के साथ यह भी सुनिश्चित कराये कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोये, यदि कहीं कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है तो उसे पास के रैन बसेरे में शिफ्ट कराए।

# भाजपा के जिला अध्यक्ष पद को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं में रहा जबरदस्त उत्साह,76 लोगों ने किया नामांकन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन के चुनाव का कार्य चल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने संघठनात्मक चुनाव को पर्व की तरह मानकर एक अभियान छेड़ रखा है। मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद गुरुवार को जिला कार्यालय में प्रांतीय परिषद और जिला अध्यक्ष के पद के लिए छोटे-बड़े 76 भाजपा कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया है। पिछली बार 49 कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया था इस बार पिछली बार से 26 अधिक नामांकन हुए हैं वहीं प्रांतीय परिषद के लिए 16 कार्यकर्ताओं ने नामांकन कियाहै। नामांकन लेने के लिए जिला चुनाव प्रभारी राकेश मिश्रा, जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा कार्यालय में डटे रहे। किसी भी भाजपा कार्यकर्ता को निराश नहीं किया। जिला प्रभारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा संगठन है जहां सभी कार्यकर्ताओं का महत्व है सभी को तरजीह दी जाती है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सामान्य और महिला, दलित ओबीसी सहित सभी वर्गों का ध्यान



रखा गया है। महिला कार्यकर्ता को भी मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नामांकनों पर गहन चर्चा होगी,उसके बाद प्रदेश नेतृत्व जिला अध्यक्ष की घोषणा करेगा। जिला सहचुनाव अधिकारी जन्मेजय सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और प्रांतीय परिषद को मिलाकर कुल 92 कार्यकर्ताओं ने पर्चा भरते हुए नामांकन किया है। नामांकन के मौके पर पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, विधायक मनोज पांडे, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी जिला प्रतिनिधि शिवराम सिंह,जगन्नाथ पांडे ,विकेश द्विवेदी , मंडल अध्यक्ष प्रदीप लोधी भी पहुंचे।पार्टी कार्यालय में नामांकन के लिए मेले जैसा माहौल रहा। जिला अध्यक्ष का नामांकन करने वालों में जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, भाजपा नेता अनुभव कक्कड़,पूर्व जिला अध्यक्ष अजयत्रिपाठी, रामदेव पाल, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री दिनेशत्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी, शरद सिंह ,वीरेंद्र सिंह, शिव प्रकाश उर्फ बच्चा पांडे, अमरेश मौर्य, भोलेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, राम सुमेर लोधी, राधेश्याम पाल, रमाकांत लोधी, गोविंद सविता आदि 76 लोगों ने नामांकन कियाहै। वहीं भाजपा नेता जेपी सिंह सहित 16 कार्यकर्ताओंने प्रांतीय परिषद के लिए नामांकन किया है।

# डीएम ने एलईडी स्क्रीन का किया शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने नगर पालिका परिषद द्वारा फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थापित करायी गयी आउटडोर एल0ई0डी0 डिस्प्ले सिस्टम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत प्रचार से जुड़ी इस स्क्रीन की स्थापना कराई गई है,इस परियोजना की लागत लगभग 18.00 लाख रुपए,05 वर्ष के संचालन और रखरखाव सहित है। इस डिस्प्ले के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य जागरूक होकर उन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही विज्ञापन के द्वारा नगर पालिका को आय भी अर्जित होगी। विज्ञापन से मिलने वाली धनराशि को शहर के विकास कार्यों में लगाया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शीघ्र खोले जाएं नैनी के बंद कारखाने: संजय पाठक

## नैनी उद्योग व्यापार मंडल संघ के गठन का निर्णय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** अखिल भारतीय सनातन धर्म परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं नमोसेना के राष्ट्रीय महामंत्री प्रशासनिक पंडित संजय पाठक ने नैनी क्षेत्र के बंद पड़े कारखाने को फिर से खोले जाने, औद्योगिक क्षेत्र की पुनर्स्थापना, व्यापारियों की समस्याओं के निदान एवं नैनी के विकास हेतु नैनी उद्योग व्यापार मंडल संघ बनाए जाने की घोषणा की है।
उन्होंने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री एवं हेमवती नंदन हेमवती नंदन बहुगुणा जी के प्रयासों से प्रयागराज के यमुनापार नैनी क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया गया था। औद्योगिक क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद इस क्षेत्र के 16 गांव के किसानों की जमीन कल कारखानों की स्थापना हेतु सरकार द्वारा ली गई। सरकार द्वारा जमीन लेने के पश्चात छोटे-बड़े



सैकड़ो कारखाने यहां स्थापित हुए और वह चलने भी लगे। नैनी में कल कारखानों की स्थापना से क्षेत्र का विकास बड़ी तेजी से हो रहा था एवं लोगों को रोजगार भी मिल रहा था। लेकिन इस दौरान अचानक धीरे-धीरे करके सभी कारखाने बंद होने लगे। आज स्थिति यह है कि 90त्न पुराने कारखाने बंद पड़े हैं। कारखाने बंद हो जाने के कारण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है। किसानो की जमीन जो खेती के काम में आती। वह कारखाने के निर्माण के लिए ले ली गई। कारखाने भी बंद है। कारखानो में काम करने वाले मजदूर भी बेरोजगार हो गए और कारखाने की जमीन पर पहले खेती करने वाले किसान भी बेरोजगार हो गए। पंडित संजय पाठक ने कहा है कि इस वजह से क्षेत्र के लोगों को दो तरफा मार झेलनी पड़ी। नैनी क्षेत्र के बंद कारखानो को फिर से खोले जाने के लिए बहुत दिनों से क्षेत्र की जनता के द्वारा सरकार से मांग की जा रही है कि नैनी के बंद पड़े कारखाने को फिर से खोला जाए। लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा नैनी के बंद पड़े कारखाने को फिर से खोले जाने हेतु सक्रिय दिलचस्पी नहीं लिए जाने के कारण क्षेत्र की जनता में भारी रोष व्याप्त है। पंडित संजय पाठक ने कहा है कि नैनी क्षेत्र के बंद कारखानो को खोलने एवं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु समाज के सभी वर्ग लोगों के सहयोग से नैनी उद्योग व्यापार मंडल संघ का शीघ्र ही गठन कर, फिर संघ द्वारा व्यापक पैमाने पर आंदोलन चलाया जाएगा। ताकि नैनी प्रयागराज में बंद कारखानों को फिर से खोले जाने हेतु सरकार द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा सके।
श्री पाठक ने कहा है कि जो लोग संगठन से जुड़ना चाहते हैं। वे शीघ्र संपर्क करें। नैनी क्षेत्र के व्यापारिक एवं मजदूर संगठनों, पत्रकार बंधुओ, उद्योगपतियों, कल कारखानों के संचालकों तथा नैनी की जनता की आम राय से नैनी उद्योग व्यापार मंडल संघ के पदाधिकारियों की शीघ्र ही घोषणा की जाएगी और कार्यकारिणी का गठन होगा। उसके बाद नैनी क्षेत्र के कल कारखानों को फिर से खोले जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सभी संबंधित नेताओं, मंत्रियों, सांसदों विधायकों को ज्ञापन भेजा जाएगा।

## बाइक सवार युवक की मौत

**झूंसी।** शास्त्री पुल के निकट झूसी में बुधवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्द नाक मौत हो गई सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव सड़क से हटा कर बगल पटरी पर रखा और लिखा पढ़ी कर पी एम के लिए भेज दिया।
जानकारी के मुताबिक बुधवार की देर रात शास्त्री पुल के निकट झूसी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दवा कारोबारी अनिमेष कुमार मिश्र उम्र 36 वर्ष पुत्र सतेंद्र मिश्रा जो मूलनिवासी बलिया का रहने वाला था शहर के साउथ मलका में परिवार सहित रहता था। झूंसी में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसमे उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गया और सड़क पर उसका शरीर पड़ा था लोगो की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को सड़क से पटरी पर किया और पहचान में जुट गई उसके पास पर्स में आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज से पता चल पाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्डम के लिए जिला अस्पताल में भेज दिया।

## लेड़ियारी में आसान नहीं होगा जल संरक्षण, तालाबों पर कब्जा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** जल ही जीवन है। जल है तो पर्यावरण है। पर्यावरण है तो धरती है। और धरती है तो कल है। यह चारों स्लीगन अपने दामन में संसार समेटे है। जल संरक्षित करने के लिए कस्बा के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तालाब मौजूद है। जिम्मेदारों की मेहरबानी पर कुछ ही तालाब जीवित है। बाकी तालाबों पर खेती किसानी और इमारत खड़ी हो गई है। ऐसी परिस्थिति में घटते भू - जल को आखिर कैसे बचाया जा सकेगा । उदाहरण यह आलम है कि पूर्वजों का धरोहर को भी संभालना मुश्किल हो गया है । सगरा तालाब में कूड़ां कचरा डालकर भवन निर्माण कार्य कराया है । लेड़ियारी बाजार 7 तालाब है । नीबी तीन, किहुंनी कला दो, किहुंनी खुर्द दो, डीही खुर्द दो, पथरपुर में एक, धोबहट मे दो, कैथवल एक, कोलसरा में दो उसरी, गोदहा, पवांरी, में एक - एक देईबांध दो बहरैचा दो तालाब अभिलेख में दर्ज है । अधिकांश तालाब की अस्तित्व



विहिन है । 10 तालाब को जीवित बताया जा रहा है । वहां भी कुछ भाग पर कब्जा कर समेट दिया है । जल ही जीवन है । यदि आधार बनाकर कोई जल संरक्षण पर काम करने का मन बनाए तो आखिर कहा बनाएं । गर्मी में पशु - पक्षी, पेड़, पौधे और मनुष्यों का बगैर पानी जिंदा रहना नामुमकिन है । चंद ही ऐसे हैं । जिसमे पानी भरा होता है । कस्बा के काली जी मंदिर के ठीक सामने नीबी के लोग आकर मिट् टी से पाटकर भवन निर्माण कार्य कराया । वहीं पूर्वी हिस्से का अंश पर मकान बन गए । जबकि 44 बीघे का तालाब शेष एक बीघे बचा है । सगरा तालाब अपनी उदासीनता पर मातम कर रहा है ।
स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी तालाब कब्जा युक्त है । तो सगरा तालाब की साफ-सफाई कराने के बाद उसी जल संरक्षण के लिए सजाया संवारा जा सकता है ।
ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने बताया कि अभी तालाब के लिए कोई मद नहीं आया है । जैसे कि वजट पास होने पर इसकी कायाकल्प बदल जाएगा ।
इस संबंध में कोरांव विकास खंड अधिकारी मनोज कुमार सिंह को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं की ।

# भाजपा के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों को विधायक ने किया सम्मानित



**कोरांव(प्रयागराज)।** विधान सभा क्षेत्र कोरांव के भाजपा विधायक राजमणि कोल ने गुरुवार को सभी नव निर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों को अपने निज निवास धौखर स्थित कार्यालय पर सम्मानित कर उन्हें पार्टी के द्वारा सौंपे गए दायित्वों का सफल निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा पार्टी हित में लगातार रुप से समर्पित होकर काम करने का परिणाम है कि आप सबको शीर्ष नेतृत्व द्वारा अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। कहा कि पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करने वाले व्यक्ति को उसका उचित परिणाम मिलता है और व्यक्ति अपने जीवन की पराकाष्ठा को हासिल कर लेता है। नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों में कोरांव मंडल अध्यक्ष हरिकृष्ण द्विवेदी उर्फ बबुआन , अयोध्या मंडल अध्यक्ष करुणेन्द्र श्रीवास्तव , कोहड़ार मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी उर्फ राजू , बड़ोखर मंडल अध्यक्ष रामराज पटेल व लेड़ियारी मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह पटेल के अलावा नव निर्वाचित जिला प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उक्त के अलावा प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यमुनापार शिवदत्त पटेल , पूर्व जिलामंत्री रामेश्वर द्विवेदी , भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी , भाजपा नेता कृष्ण मुरारी द्विवेदी उर्फ शशी , शिवा कान्त पाण्डेय , बृजेश तिवारी , विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकारी तालाब पर कब्जे की होड़, प्रशासन असहाय



**जारी (प्रयागराज)।** विकास खंड जसरा के जारी बाजार स्थित राजा के तालाब के नाम से विख्यात तालाब की 8 बीघे बेश कीमती जमीन पर भूमाफियाओं ने नजर गड़ा रखी है। भू माफिया लगातार तालाब को पाट कर उस पर भवन निर्माण कार्य करवाने का काम कर रहे हैं। वहीं प्रशासन अपने को कमजोर व असहाय मानकर इन भू माफियाओं के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई करने से कतरा रहा है। बता दें कि जारी बाजार में प्रयागराज रीवा नेशनल हाईवे से सटा हुआ 8 बीघा तालाब है। नेशनल हाईवे से सटे होने के चलते यह जमीन बेस कीमती है। तालाब के लगभग आधे भाग पर भूमाफियाओं ने भवन निर्माण करवा कर जमीन को कब्जा कर रखा है। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार तहसील प्रशासन से शिकायत के बाद भी आज तक तालाब की जमीन को प्रशासन द्वारा इन भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त नहीं करवाया जा सका है। अभी हाल ही में वर्तमान में हो रहे एक भवन निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए हल्का लेखपाल के साथ स्थानीय जारी पुलिस मौके पर गई भी। लेकिन पुलिस फोर्स की तादाद कम होने के चलते प्रशासन को मजबूरन बैरंग वापस लौटना पड़ा और एक बार फिर से एक भूमाफिया ने तालाब की जमीन पर जबरन कब्जा कर भवन निर्माण करवा लिया। स्थानीय लोगों की माने तो राजा शंकरगढ़ ने इस तालाब को जनहित में छोड़ रखा था। जिसमें भरा पानी पशु पक्षियों के पीने के काम में आता था। विगत कई वर्षों से इस तालाब पर कब्जे का शुरू खेल, इस तालाब के अस्तित्व को ही खत्म कर चुका है।

## तीन दिवसीय खेल का शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**उतरांव।** उतराव क्षेत्र हाईवे के बगल प्यागीपुर गांव स्थिति एस जे एस पब्लिक स्कूल मे तीन दिवसीय खेल का शुभारम्भ हुआ। एस जे एस स्कूल के संस्थापक सर्वजीत सिंह पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप जलाकर खेल का शुभारम्भ किया।
खेल के प्रथम दिन गुरवार को परेड, मशाल, खो खो, जैवलिंन थ्रो, कबड्डी वही दूसरे दिन शुक्रवार को रेस 100 मीटर ,400मीटर, रिलेरेस, शतरंज, कैरम, क्रिकेट, खेल होगा और 12 जनवरी दिन रविवार को तीसरे दिन समस्त खेलो का फाइनल होगा। यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक चंद्रभान सिंह ने दिया। इस अवसर पर संतोष कुमार प्रधानाचार्य, देवराज यादव उप प्रधानाचार्य, दीपचन्द उप प्रधानाचार्य, हरि मोहन मिश्रा, अरविन्द पटेल, उमाशंकर, राघवेंद्र, श्यामबाबू, शशी मिश्रा, संध्या, मंजू, तैयबा, नफिस, रशिम, श्रद्धा, हेमा, गीता, जीनत, अंशुँ, खुशबू आदि लोग उपस्थित रहे। खेल कार्यक्रम का सॉंचलन विभागाअध्यक्ष राजकुमार ने किया।

## फूलपुर में महिलाओं को किया जागरूक

**फूलपुर ।** मिशन शक्ति के तहत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत गुरुवार को थाना फूलपुर की महिला उपनिरीक्षक विभा सिंह ने कस्बे के शेषपुर मोहल्ले प्रतापपुर रोड आदि पर महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं छात्राओं को उनके सम्मान एवं सुरक्षा हेतु बचाव के ढेर सारे टिप्स दिए हैं। जिनमे 1090 वूमेन पावर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सीएम हेल्पलाइन वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन योजना तथा छात्रों के आत्म रक्षार्थ कई सुरक्षात्मक हेल्पलाइन नंबर बताएं। जिस पर फोन करके उन्हें तत्काल पुलिस सहायता मिल जाएगी। सभी सुरक्षात्मक उपाय संबंधी पफ्लेट भी वितरित किए।

## महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**बहरिया ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकन्दरा चौकी अन्तर्गत चिन्तामनपुर गांव निवासिनी सावित्री देवी पटेल पत्नी हीरालाल ने घर के बगल में एक विवादित जमीन पर लकड़ी रखी हुयी थी । आरोप है कि गांव के ही पड़ोस में रहने वाले ओमशिव, चन्द्रभान, और प्रीती आदि लोगो ने उक्त लकड़ी को उठाकर ले जा रहे थे कि साविदेत्री देवी ने मना किया जिस पर खुन्नस में आकर उपरोक्त लोगों ने गाली गुप्ता देते हुये जमकर पीटा तथा जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये । सावित्री देवी पटेल ने उक्त घटना की लिखित तहरीर बहरिया थाने पर दी । तहरीर मिलते ही बहरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुये मामले की जांच शुरू कर दी हैं ।

## सर्दी का कहर, दिन में अच्छी लग रही धूप, रात में छूट रही कंपकंपी

### गलन ने बढ़ाई मुश्किलें अगला सप्ताह रहेगा चुनौतीपूर्ण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** सर्दी ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। साफ आसमान और शुष्क हवाओं ने ठंड के प्रकोप को और बढ़ा दिया है।बुधवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रात साबित हुई। जब न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।पिछले एक सप्ताह में तापमान में सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। जिससे गलन और ठिठुरन ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बढ़ती ठंड ने सबसे अधिक असर गरीब तबके और बेसहारा लोगों पर डाला है। फुटपाथों पर रात बिताने वाले लोग बिना गर्म कपड़ों और पर्याप्त इंतजाम के खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर हैं । सर्दी के बढ़ते असर ने बाजारों की रौनक को फीका कर दिया है। केवल गर्म कपड़ों के बाजार में ही भीड़ दिख रही है। गलन के कारण लोग गैर -जरूरी कामों के लिए घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं । सुबह और शाम के समय गलन इतनी ज्यादा हो जाती है कि बाजार और सड़कें जल्दी खाली हो जाती हैं दुकानदार ठंड के कारण समय से पहले दुकानें बंद कर रहे हैं । ठंड के बढ़ते प्रकोप का स्वास्थ्य पर भी गहरा असर हो रहा है । स्थानीय अस्पतालों में सर्दी - जुकाम , बुखार , निमोनिया और अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है । बुजुर्ग और बच्चों खास तौर पर सर्दी से अधिक प्रभावित हो रहे हैं । डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वह ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहने गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें । और ठंड से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहे । प्रशासन ने ग्रामीणों के विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था नहीं की है । लेकिन इनकी संख्या जरूरतमंदों के मुकाबले काम नहीं हो रही है । कई इलाकों में अलाव की व्यवस्था भी नहीं की गई है । लेकिन यह ठंड की तीव्रता को कम करने के लिए पर्याप्त नहीं है` । मौसम विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि वह ठंड से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाएं। ऊनी कपड़े पहनें , घरों में ठंड से बचने के लिए गर्म हवा वाले हीटर का इस्तेमाल करें और ज्यादा ठंड में बाहर निकलने से बचे।

## गोवंशों को नहीं मिल रही छत, फसलों पर हमला



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बेसहारा गोवंशों को आश्रय देना प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते एक तरफ गोवंश भुखमरी की कगार पर हैं तो वहीं दूसरी ओर किसानों की फसलें नष्ट हो रही है। कस्बे के ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसानी का काम जोरों पर है।गोवंशों के आश्रय स्थल न पहुंचने के कारण इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों गोवंशों का झुंड फसलों पर हमला बोल रहे हैं। हालांकि काश्तकार अपनी फसलों की सुरक्षा के तमाम इंतजाम तो जरूर किए हैं। लेकिन भूख मिटाने के लिए गोवंश फसलों को नष्ट कर रहे हैं। यदि इन बेसहारा गोवंशों को आश्रय स्थल पहुंचा दिया जाए। तो उन्हें चारा पानी के साथ उनका इलाज की भी समुचित व्यवस्था कर दी जाए। तो इससे किसानों को भी राहत मिल सकती है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते उन्हें आश्रय स्थल की छत नहीं मिल पा रही है और न ही बीमार होने पर उन्हें समुचित इलाज मिल पा रहा है । इससे असहाय गोवंश काल के गाल में समा रहे हैं । वहीं उनके बाद चारे का भी इंतजाम ठीक से नहीं हो पा रहा है। कोरांव बीडीओ मनोज कुमार सिंह से बात करने का प्रयास किया । लेकिन मोबाइल आउट ऑफ नेटवर्क बताने के चलते बात नहीं हो सकी।

# फर्जी लेखपाल और वन दरोगा की मिली भगत से वन विभाग की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा की होड़

### अवैध कब्जा को लेकर कई लोगों में खूनी संघर्ष की संभावना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया वन क्षेत्र अंतर्गत गुलचपा गाँव में वन विभाग की करोड़ों की जमीन पर इस समय भूमाफियाओं की नजर गड़ी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि फर्जी लेखपाल और एक वन दरोगा की मिली भगत से इस समय करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कई दावेदार खड़े हो गए हैं। जिससे उनमें खूनी संघर्ष की होने की पूरी संभावना बन गई है। कोई लकड़ी गिरा रहा है तो कोई गुमटी रख कर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। आपको बताते चले की फूलपुर सैदाबाद मुख्य मार्ग पर गुलचपा गांव स्थित है। इसी गांव में वन विभाग की सड़क पर करोड़ों रुपए की जमीन है। इस गांव के लोगों का आरोप है कि एक फर्जी लेखपाल



जो राजस्व निरीक्षक का बस्ता उठाता है। अपने को लेखपाल बताकर वन विभाग की सरकारी जमीन पर लोगों से मोटी रकम वसूल कर कब्जा दिला रहा है। जमीन पर किसी का लकड़ी गिरवाना किसी की गुमटी रखवाना उसकी आदत में शुमार है। मंगलवार की रात वन विभाग की जमीन पर कई ट्रैक्टर लकड़ी गिराकर कब्जा करने की कोशिश की गई है। यह सूचना वन विभाग के हंडिया रेंजर अनिल सिंह को हुई तो दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए फूलपुर थाने में नामजद तहरीर दी गई है।
फूलपुर कोतवाली प्रभारी ने जांच की बात कही है।

## सीएचसी सोरांव में निःशुल्क नेत्र शिविर आज

**इस्माइलपुर(प्रयागराज)।** सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र सोरांव में कल यानी 10 जनवरी शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया है। यह जानकारी डाक्टर जी पी चौरसिया ने दी है। मोतियाबिंद आदि के मरीज कैंप का लाभ उठाएं।

## सपा की फाफामऊ विधानसभा स्तरीय बैठक होलागढ़ में 12 को

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी की फाफामऊ विधान सभा स्तरीय एक आवश्यक बैठक 12 जनवरी को होलागढ़ स्थित पार्टी कार्यालय मे होगी। विधान सभा अध्यक्ष अमर सिंह यादव ने बताया कि बैठक में सभी जोनल अधिकारी, सेक्टर प्रभारी आदि मौजूद रहेंगे।

# विकास की बाट जोह रहे, सुजनी न्याय पंचायत के कई गांव

**जारी (प्रयागराज)।** तीन तरफ से टोंस नदी से घिरे सुजनी न्याय पंचायत के कई गांव रेंगा, कोटर, चंद्रोदया, बडिडहा, मझियारी, लोहरा, कौहट, सुजनी, पालपट्टी, आज भी विकास से कोसों दूर है। आजादी के सात दसक बीत जाने के बाद भी यह क्षेत्र आज भी चिकित्सा शिक्षा जैसी मूल सुविधाओं से तो दूर ही है साथ ही साथ इन गांवों में पानी व सुरक्षा संबंधित कोई इंतजाम नहीं है। न्याय पंचायत के उपरोक्त गांवों के बीच में आज भी बच्चे बच्चियों की उच्च शिक्षा के लिए एक भी माध्यमिक विद्यालय नहीं है। इतना ही नहीं कुछ गांव में जैसे कोटर, और चन्दोदया के बीच में एक भी पूर्व माध्यमिक विद्यालय भी नहीं हैं। जिसके चलते लड़कियों की शिक्षा तो लगभग प्राइमरी के बाद बंद ही हो जाती है । बच्चे किसी तरह से दूरदराज या आसपास के गांवों में जूनियर की शिक्षा तो ले लेते हैं, लेकिन उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए उनको लगभग 12 से 15 किलोमीटर की दूरी अपने निजी साधन से तय करनी पड़ती है।क्यौ कि क्षेत्र में साधन भी नहीं चलते हैं। न हीं स्वास्थ्य समस्या होने पर इलाज के लिए एक भी स्वास्थ्य केंद्र ही हैं। सिंचाई के लिए एक नहर जरूर इन गांवों के बीच में से निकाली गई है, लेकिन उस नाहर में पानी कभी-कभी ही आता है। जो पानी कुछ गांव के किसानों को तो मिल जाता है लेकिन ज्यादातर गांवों के किसान सिंचाई के लिए पानी को भी तरस रहे हैं। पैसों के रखरखाव के लिए क्षेत्र में कहीं भी न तो कोई बैंक है और ना ही निकासी के लिए कोई एटीएम आदि की ही व्यवस्था है। जिसके चलते लोगों को पैसों के जमा निकासी के लिए गांव से 10 किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। सुनसान और जंगली रास्ता होने के कारण पैसा लेकर आने जाने में उनके जान का खतरा भी बना रहता है।सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इस क्षेत्र में कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। तीन ओर टोंस नदी से घिरा यह क्षेत्र एकदम जंगली है, बावजूद इसके आज तक इस क्षेत्र में एक भी पुलिस चौकी नही है। इलाके का थाना खीरी यहां से लगभग 20 किलोमीटर दूर है जिसके चलते इस क्षेत्र में अपराधी प्रवृत्तियों वाले लोगों का बोलबाला रहता है।
थाना व पुलिस न होने के चलते इस क्षेत्र में आवैध कारोबार जैसे गांजा व शराब की बिक्री आदि गैर कानूनी काम खूब फल फूल रहे हैं।

### स्थानीय लोगों की जुबानी

न्याय पंचायत सुजनी के अंतर्गत एक भी माध्यमिक स्कूल न होने के कारण कई बच्चे बच्चियों को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है। तो वही प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल के न होने से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। जनप्रतिनिधियों का क्षेत्र की ओर ध्यान न देना चिंता का विषय है।

**लल्लू प्रसाद त्रिपाठी**
**पूर्व प्रधानाचार्य व पूर्व प्रधान ग्राम रेंगा, प्रयागराज**

क्षेत्र में प्राथमिक अस्पताल, चिकित्सालय, बैंक ,थाना, चौकी कुछ भी ना होने से हमें लगता ही नहीं कि हमारा गांव गांव है। ना जाने कितने सांसद विधायक आए और सभी ने झूठा आश्वासन दिया आज तक किसी ने भी हमारे क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दिया।

**राजेंद्र प्रसाद तिवारी**
**ग्राम कोटर, प्रयागराज**

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के सोनाई गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र कमला प्रसाद व रामचंद्र बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के मनु का पूरा गांव के समीप पहुंचे थे




कि दूसरा बाइक सवार सूरज तिवारी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद तिवारी की सामने से भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के देवनीपुर गाँव निवासी युवती से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल कर शादी तुड़वाने वाला रेप का आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया। देवनीपुर गांव निवासी रामदेव पुत्र देवराज बिंद पर एक युवती का आरोप है कि युवक प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म करने के बाद उसका अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया । उसके बाद उसी अश्लील वीडियो की आड़ में वह



उससे निरंतर दुष्कर्म करने लगा। यहीं भर नहीं आरोपी रामदेव के द्वारा युवती की दूसरे जनपद में तय हुई शादी को वीडियो वायरल कर तुड़वा दिया गया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुधवार को पुलिस ने आरोपी राम देव बिंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों का अभिनन्दन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** नवनियुक्त फूलपुर मंडलाध्यक्ष अनिल कुमार मौर्य का स्वागत गुरुवार को सेक्टर संयोजक राजू साहू बहरिया के दुकान पर उनके नेतृत्व में किया गया उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष फूलपुर अनिल कुमार मौर्य को माला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर गिरिजा शंकर पाण्डेय, सतीश तिवारी, विकास



गुप्ता,काशीनाथ मिश्रा, जगन्नाथ मौर्य, गिरिजा दत्त द्विवेदी, कमलेश पाल,पूर्व प्रधान मनोज यादव, अभिषेक द्विवेदी व शुभम मिश्रा समेत काफी कार्यकर्ता रहे। इसी प्रकार से नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष बहरिया पंकज कुमार श्रीवास्तव का स्वागत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार बिंद के नेतृत्व में किया गया इस मौके पर मुकेश शुक्ला,राकेश पाल, प्राणनाथ मिश्रा व क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रशेखर आदि लोगों रहे।

# आरएलडी नेता रामाशीष राय का जन्मदिन केक काट कर मनाया



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रामाशीष राय का जन्मदिन केक काटकर हर्ष के साथ मनाया गया। आज डीडीपुरम में जिलाध्यक्ष मो0मतलूव एड0 के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का जन्मदिन केक काटकर पार्टी के पदाधिकारियों ने हर्ष के साथ मनाया। इसी तरह लखनऊ में भी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय पर रामाशीष राय का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया।

जिलाध्यक्ष मो0 मतलूव एड0 ने कहा प्रदेश अध्यक्ष बहुत ही कर्मठ एवम् संघर्षी व्यक्तित्व के स्वामी हैं मैं उनके दीर्घायु होने की कामना करता हूं। प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने में लगे हैं आज उनके जन्म दिवस पर हमारी तरफ से उनको बधाई और शुभकामनाएं।

जिला प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि हम उनके दीर्घायु की कामना करते हैं। सुशील पौल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बहुत ही अच्छे इंसान हैं उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं। वक्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के बारे में अपने अपने विचार रखे।इस अबसर पर एडमिन आर प्रेम ने संचालन किया। इस मौके पर गौस मोहम्मद,रहमत खां, मुस्तफा खान,अनवार खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वक्फबोर्ड के नाम पर कब्जा करने वालों से एक-एक इंच जमीन वापस लेंगे: सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार वक्फबोर्ड के नाम पर कब्जा की गई एक-एक इंच जमीन को वापस लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर जिन-जिन लोगों ने जमीनों पर कब्जा किया है, उन्हें यह जमीन वापस ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे भू-माफिआओं का बोर्ड करार दिया। योगी ने कहा कि यह बताना मुश्किल है कि यह वक्फ बोर्ड है या भू-माफिआओं का बोर्ड है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, राज्य सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और अब वक्फ के नाम पर कब्जाई गई हर एक इंच जमीन की सक्रिय जांच की जा रही है।

हम इसे वापस लेंगे और इस जमीन का इस्तेमाल गरीबों के लिए घर बनाने, स्कूल और अस्पताल बनाने में करेंगे।ष् वहीं, सनातन धर्म की प्राचीन विरासत पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कुंभ की परंपरा वक्फसंस्था से बहुत पुरानी है। सनातन धर्म की गहराई समुद्र से भी अधिक है और यह कभी भी किसी संप्रदाय या धर्म से तुलना नहीं की जा सकती। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके नेताओं पर कड़ा हमला भी किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को सही तरीके से समझने और पालन करने में नाकाम रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोहिया का एक प्रसिद्ध कथन याद करते हुए कहा, ष्डॉ. लोहिया ने कहा था कि अगर आपको भारत को समझना है, तो राम, कृष्ण और शिव की परंपराओं का अध्ययन करें। जो लोग लोहिया के सिद्धांतों का पालन करने का दावा करते हैं, वे कभी उनके असली अर्थ को समझ नहीं पाए। इसके अलावा, संभल में धार्मिक स्थलों पर हुए विवाद पर भी मुख्यमंत्री ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि पुराणों में संभल को भगवान श्री हरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का जन्मस्थान माना गया है। किसी भी धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण या उन्हें नुकसान पहुँचाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा, हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश पर त्वरित कार्रवाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया। वहीं, योगी ने एकता और अखंडता के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विभाजन हमेशा कमजोरी की ओर ले जाता है, जबकि एकता हमें शक्तिशाली और अजेय बनाती है। इस संदर्भ में, उन्होंने बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का नारा भी दिया।

# कौशल विकास, रोजगार सृजन, और उद्यमशीलता के लिए ऐतिहासिक पहल



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में गुरुवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश; प्राविधिक शिक्षा विभाग और मेधा फाउंडेशन के सहयोग से ÷पाथवे टू इम्प्लॉयमेंट समिट÷ का आयोजन किया गया। इस समिट का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के लिए सशक्त बनाना, महिला रोजगार को प्रोत्साहित करना, स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, और देश के आर्थिक विकास में योगदान देना है।

कार्यक्रम में 110 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठनों के शीर्ष प्रबंधकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस समिट ने शिक्षा, उद्योग, और सरकार के बीच साझेदारी को सुदृढ़ करने का मंच प्रदान किया, जिससे रोजगार और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश का स्वागत प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के अपर निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया। डॉ. हरिओम ने अपने संबोधन में कहा कि नीतियां बनाना आसान है, लेकिन उन्हें प्रभावी तरीके से अमल में लाना ही असली चुनौती है। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए एग्रो सेक्टर और छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# फार्मेसिस्ट हमारा परिवार, फार्मेसिस्टो को पूरा संरक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** फार्मासिस्ट हमारे परिवार के सदस्य हैं फार्मासिस्टों को औषधि विभाग का पूरा संरक्षण रहेगा। मरीजो को अच्छी दवाऐं मिले, नकली औषधियों को रोका जाए, इसका प्रयास हम सभी लोग मिलकर करेंगे, औषधि आयुक्त बृजेश कुमार ने आज फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस के अवसर पर यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए उक्त बाते कहीं, औषधि निरीक्षक निलेश शर्मा और संदेश मौर्य ने सभी फार्मासिस्टों को अपडेट रहने की सलाह दी और कहा कि ए डी आर, साइड इफेक्ट, डोज, प्रयोग, इंटरेक्शन की जानकारी आप सभी को होनी चाहिए जिससे जनता का फायदा हो सके। अर्बन आरोग्य मंदिर में फार्मेसिस्ट की नियुक्ति, रोजगार का सृजन सहित 14 सूत्रीय अनुरोध के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए युवा फार्मेसिस्टो ने आज यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के स्थापना दिवस को फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस के रूप में प्रदेश भर में मनाया। जनता के हित में फार्मेसिस्ट अधिकारों के सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। आज फेडरेशन की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष सुनील यादव का जन्मदिन भी प्रदेश भर में मनाया गया। सुबह सिविल अस्पताल में रक्तदान और मरोजों को फल वितरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 10 फार्मेसिस्टो ने रक्तदान भी किया। वन विभाग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में मदद करते हैं और रोगियों को निर्धारित उपचार, औषधि लेने का तरीके आदि के पालन के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। कम्युनिटी फार्मेसिस्ट , हॉस्पिटल फार्मेसिस्ट जहां मरीजों के उपचार में प्रमुख भूमिका निभाते हैं वहीं क्लिनिकल फार्मेसिस्ट फार्माकोविजिलेंस, दवाओं के प्रभाव दुष्प्रभाव ए डी आर आदि पर कार्य करते हैं, फार्मेसिस्ट की योग्यता के अनुसार उनके अधिकारों के सशक्तिकरण और जनहित में प्रयोग किए जाने की जरूरत है। फार्मेसिस्ट की पहुँच और विशेषज्ञता सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोग निवारण अभियानों का समर्थन करने और जेनेरिक दवाओं की सिफारिश के माध्यम से रोगियों के लिए लागत प्रभावी समाधान प्रदान करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भारतीय संयुक्त पार्टी का सुभासपा में हुआ विलय

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गुरुवार को भारतीय संयुक्त पार्टी का विलय सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) में हुआ। भारतीय संयुक्त पार्टी के अध्यक्ष काशी सिंह तथा पार्टी के संस्थापक डा. सिद्धनाथ गुप्ता ने सुभासपा की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए अपनी पार्टी के विलय की घोषणा की। पार्क रोड स्थित सुभासपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विलय की घोषणा की गई।

इस मौके पर सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पूर्व राज्यमंत्री डा. अरविंद राजभर तथा पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर उपस्थित थे। भारतीय संयुक्त पार्टी के संस्थापक डा. सिद्धनाथ गुप्ता ने कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ऐसे नेता हैं जो लगातार दलित, शोषित, वंचित व पिछड़ों की आवाज उठाते रहते हैं। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डा. अरविंद राजभर ने कहा कि पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का हिमायती बनने का हर दल दावा करते हैं, लेकिन समय आने पर भूल जाते हैं। वहीं इस समय दलित, शोषित, वंचित, पिछड़ों को उनका हक अधिकार दिलाने तथा उनकी आवाज बुलंद करने का काम सिर्फ ओम प्रकाश राजभर कर रहे हैं। उनके विचारों से प्रभावित होकर तमाम दलों के नेता लगातार सुभासपा से जुड़ रहे हैं।

# महाकुंभ में अपने पाप धोने जाएगी सरकार, हम पुण्य और दान के लिए जाएंगे: अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 के आगाज में अब कुछ ही दिन रह गए है। मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए खास तैयारियां की गई है। मेले में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस मेले में देश-विदेश से कई दिग्गज हिस्सा लेंगे। इसी बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से भी कुछ मीडिया पत्रकारों ने बातचीत करते हुए पूछा कि क्या वो महाकुंभ में जाएंगे? तो इस पर अखिलेश यादव ने एक बड़ा बयान दे दिया। लखनऊ के सपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बड़ा बयान दे दिया।

उन्होंने कहा, कुंभ में तीन तरह के लोग जाते हैं, पुण्य कमाने के लिए, दान करने के लिए और अपने पाप धोने के लिए। हम कुंभ में पुण्य और दान के लिए जाएंगे और सरकार वहां अपने पाप धोने जाएगी। उन्होंने बीते कुछ दिनों से चल रही तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। वहीं, अखिलेश यादव सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में विकास का कोई कार्य नहीं हो रहा है। आम जनता के हित में कुछ भी नहीं हो रहा है।

भाजपा ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सब व्यवस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। झूठ और लूट को भाजपा सरकार ने अपनी नीति बना ली है। बजट की लूट करना, गरीबों की जमीन पर कब्जा करना और विरोधी दलों के नेताओं और पार्टियों पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करना ही भाजपा का एकमात्र उद्देश्य रह गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीरस, नकारात्मक राजनीति करती है। आदित्य नाथ न योगी है, न मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद के दायित्व पर खरे उतरे है। प्रयागराज के महाकुंभ में महान पूज्यनीय संत, महात्मा, बाबा तपस्या में लीन हैं लेकिन अच्छा हो फरवरी 2027 में महाकुंभ के समापन के बाद संत, बाबा अपने गुरु भाई आदित्य नाथ जी को भी अपने साथ ले जाएं। यह उत्तर प्रदेश की जनता पर बहुत उपकार होगा। यह पुण्य कार्य जनहित में माना जाएगा।

# मेडिसिन कलेक्शन ड्राइव का भव्य शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** अभाविप एकेटीयू इकाई द्वारा क्लाथ कलेक्शन ड्राइव के तहत बाक्स आफ हैप्पिनेस व प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में लगने वाले फार्मासिस्ट इंटर्नशिप कैम्प के लिए मेडिसिन कलेक्शन ड्राइव का भव्य शुभारंभ ए के टी यू के उपकुलचिव डॉ0 आरके सिंह के द्वारा एकेटीयू परिसर किया गया परिसर के इकाई अध्यक्ष अंकुर अवस्थी ने बताया कि क्लॉथ कलेक्शन ड्राइव 7 दिनों तक चलेगी ,जिसके बाद उन्हें जरूरत मंद लोगो के बीच वितरित किए जायेगा।

अवध प्रांत के फर्माविजन प्रमुख प्रो0आकाश वेद ने मेडिसिन कलेक्शन ड्राइव के बारे में बताया कि अवध प्रांत के सभी फार्मेसी संस्थाओं द्वारा एकत्रित हुई सारी दवाओं को प्रयागराज महाकुंभ मेले में लगने वाले कैंप में भेजा जाएगा।

आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से फार्मा विजन के प्रांत प्रमुख डॉ0 आकाश वेद, नगर अध्यक्ष जानकीपुरम डॉ0रवि शर्मा, कार्यक्रम संयोजक विक्रांत तिवारी वा जय प्रकाश पाल, हर्ष पांडे सहित फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट से डॉक्टर विनय चतुर्वेदी, डॉक्टर गजेंद्र गुप्ता, डॉक्टर वर्षा शुक्ला, आरजू गुप्ता, शेफाली सिंह, फैकल्टी ऑफ़ फार्मेसी से डॉक्टर जयवीर सिंह, डॉक्टर विकास चौधरी, डॉ नीलकंठ, अंजलि, प्रिया सहित परिसर से समस्त छात्र वा परिषद के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश के आम आदमी की घरेलू बचत घट गई और जीएसटी टैक्स बढ़ गया: सुप्रिया श्रीनेत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं,सोशल मीडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत्र ने लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन पर आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र की भाजपा मोदी सरकार द्वारा देश की आम जनता पर भारी टैक्स लगाने का आरोप लगाया और जीएसटी गब्बर सिंह टैक्स से पीड़ित आम जनता को आगामी बजट में राहत देने की मांग की साथ ही आवश्यक घरेलू वस्तुओं और हेल्थ बीमा से जीएसटी हटाने की मांग की।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र के साथ मीडिया चेयरमैन डॉ सी. पी. राय, प्रदेश प्रवक्ता प्रवक्ता उमाशंकर पांडे,अंशू अवस्थी, सचिन रावत, और सोशल मीडिया वाइस चेयरमैन शालिनी सिंह उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में सुप्रिया श्रीनेत्र ने कहा कि आज से कुछ ही दिनों में सरकार अपना बजट पेश करने वाली है,यह बजट देश का भविष्य तय करेगा- क्या अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी या नौकरियां बनेंगी ? क्या उपभोग बढ़ेगा, क्या निवेश होगा ?

क्या लोगों पर जो महँगाई की मार है वह कम होगी ? और सबसे अहम सवाल क्या आम आदमी से जो जबरन टैक्स वसूला जा रहा है उसमें कुछ राहत मिलेगी, आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार सू बूट की इस सरकार में इनकम टैक्स, कॉर्पोरेट टैक्स से कहीं ज्यादा है. मतलब बड़े बड़े पूंजीपति आज आप से कम टैक्स दे रहे हैं।

सुप्रिया श्रीनेत्र ने कहा कि मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स के माध्यम से जिसे इस देश के सबसे अमीर और सबसे गरीब आदमी के लिए एक बराबर होना चाहिए. लेकिन इस सरकार ने ना सिर्फ जीएसटी का रायता फैलाया हुआ है बल्कि असलियत ये है कि आपके आटा, दही, दवाई, पढ़ाई और यहाँ तक कि पॉपकॉर्न और पुरानी गाड़ी बेचने पर भी जमकर जबरन जीएसटी वसूला जा रहा है , आज आम आदमी पर टैक्स ज्यादा है और कार्पोरेट उद्योगपतियों पर टैक्स कम। सुप्रिया श्रीनेत्र ने कहा कि मोदी सरकार हर महीने जीएसटी बवससमबजपवद करके खुशियां मनाती है. वो ये भी नहीं समझते कि ळैज् एक बवदेनउचजपवद जंग है मतलब यह टैक्स लोग उपभोग पर देते हैं. और गरीब अपनी अधिकांश आय का उपभोग करते हैं, जबकि अमीर अपनी आय का बड़ा हिस्सा बचाते हैं. इसीलिए जीएसटी की मार गरीबों पर ज्यादा पड़ती है. औसतन बवससमबजपवद का 64ः हिस्सा देश की आर्थिक रूप से निचली आधी आबादी मतलब इवजजवउ 50ः से आता है. जीएसटी का केवल 3ः शीर्ष 10ः से आता है. यह गरीबों पर लगने वाला टैक्स है जो बढ़ता ही जा रहा है, इस भार का सबसे खघ्राब प्रभाव मध्यम वर्ग और गरीबों पर पड़ रहा है।

# भड़के बिजली कर्मी आज मनायेंगे विरोध दिवस, संघर्ष का ऐलान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा बिजली के निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया को अनुमति प्रदान करने से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने 10 जनवरी को विरोध दिवस मनाने और निजीकरण वापस होने तक सतत संघर्ष का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के तहत ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए आरएफपी डॉक्यूमेंट को अनुमति प्रदान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और भड़काने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि इससे समस्त ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। पदाधिकारियों के मुताबिक ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते में स्पष्ट कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में कर्मचारियों को विश्वास में लिए बिना कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा। लेकिन आज एनर्जी टास्क फोर्स ने निजीकरण के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति का अनुमोदन इस समझौते का खुला उल्लंघन है। संघर्ष समिति ने कहा कि वर्ष 2000 में जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन किया गया था तब भी कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई थी और लगभग 15 करोड़ रुपए कंसल्टेंट पर व्यय किए गए थे। विद्युत परिषद के विघटन का प्रयोग पूरी तरह विफल साबित हुआ है। एक बार फिर कंसल्टेंट की नियुक्ति कर सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है और अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण पैदा किया जा रहा है।

# डालमिया सीमेंट ने अपनी आरसीएफ एक्सपर्ट सीमेंट रेंज का किया अनावरण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने गर्व से अपने प्रमुख भारतीय बाजारों में 'रूफ, कॉलम, फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट' ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद, डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट ++ और डालमिया सीमेंट (डीसी) आरसीएफ एक्सपर्ट, उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी (एनबीटी) से लैस हैं, जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज उच्च शक्ति, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली मजबूत संरचनाएं सुनिश्चित करती है। डालमिया सीमेंट (डीसी), मूल ब्रांड, अपनी 80 से अधिक वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ अपनी लगातार गुणवत्ता और सिद्ध विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, जो इसे विविध निर्माण आवश्यकताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। डालमिया डीएसपी आरसीएफ ++, पोर्टफोलियो में प्रीमियम पेशकश को अल्टीमेट कंक्रीट एक्सपर्ट के रूप में स्थान दिया गया है। यह एनबीटी को हाई रिएक्टिव सिलिका और पोर रिडक्शन टेक्नोलॉजी (पीआरटी) के साथ जोड़ता है, जो मजबूत छतों, कॉलम और नींव के लिए उत्कृष्ट शक्ति और स्थायित्व प्रदान करता है। इस पहल को डालमिया सीमेंट की समर्पित आरसीएफ सलाहकारों की टीम द्वारा सहयोग दिया गया है, जो निर्माण में सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। डालमिया सीमेंट के देशव्यापी 50000+ से अधिक चैनल भागीदारों के विशाल नेटवर्क के सहयोग से आयोजित उत्पाद अनावरण कार्यक्रम में प्रमुख चैनल भागीदारों, कांट्रैक्टरों और राजमिस्त्रियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जिस तरह से निर्माण प्रथाएं विकसित हो रही हैं, घर बनाने वाले अब तेज़ सेटिंग समय, बेहतर कार्यशीलता और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए बढ़ी हुई प्रतिरोधक क्षमता जैसी उन्नत सुविधाओं की तलाश कर रहे हैं। ज़मीनी स्तर पर सक्रियता और इंटरैक्टिव सत्रों ने आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज की उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन को उजागर किया। इन कार्यक्रमों में नवाचार और विकास का जश्न मनाया गया, जिससे डालमिया सीमेंट की ताकत, विश्वसनीयता और प्रदर्शन में नए उद्योग मानक स्थापित करने वाले समाधान देने की प्रतिबद्धता को बल मिला। आरसीएफ मजबूत तो घर मजबूत की अवधारणा को अपनाते हुए, कंपनी मजबूत, अधिक लचीले घरों के निर्माण की दृष्टि को आगे बढ़ाना जारी रखे हुए है। मध्य भारत में, कंपनी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में 7790+ से अधिक चैनल भागीदारों के साथ मजबूत पकड़ रखती है। सतत आजीविका, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित इसकी व्यापक सामुदायिक सहभागिता की पहलों ने भारत के निर्माण परिदृश्य में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

# सड़क पर संघर्ष कर रहे कार्यकर्ता समय आने पर जाएंगे विधानसभा: अजय राय

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज तीसरे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अवध जोन के जनपद लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी, एवं लखनऊ, जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय द्वारा ली गई। बैठक में अवध जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेन्द्र चौधरी तथा पूर्व विधायक संजय कपूर भी मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में आये हुए उक्त जनपदों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गई जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये।

उपस्थित सभी नये पुराने कांग्रेसजनों की भारी भीड़ को देखकर राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन निर्माण की इस प्रक्रिया में में आज यहां जितने भी साथी उपस्थित हैं, सभी को संगठन में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम 35 सालों से प्रदेश में सरकार में नहीं हैं, फिर भी आप सभी पूरे उत्साह के साथ संघर्ष कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि जितनी तादात में आप सब यहां उपस्थित है, और जिस प्रकार से विधानसभा के बाहर सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहे आने वाले समय में विधानसभा के अंदर होंगे। बैठक के पश्चात भारतीय शिक्षिका एवं समाज सुधारक फातिमा शेख की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय नेउनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में मिला एचएमपीवी का पहला संदिग्ध केस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एचएमपीवी वायरस का पहला संदिग्ध केस मिला है। 60 साल की महिला में इसके लक्षण देखे गए हैं। महिला को बुखार था और सांस की दिक्कत थी। डॉक्टरों ने प्राइमरी इलाज के बाद महिला को बलरामपुर हॉस्पिटल रेफर किया था। जिसके बाद ब्लड सैंपल जांच के लिए एक निजी हॉस्पिटल को भेजे गए, उसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बता दें कि सैम्पल को जांच के लिए केजीएमयू और एसजीपीजीआई भेजा गया है। यहां चेक होने के बाद पुष्टि होगी।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपा देवी का भव्य स्वागत



**लखनऊ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपा देवी का कैण्ट में हुआ भव्य स्वागत। भाजपा मंडल संयुक्त मंत्री ईशा यादव के नेतृत्व में कैण्ट में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अभी हाल में लखनऊ मंडल की अध्यक्ष बनी रूपा देवी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

### एटीएम में स्ट्रिप फंसाकर पांच हजार निकाले, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** बीकेटी स्थित केनरा बैंक के एटीएम से छेड़खानी कर जालसाज ने पांच हजार रुपए निकाल लिए। बैंक मैनेजर की तहरीर पर बीकेटी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बीकेटी अस्ती रोड केनरा बैंक की शाखा के बाहर बैंक का एटीएम लगा है। बैंक की प्रबंधक जूही शाक्य ने बीकेटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि 24 सितंबर को एक जालसाज एटीएम बूथ में घुसा और मशीन में एक स्ट्रिप फंसा दी। इसके बाद वह बाहर चला गया। इसके बाद एक ग्राहक बूथ में रुपए निकालने आया। उन्होंने रुपए निकालने के लिए पूरी प्रक्रिया अपनाई। उनके खाते से पांच हजार रुपए कट तो गए पर वह निकाल नहीं पाए। इसके बाद वह चले गए। रुपए निकलने की जगह बने खांचे के पास जालसाजों द्वारा लगाई गई स्ट्रिप में ही रुपए फंस गए। कुछ देर बाद फिर जालसाज बूथ में दाखिल हुआ। जालसाज ने स्ट्रिप हटाकर पांच हजार रुपए निकाल लिए। जालसाज की यह करतूत में बूथ में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है।
ज्यादातर अपराधी बिना गार्ड वाले एटीएम बूथ को चुनते हैं। अपराधी एटीएम डिस्पेंसर (जहां से रुपये निकलते हैं) उसमें उसी साइज की प्लास्टिक की पट्टी फंसा देते हैं। ग्राहक जब पैसा निकालता है तो खाते से रुपये कट तो जाते हैं पर एटीएम से बाहर नहीं निकलता है। ग्राहक के जाने के बाद अपराधी स्ट्रिप निकालकर रुपये निकाल लेते हैं।

### आलमबाग के बंद घर में घुसकर की तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आलमबाग के ओमनगर स्थित बंद घर में घुसकर चोरों ने तोड़फोड़ कर बिजली का कनेक्शन काट दिया। आरोपित की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर आलमबाग पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। आलमबाग के ओमनगर निवासी अपूर्वा मिश्रा के मुताबिक वह अपने बीमार पिता व मां की देखभाल के लिए गाजियाबाद के गोविंदपुरम में रहती हैं। अपूर्वा के पिता ने वर्ष 2022 में ओमनगर का मकान उनके नाम कर दिया था। पीड़िता के अनुसार पड़ोसी ने उन्हें फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। पांच दिसंबर को अपूर्वा ओमनगर स्थित घर पहुंची तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा था। बिजली के मीटर से तार कटा पड़ा था। पानी की टंकी भी टूटी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो बीते 30 दिसम्बर को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर तोड़फोड़ करता दिखाई दिया। वहीं एक व्यक्ति घर में घुसता नजर आया। इंस्पेक्टर आलमबाग के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर प्रधानाचार्य से 35.50 लाख ऐंठे

**लखनऊ।** बिल्डर व उसके साथियों ने डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव से फ्लैट के नाम पर 35.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। रुपए लेने के बाद आरोपित न तो फ्लैट की रजिस्ट्री कर रहे हैं और न ही रुपए लौटा रहे हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर आलमबाग पुलिस ने आरोपी डायरेक्टर समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गोरखपुर के शक्ति नगर निवासी संतोष छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित डीएवी स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। संतोष के मुताबिक काफी समय पहले उनकी मुलाकात नजरबाग निवासी जेआरआई डेवलपर्स प्रा.लि. कंपनी के डायरेक्टर जुनैद खान से हुई थी। जुनैद ने उन्हें आलमबाग स्थित शांति सागर अपार्टमेंट में 201 नंबर फ्लैट दिखाया था। सौदा तय होने पर संतोष ने 35.50 लाख रुपये का भुगतान किया था। जुनैद ने उन्हें इसकी रसीद भी दी थी। मगर उसने और उसकी साथी रीता गुप्ता व फरहान हसन ने उन्हें फ्लैट की फिनिशिंग कराकर बैनामा करने की बात कही थी। दबाव बनाने पर आरोपियों ने उन्हें फ्लैट पर कब्जा दे दिया। संतोष ने अपना सारा सामान फ्लैट में रख कर ताला लगा दिया था। इसके बावजूद जुनैद ने वह फ्लैट अफजल खान नाम के व्यक्ति को बेच दिया। इसकी जानकारी होने पर जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकाना शुरू कर दिया।

### 76 प्रतिष्ठानों पर लगाया 28.40 लाख का जुर्माना

**लखनऊ।** कुट्टू आटा, बेसन तथा दालों सहित अन्य खाद्य पदार्थों मिलावट करने वाले 76 मिलावटखोर प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया है। प्रयोगशाला में जांच के बाद इनके खिलाफ वाद दायर हुआ था। अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी ने सुनवायी के बाद मिलावट खोरों पर जुर्माना लगाया। इन पर कुल 28 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने पिछले वर्षों में विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। नमूने संग्रहित कर जाच हेतु प्रयोगशााल भेजे गये थे।

# माता-पिता सहित 6 लोगों के हत्यारे पुत्र व बहू को आज सुनाई जाएगी सजा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** माता-पिता सहित परिवार के 6 लोगों की निर्मम हत्या करने के मामले में बंथरा थाने के गोदौली गांव निवासी पुत्र अजय सिंह एवं उसकी पत्नी रूपा सिंह को आयुर्वेद घोटाला अदालत के विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह शुक्रवार को सजा सुनाएंगे। दोनों आरोपियों को गत 16 दिसंबर को दोषी ठहराया गया था। अदालत ने पति पत्नी को 10 जनवरी को जेल से तलब किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एमके सिंह ने बताया कि दोनों को घटना का दोषी ठहराए जाने के बाद अदालत उन्हें सजा के प्रश्न पर सुन चुकी है लेकिन विधिक कारणों से उन्हें दंडित करने से पूर्व जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जेल से उनके आचरण, पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं कृत्यों के बारे में रिपोर्ट तलब की गई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एमके सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह के अनुसार इस लोमहर्षक घटना की रिपोर्ट आरोपी अजय सिंह की सगी बहन गुड्डी सिंह उर्फ दुर्गावती ने एक मई 2020 को बंथरा थाने पर दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि उसे सूचना मिली है कि 30 अप्रैल 2020 को उनके भाई अजय सिंह, उसकी पत्नी रूपा सिंह, तथा उसके नाबालिग बेटे (पुत्र, पुत्रबधू एवं पोते) ने आपस में षड्यंत्र कर उसके पिता अमर सिंह, माता राम दुलारी, भाई अरुण सिंह, भाभी राम सखी, भतीजा सौरभ व भतीजी सारिका की गडासे से गर्दन काट दी और गोली मारकर हत्या कर दी। गुड्डी सिंह ने रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया कि उसका भाई अजय सिंह अपने पिता से रुपयों की मांग करता था तथा उसे आशंका थी कि उसके पिता जमीन बेच कर सारा पैसा छोटे भाई अरुण व उसकी पत्नी राम सखी को दे देगे। इसी वजह से उसने अपनी पत्नी एवं नाबालिग बेटे के साथ मिलकर पिता सहित पांच लोगों की बाग में तथा बूढ़ी मां की घर में गड़ासे से गला काटकर हत्या कर दी। विवेचना में तीसरे आरोपी को नाबालिग पाते हुए उसका मामला जुवेनाइल कोर्ट भेज दिया गया। इस मामले में अभियोजन की ओर से आठ गवाह तथा 31 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए गए। जिनके आधार पर अदालत ने दोनों को दोषी ठहराया है। मुकदमे के विचारण के दौरान रूपा सिंह जमानत पर थी जबकि आरोपी अजय सिंह जेल में ही था।

### चोरों ने दुकान व तीन घरों से सामान व जेवर उड़ाए

चोरों ने दुकान समेत तीन घरों को निशाना बनाकर सामान व नगदी बटोर ले गए। पीड़ितों ने अलीगंज, इंदिरानगर व मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। त्रिवेणी नगर निवासी मो. अतीक की अलीगंज में एएस इलेक्ट्रिकल नाम से दुकान है। मो. अतीक ने मुकदमा दर्ज कराया कि चार जनवरी को तड़के चार बजे चोरों ने दुकान का शटर काटकर 1.90 लाख के बिजली उपकरण चोरी कर लिए। वहीं, इंदिरानगर के तकरोही निवासी संदीप कुमार के मुताबिक पांच जनवरी को दोपहर में वह उदयगंज में छोटे भाई के घर गए थे। अगले दिन पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। वह पहुंचे तो देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा पड़ा था। उसमें रखे लाखों के जेवर व 50 हजार रुपये गायब थे। उधर, मड़ियांव के अशोक विहार कॉलोनी में रहने वाले अर्पित बाजपेयी कुछ दिन पहले जौनपुर गए थे। छह जनवरी की रात तीन बजे जब वह घर पहुंचे तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी व अन्य कीमती सामान गायब था। वहीं, अन्ना मार्केट निवासी सुमन सिंह के मकान से चोरों ने तीन जनवरी की रात 45 हजार नकदी व जेवर चुरा लिए। चारों ही मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी, जांच में पुलिस जुटी

- घटना अशियाना थाना क्षेत्र की है
- बिहार का रहने वाला था मृतक जवान
- परिजनों को पुलिस ने दी सूचना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत हो गई है। प्रथम दृष्टया इसे सुसाइड बताया जा रहा है। वहीं, गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ने के बाद उसे आनन-फानन में केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में लाया गया था। जहां इलाज के दौरान सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। वहीं, सीआरपीएफ जवान के मौत के कारणों की जांच में अधिकारी जुट गए हैं। मिल रही जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ जवान केंद्रीय रिजर्व पुलिस लाइन की 93 बटालियन में तैनात था। सुबह करीब साढ़े 8 बजे के करीब आशियाना क्षेत्र में स्थित 93वीं बटालियन सीआरपीएफ में



संतरी ड्यूटी पर तैनात उपेंद्र कुमार सिंह (36) साल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली है। जिसे तत्काल इलाज के लिए लोक बन्धु हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां पर इलाज के दौरान उपेन्द्र कुमार की मौत हो गई है। मृतक उपेंद्र कुमार बिहार के छपरा का रहने वाला था। सूचना मिलते ही तत्काल सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट और थाना प्रभारी आशियाना ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है। साथ ही फोरेंसिंक टीम भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। चौक पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सीआरपीएफ जवान के सुसाइड से हंडकंप मच गया है।

### जालसाजों ने दो लोगों से 9.40 लाख ऐंठे

**लखनऊ।** जालसाजों ने बुजुर्ग समेत दो लोगों से 9.40 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों ने अलीगंज और कृष्णानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगंज सेक्टर बी एक निवासी शिव स्वरूप श्रीवास्तव के मुताबिक चार जनवरी को परिचित रिटायर्ड इंजीनियर राजकुमार सिंह की उनके पास कॉल आई थी। राजकुमार ने उनसे कहा कि उनके दो दोस्त पवन और दिनेश को ऑपरेशन के लिए रुपये की आवश्यकता है। मेरा यूपीआई काम नहीं कर रहा है। इसलिए आप उनकी यूपीआई पर चार लाख ट्रांसफर कर दें। राजकुमार ने शिवस्वरूप से दोस्तों को दी गई रकम कुछ देर में लौटाने की बात कही। झांसे में आकर पीड़ित ने दोनों जालसाजों के खाते में दे दी। इसके बाद से तीनों का मोबाइल बंद हो गया। उधर, कृष्णानगर के नितेश जायसवाल के खाते से ठगों ने 5.40 लाख निकाल लिए।

# कमिश्नर ने चौराहों का निरीक्षण किया, ग्रीनरी बढ़ाने के आदेश



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया।
इनमें डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम चौराहा, अटल चौराहा (जानकीपुरम), इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा और अटल चौक (हजरतगंज) शामिल हैं। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा कराए जा रहे चौराहों के सुधार कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौराहों पर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने कहा आयरलैंड (चौराहे के बीच का हिस्सा) में ग्रीनरी बढ़ाई जाए। इसके अलावा, उन्होंने अवैध होर्डिंग्स और एलईडी तुरंत हटाने के आदेश दिए। कमिश्नर ने बताया कि डालीगंज, आईटी, लोकबंधु, हेनीमैन, समता मूलक और 1090 चौराहों के सुधार के लिए टेंडर जारी हो चुका है। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को इन चौराहों पर सिविल कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लैंड माफिया का गोल्फकोर्स पर कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में गोमती नगर स्थित एलडीए ऑफिस में गुरुवार को समाधान दिवस का आयोजन किया। इसमें कई लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने 28 शिकायतों को सुना। कमिश्नर ने अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के आदेश दिए। करीब सात लोगों को नम्बर नहीं आने पर निराश होकर लौटना पड़ा। शिविर में आए शिकायतकर्ता राजेंद्र यादव ने कहा अंसल एपीआई में यह सोचकर घर लिया था कि यहां पर 18 होल का गोल्फ कोर्स है। इस गोल्फ कोर्स को अंसल एपीआई और कुछ लैंड माफिया मिलकर बेच रहे है। राजेंद्र यादव ने बताया कि हमने कमिश्नर को मांग पत्र दिया है। 60 फीट की दीवार अक्टूबर महीने में तोड़ दी गई थी। इस पर लोगों ने नाराजगी जताई थी, जिसके बाद फिर से अतिक्रमण करने की कोशिश की गई। अगर हम लोगों की मांग पर सुनवाई नहीं हुई तो सुशांत गोल सिटी के 5000 निवासी बड़ा आंदोलन करेंगे। अंसल गोल्फविला के महासचिव विनोद कुमार सिंह ने कहा हम लोगों ने स्वीकृत लेआउट के आधार पर मकान खरीदा था। मकान के आस-पास गोल्फ कोर्स रोड का विकास असल द्वारा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया गोल्फकोर्स की भूमि को भूमाफिआओं ने कृषि जमीन दिखाकर फर्जी बैनामा कर लिया है। शिकायतकर्ता शुभम सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर मंडलायुक्त से शिकायत करने आए थे।



लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई है। हमारे पिताजी ने 1997 में हुसैनाबाद में जमीन खरीदी थी। वहां पर अवैध रूप से बांग्लादेशियों को बसा दिया गया। गलत ढंग से वहां पर अतिक्रमण कराया गया है।उन्होंने बताया कि एलडीए अधिकारियों को कहना है कि यह नजूल की जमीन है, यहां पर हमारे द्वारा कार्रवाई नहीं की जाएगी। जबकि नजूल की तरफ से कहा गया है कि यह व्यक्तिगत संपत्ति है। अब एलडीए वहां पर बिना हमें जानकारी दिए हुए अधिग्रहण कर रही है। हमारी सुनवाई नहीं हो रही। शिकायतकर्ता शारदा प्रसाद ने बताया कि हम लोग ठठक् ग्रीन सोसाइटी फैजाबाद रोड से रहने वाले हैं। बिल्डर ने पूरा पैसा लेने के बाद भी सोसायटी में सुविधाएं नहीं डेवलप की हैं। इलेक्ट्रिसिटी का इंटरनल और एक्सटर्नल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप नहीं किया गया है। सीसी नहीं था। उसके पहले कब्जा दिया गया। उन्होंने बताया कि एलडीए ने मैकेनाइज पार्किंग बनाने की अनुमति दी, लेकिन वहां जगह नहीं थी। हम लोगों ने डेढ़ लाख रुपए दिए, लेकिन पार्किंग नहीं मिली। इसके साथ ही कुछ लोगों से ढाई लाख रुपए ले लिए गए हैं। अब उन्हें स्टिल्ट पार्किंग दी गई है।

# पान मसाला गाड़ी बिना ई-वे-बिल के छोड़े जाने के मामले में दो अफसर और निलंबित

- इसके पहले चार अफसर किए जा चुके हैं निलंबित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कानपुर से पान मसाला गाड़ी बिना ई-वे-बिल के छोड़े जाने के मामले में दो अफसरों पर और कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव राज्य कर एम. देवराज ने गुरुवार को सहायक आयुक्त (प्रभारी) सचल दल 10वीं इकाई कानपुर जोन दो के सोमांक चौहान और सचल दल पांच के रत्नेश सिंह को निलंबित कर दिया है। इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ जांच सौंप दी गई है।
रत्नेश सिंह और सोमांक चौहान को मुरादाबाद अपर आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया है। उनके खिलाफ जांच जैस्मिन संयुक्त आयुक्त राज्य कर को सौंपी गई है। बीते 27 दिसंबर को कानपुर मसाला फैक्ट्रियों से चार गाड़ियों को बिना ई-वे-बिल की जांच किए छोड़ दिया गया और ये लखनऊ पहुंच गई। लखनऊ में जांच के दौरान इन गाड़ियों को पकड़े जाने पर जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ था। राज्य कर आयुक्त डा. नितिन बंसल ने दोषी पाते हुए कानपुर जोन दो के अंकुर द्विवेदी, सचल दल के संदीप कुमार, जगत प्रकाश और जगदीश प्रसाद को निलंबित कर दिया था। छोटे अधिकारियों के निलंबन के बाद बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए शासन से अनुरोध किया गया था। इस मामले की जांच के बाद सहायक आयुक्त स्तर के इन दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि कुछ और अधिकारियों पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है। यह स्थिति तब पाई जा रही है जब प्रमुख सचिव राज्य कर के निर्देश पर पान मसाला फैक्ट्रियों के बाहर अधिकारियों की टीम लगातार पहरा दे रही है कि बिना ई-वे-बिल के कोई भी गाड़ी न निकल पाए, फिर भी जीएसटी चोरी जारी है।

# ट्रैफिक नियमों उल्लंघन करने वालों की फोटो की जाएगी वायरल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया है। हजरतगंज और 1090 चौराहे पर चलाए गए अभियान में 200 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके पर आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
आरटीओ संदीप कुमार पंकज का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की जाएगी। इसका डेटा परिवहन विभाग इकठ्ठा कर रहा है।
उन्होंने कहा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। रेड लाइट का उल्लंघन करने और जेब्रा लाइन क्रासिंग का कर उल्टी दिशा में आने वाले लोगों का चालान किया गया है। उनका कहना है कि इंटरसेप्टर वाहन से यह कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग द्वारा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहनों पर 35 चालान, बिना हेल्मेट लगाए दो पहिया वाहन पर 60 चालान, रेड लाईट का उल्लंघन करने वालों पर 43 चालान, जेब्रा लाइन क्रसिंग का उल्लंघन करने पर 39 चालान और उल्टी दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ 23 चालान किए गए हैं। साथ ही ऐसे लोगों जागरूक किया गया है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और रेड लाइट नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### डीआईओएस स्तर के नौ अधिकारियों के तबादले

लखनऊ, प्रमुख लोकमित्र ब्यूरो सरकार ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर नौ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामपुर राघवेन्द्र सिंह को महोबा का जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया गया है जबकि राईका मुरादाबाद के प्रधानाचार्य श्यामा कुमार को संभल का जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार से डायट बरेली के वरिष्ठ प्रवक्क्ता अजीत कुमार को जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली, स्थानान्तरणाधीन अपर सचिव (शोघ) माशिप प्रयागराज वीरेन्द्र प्रताप सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक, मऊ, प्राचार्य आग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, प्रयागराज सकन्द शुक्ल को अपर सचिव (शोध) माशिप प्रयागराज, जिला विद्यालय निरीक्षक, महोवा, गिरधारी लाल कोली, जिला विद्यालय निरीक्षक, मऊ, रमेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली, देवकी सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्भल, वेदराम को बेसिक शिक्षा विभाग में भेजे जाने के लिए निवर्तन पर भेजा गया है।

### कौशल विकास-तकनीकी शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करना था। इसमें सरकारी अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेधा के सह-संस्थापक क्रिस्टोफर टुरिल्लो के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन और अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रमुख वक्ताओं में नेहा प्रकाश (आईएएस) निदेशक प्रशिक्षण एवं रोजगार, अविनाश कृष्ण सिंह (आईएएस) महानिदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग और आईएएस डॉ. हरिओम शामिल हुए। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल ने सरकार की कई योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी।

# धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटान

लोकमित्र ब्यूरो





**सरोजनीनगर लखनऊ।** नये रेंजर की शक्ति के बावजूद सरोजनीनगर क्षेत्र में लकड़ी माफिया बिना परमिशन लिए ही अवैध तरीके से प्रतिबंध पेड़ों पर आरा चलाने से परहेज नहीं कर रहे हैं। यहां तक ठेकेदार रेंजऑफिस में बैठा था, उसके गुर्गे आम की बाग में खड़े फलदार पेड़ों पर आरा चलाकर धाराशाही कर रहे थे। सोमवार को बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गढ़ी चुनौटी में ईंट भट्ठे के पास बंथरा लतीफ नगर मार्ग के किनारे खड़ी आम की बाग को ठेकेदार द्वारा दिनदहाड़े आम के पेड़ों को काटा जा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिलने के बाद देर शाम मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को तीन आम के पेड़ पूरी तरीके से कटे हुए मिले जिनके ठूंठ मौजूद थे। जबकि बताया जाता है कि कई आम के पेड़ों को ठेकेदार द्वारा कटवाकर गाड़ियों में लकड़ी भरकर वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही हटा दिया गया था और उनके ठूंठों को भी खोदकर सबूत मिटाने के हटा दिए गए थे। इसी संबंध में मंगलवार को ठेकेदार अर्जुन पुत्र कल्लू ग्राम सभा खांडे देव थाना बंथरा गहरु स्थित रेंज ऑफिस में बैठा था और उसके गुर्गे यहां पर आम की बाग में खड़े पेड़ों कि बिना किसी अनुमति के ही छंटाई कराकर कटाई करने के लिए लगे हुए थे। इसकी जानकारी जब रेंजर को हुई तो उन्होंने फॉरेस्टर राजेश सिंह और वनरक्षक प्रीति त्रिपाठी मौके पर भेजा जहां तीन पेड़ों डालें काटी गई थी और लगभग 50 से 55 आम के पेड़ फलदार अभी भी खड़े हैं। इनको भी किसी भी समय काटकर ठेकेदार द्वारा उठाया जा सकता हैं। लकड़ी माफिया ठेकेदार बेहिचक बिना किसी अनुमति के फलदार पेड़ों को काटकरु सीधे शासन-प्रशासन चुनौती दे रहा था, लेकिन जब मामला वन विभाग के संज्ञान में आया तो रेंजर ने कार्यवाही करनी शुरू की लेकिन किसी प्रकार की कोई कड़ी कार्यवाही होती उसके पहले सफेदपोश धारियों ने रेंजर पर इतना दबाव बनाया दिया कि जुर्माना की कार्यवाही करके ही मामले को इति श्री कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इस लकड़ी माफिया को बचाने के लिए कई सफेदपोश धारियों के फोन अधिकारियों के पास पहुंचे, जिसकी वजह से जो कठोर कार्यवाही करने के लिए रेंजर ने कदम उठाया था वो नहीं की जा सकी। जब शासन में बैठे सफेदपोश धारी लकड़ी माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं तो कैसे पेड़ों की अवैध कटान पर रोक लगा सकें।सरोजनीनगर के रेंजर सुरेंद्रनाथ सिंह ने बताया कि बाग मालिक रघुराज पुत्र केवल ग्राम सभा रामचौरा नगर पंचायत व थाना बंथरा की आम के बाग में ठेकेदार अर्जुन पुत्र कल्लू द्वारा बिना किसी अनुमति के आम के पेड़ों को कटाया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर मौके पर टीम भेजी गई, जांच में तीन आम के पेड़ पूरी तरीके से कटे हुए पाएंगे और तीन पेड़ों की छंटाई की गई थी, आवश्यक कार्यवाही करते हैं 35000 रुपए का जुर्माना किया गया है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी लो, 7 फ्लाइट्स लेट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** खराब मौसम का असर लखनऊ एयरपोर्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ रहा है। गुरुवार को मस्कट से तड़के 3.15 बजे लखनऊ आने वाला सलाम एयर का विमान (ओवी 705) करीब 35 मिनट देरी से पहुंचा। वहीं लखनऊ से किशनगढ़ जाने वाली फ्लाइट निर्धारित समय से करीब 7 घंटे देरी से उड़ान भरने की संभावना है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि इसकी वजह से लखनऊ से वापस मस्कट जाने वाला सलाम एयर का विमान (ओवी 706) तड़के 4 बजे के बजाय 50 मिनट देरी से रवाना हुआ। वहीं लखनऊ से मुंबई जाने वाला इंडिगो का विमान (6ई 2238) सुबह 8 बजे के बजाय 40 मिनट देरी से उड़ान भर सका। उन्होंने बताया कि लखनऊ से सुबह 8.40 बजे हैदराबाद जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान (आईएक्स 2816) करीब 20 मिनट देरी से रवाना हुआ।



लखनऊ से सुबह 10 बजे रियाद जाने वाला फ्लाइनॉस का विमान (क्यूवाई 334) करीब 25 मिनट देरी से रवाना होने की संभावना है। जबकि लखनऊ से 10.45 बजे बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयर की उड़ान (क्यूपी 1401) करीब 1 घंटा 45 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ से दोपहर 11.50 बजे दुबई जाने वाला फ्लाई दुबई का विमान (434) करीब 25 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। वहीं लखनऊ से दोपहर 2.20 बजे किशनगढ़ जाने वाला स्टार एयर का विमान (5223) करीब 7 घंटा देरी से उड़ान भरने की उम्मीद है।

### राजधानी में दो दिन बाद बारिश के आसार, घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें लेट हुईं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह से कोल्ड डे का असर बना हुआ है। सुबह लखनऊ का तापमान 7 डिग्री तक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 16 डिग्री तक रहने की संभावना है। दिन में तेज हवाएं चलेंगी। दो दिन बाद बारिश और बूंदाबांदी के भी आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक सप्ताह तक गलन और ठिठुरन का सिलसिला जारी रह सकता है। 10 जनवरी तक बर्फीली हवा से अभी राहत नहीं मिलने वाली है। 11 और 12 को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा। इसके असर से बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। इसका असर पश्चिमी यूपी से शुरू होगा। लखनऊ समेत इसके आसपास के जिलों में भी इस दौरान बूंदाबांदी और बारिश की संभावना है। दिन का पारा गिरेगा, जिससे गलन और बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद नमी की वजह से कोहरा छाएगा। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के अनुसार पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से कोहरा बढ़ने की संभावना है। गुरुवार को दोपहर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। इसके बाद कोहरे की ओट में धूप निकली भी तो सर्द हवाओं के कारण ठंड का अहसास कम नहीं हुआ। शाम 4 बजे तक कोहरे के बीच से धूप की आंख मिचौली चलती रही।इस दौरान अधिकतम तापमान 17.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री रहा। यह सामान्य तापमान से 3 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 82 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 64 फीसदी दर्ज की गई।

## स्वतन्त्रता सेनानी अमर शहीद भूरा सिंह वाल्मीकि को रॉयल वाल्मीकि आर्मी का नमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भूरा सिंह वाल्मीकि - बल्लभगढ़ रियासत (हरियाणा) के राजा नाहर सिंह की सेना में कमांडर थे। जो बहुत ही बलशाली, युद्ध कला में निपुण व बहुत बहादुर और देशभक्ति से ओतप्रोत थे। वह राजा नाहर सिंह के बहुत विश्वासपात्र थे इसी कारण राजा जब कहीं बाहर जाते तो अपने अंगरक्षक के तौर पर हमेशा भूरा सिंह जी को अपने साथ रखते थे, साथ ही राज्य के अहम फैसले भी उनकी सलाह मशविरा लेकर किया करते थे। जब अंग्रेजी हुकूमत ने राजा नाहर सिंह जी को फरमान भेजा कि हमने दिल्ली के आखरी शासक बहादुरशाह जफर के साथ सन्धि कर ली है और हम आपसे भी सन्धि वार्ता करना चाहते हैं इसलिए आप हमारे साथ सन्धिवार्ता में शामिल हों। तब राजा नाहर सिंह ने खतरे को भाँपकर अपने करीबी विश्वाशपात्र साथी गुलाब सिंह सैनी (सेनापति) भूरा सिंह वाल्मीकि (अंगरक्षक) खुशाल सिंह (उपसेनापति) को साथ लेकर दिल्ली पहुँचे। वहाँ राजा नाहर सिंह के साथ धोखा हुआ और अंग्रेजों के द्वारा राजा व उनके तीनों साथयों (गुलाब सिंह सैनी, भूरा सिंह वाल्मीकि , खुशहाल सिंह ) को दिल्ली लाल किले के अंदर नज़रबन्द कर दिया गया। उसके बाद अंग्रेजी हुकूमत ने इन चारों को फाँसी का ऐलान कर दिया। 9 जनवरी 1858 को दिल्ली चाँदनी चौक पर जब चारों को फाँसी के लिए लाया गया तो सबसे पहले फाँसी गुलाब सिंह सैनी सेनापति को दी गयी उसके बाद जब राजा नाहर सिंह जी को फाँसी देने की बारी आई तो ÷भूरा सिंह वाल्मीकि÷ अंग्रेजी सैनिकों के सामने डट कर खड़े हो गए और अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए कहा कि इस समय मैं राजा का अंगरक्षक हूँ और अंगरक्षक होने के नाते मैं अपनी आँखों के सामने अपने राजा को फाँसी लगता नहीं देख सकता, इसके लिए मेरा फ़र्ज़ गवाही नहीं देता। इसलिए राजा से पहले फाँसी मुझे लगाई जाए। इतना कहकर देश के वीर सपूत ÷भूरा सिंह वाल्मीकि÷ अपनी दिलेरी और देशभक्ति का परिचय देते हुए 9 जनवरी 1858 को देश पर कुर्बान हो गए। उनके बाद राजा नाहर सिंह और खुशहाल सिंह को फाँसी दी गयी। ऐसी ना जाने ओर कितनी वीर गाथाऐ है।

## जेल से रिहाई के बाद सीटू जिलाध्यक्ष का शहर के सम्मानित लोगो ने किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** मजदूर किसान आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की परसों देर रात्रि लुकसर जेल से रिहाई होने के पर जेल से बाहर आते ही सैकड़ो मजदूर किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर किसान सभा जिला संयोजक वीर सिंह नगर ने कहा कि किसान आंदोलन में गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में सीटू के कार्यकर्ता का योगदान बहुत ही सराहनीय है किसानों की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आंदोलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर 12 दिसंबर 2024 को सीटू ने अन्य सहयोगी संगठनों के साथ डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर प्रदर्शन का ऐलान किया तो उक्त प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस के उच्च अधिकारी प्रदर्शन को स्थगित करने का दबाव उनके ऊपर बना रहे थे। प्रदर्शन स्थगित करने से मना करने से नाराज पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें झूठा मुकदमा बनाकर 19 दिसंबर 2024 को जेल भेज दिया था। लेकिन हम पुलिस उत्पीड़न के आगे नहीं झुकेंगे और अपने हक अधिकारों के लिए संघर्ष को जारी रखेंगे।

सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि पुलिस द्वारा बदनाम करने के लिए लगाए गए आरोप सब फर्जी है और जनपद के मजदूर किसान आम जनता सब समझ रही है और सब लोग मजदूर किसान नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। कल और आज लगातार जगह-जगह उनका शहर के सम्मानित लोगों ने स्वागत किया गया और जेल से रिहा होने की बधाई दी।

आज दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिंह ने गंगेश्वर दत्त शर्मा को सम्मानित करने के बाद कहा मजदूरों गरीबों के हक अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले को पुलिस दमन के आधार पर झुकना चाहती है जो किसी प्रकार से उचित नहीं है और पुलिस की झूठी कहानी पर किसी को तनिक भी विश्वास नहीं है।

सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हम पुलिस उत्पीड़न और झूठे मुकदमे बनाए जाने और जेल भेजे जाने से ना डरे हैं और ना आगे डरेंगे और मेहनतकशों के हक अधिकारों की लड़ाई को आगे भी जारी रखेंगे।

## पुलिस ने सर्राफा लूटकाण्ड का किया पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** कोतवाली पुलिस द्वारा लगभग दस दिन पूर्व जलेसर-हाथरस रोड स्थित क्षेत्र के ग्राम किसर्रा के पास से एक सर्राफे के साथ हुइ लूट की घटना का पर्दाफाश कर दिया गया है। पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा -कारतूस व मोबाइल बरामद किये गये है। जबकि तीन अन्य लूटेरों के नाम भी प्रकाश में आये हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार राघव ने बताया कि थाना टीम द्वारा जलेसर क्षेत्र व अन्य स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरो आदि की मदद से उक्त घटना का खुलासा कर लिया गया। वारदात में सम्मिलित अभियुक्त राजवीर पुत्र मेवाराम निवासी नगला भाव सिंह थाना सादाबाद जनपद हाथरस को बुधवार की रात्रि लगभग सवा बारह बजे जलेसर-सादाबाद रोड स्थित हाथरस मोड़ से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त बाइक व एक तमंचा कारतूस सहित बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद अभियुक्त द्वारा घटना में सम्मिलित दो अन्य नामजदों सहित कुल चार अभियुक्तों के नाम बताये गये है। जिनमें प्रदीप पवार पुत्र अजब सिंह निवासी मसूरी थाना इंचौली जनपद मेरठ, अशोक उर्फ बाबा उर्फरिंकू उर्फ बोस पुत्र गन्दपाल उर्फ इन्द्रपाल निवासी गिन्दौली थाना इगलास जनपद अलीगढ तथा अन्य दो साथी अज्ञात के साथ मिलकर उक्त घटना को अन्जाम दिया जाना बताया गया है।

अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीमें प्रयासरत हैं। विदित हो कि गत 30 दिसम्बर 2024 को शाम लगभग साढ़े चार बजे जलेसर-हाथरस रोड स्थित गांव किसर्रा के निकट दो बाइक पर सवार चार बदमाश नगर के बाई पास रोड स्थित सरस्वती धाम कॉलोनी निवासी नरेन्द्र उर्फ नन्ने पुत्र सत्यप्रकाश से थैला में रखे 4 जोडी सोने के कुण्डल व 4 जोडी चांदी की तोडिया एव कुछ नाक कान की जेवरात लूट ले गये थे।

## हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान से हटी पाबंदी, अब शुरू होंगी नियमित उड़ाने

**लोकमित्र ब्यूरो**




**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से अब जल्द ही घरेलू एवं व्यावसायिक उड़ानें शुरू की जाएंगी। एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान पर रोक लगाने के लिए डायल जीएमआर द्वारा हाईकोर्ट में डाला गया वाद वापस ले लिया गया है। हाईकोर्ट में वाद पड़ने के बाद अगस्त में यहां से गोवा और मुरादाबाद के लिए शुरू होने वाली उड़ान को स्थगित कर दिया गया था।

हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि हाईकोर्ट से जीएमआर ने अपना वाद वापस ले लिया है। अब हिंडन घरेलू एयरपोर्ट से उड़ान संख्या बढ़ाए जाने के लिए जल्द ही दोबारा सभी एयरलाइंस कंपनियों को उड़ान शुरू करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पुरानी उड़ानों को शुरू करने के लिए भी दोबारा से प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ऐसे में उड़ान शुरू होने में कुछ माह लग सकते हैं। वर्तमान में यहां से किशनगढ़, नांदेड़, आदमपुर, बठिंडा, लुधियाना के लिए उड़ान सेवाएं चल रही है । गठित होगी सलाहकार समिति

हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने एवं यहां की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक सलाहकार समिति भी गठित की जाएगी। इसके लिए सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट निदेशक को पत्र लिख कर तीन नाम प्रस्तावित किए हैं। इसमें संजीव मित्तल, संदीप त्यागी और राम निवास उर्फ पप्पू पहलवान का नाम शामिल है। डायल जीएमआर (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) एवं एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के बीच हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान शुरू करने पर विवाद चल रहा था। डायल जीएमआर ने हाईकोर्ट में वाद किया था जिसके बाद हिंडन एयरपोर्ट से किसी भी नई उड़ान पर रोक लगा दी गई थी।

## शासन के आदेश पर वक्फ संपत्तियों के सर्वे का कार्य शुरू




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** प्रदेश भर में शासन के निर्देश पर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सर्वे शुरू है। इसी के क्रम में अब जिले में भी कवायद शुरू हो गई है। शासन ने वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट मांगी है जिस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। अल्पसंख्यक विभाग में मदरसों के उर्दू शिक्षकों से दस्तावेजों का अनुवाद उर्दू से हिंदी भाषा में कराने का कार्य कराया जा रहा है। अनुवाद के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। अल्पसंख्यक विभाग में हापुड़ और गौतमबुद्धनगर को मिलाकर कुल पोर्टल पर कुल 1639 संपत्तियां हैं और दफा-37 के रजिस्टर में इन संपत्तियों की संख्या 1646 है।

अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास ने बताया कि दफा -37 के सभी दस्तावेज उर्दू में हैं जिनका अनुवाद हिंदी में कराया गया है।

## जीएल बजाज में सतत विकास और वैश्विक हरित पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज कॉलेज में प्रबंधन अध्ययन विभाग के द्वारा सतत विकास और वैश्विक हरित÷ एवं प्रबंधन में बहुविषयक अवधारणा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICMCM-2025) का सुभारम्भ किया गया। मुख्य अथिति के तौर पर

पूर्व राजनायिक मंजीव सिंह पुरी और यूएसए की न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, के प्रोफेसर संजय सिंह गौर और अटलांटिक यूनिवर्सिटी, यूएसए के प्रोफेसर स्टीवन कार्नोवेल फ्लोरिडा ने विशेष अथिति के रूप में भाग लेकर सम्मेलन को सम्बोधित किया। सेमिनार का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया, कॉलेज के निदेशक डॉश मानस कुमार मिश्रा ने अथितियों को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉश विकास त्रिपाठी ने कार्यक्रम की रूप रेखा को बताते हुए कहा कि सम्मेलन में लगभग 300 शोध-पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 200 शोध-पत्र सम्मेलन के लिए स्वीकार किये गए है। सम्मेलन में अगले दो दिनों तक भारत सहित अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम, नेपाल, मलेशिया आदि 10 देशों से विद्वान और शिक्षाविद भाग लेकर अपने अपने शोध पत्र रखेंगे और उन पर चर्चा करेंगे। पहले दिन वेंग मार्क लिम, सनवे यूनिवर्सिटी मलेशिया, प्रोफेसर सोनजया सिंह गौर न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर राकेश गुप्ता चार्ल्स डार्विन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया ने अलग-अलग सत्रों में सम्बंधित विषयों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का समन्वय प्रोश कन्हैया सिंह ने किया। जीएल बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने आयोजन समिति और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनायें दी।

## डेबिट कार्ड बदलकर ठग ने महिला के खाते से निकाले 80 हजार रुपये




**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन स्थित हनुमान मंदिर के पास एटीएम बूथ से रुपये निकालने गई महिला का डेबिट कार्ड बदलकर ठग ने खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए।

पीड़िता ने मामले की शिकायत कस्टमर केयर और स्थानीय पुलिस से की। गणेशी देवी निवासी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 ने बताया कि वह शालीमार गार्डन हनुमान मंदिर के पास एटीएम बूथ से रुपये निकालने के लिए गई थी। उन्होंने अपने खाते से 20 हजार रुपये निकाले। तभी एटीएम बूथ पर अज्ञात व्यक्ति आ गया। व्यक्ति ने उन्हें गुमराह करके उनका डेबिट कार्ड बदल दिया।

कुछ समय बाद उनके खाते से 80 हजार रुपये निकालने का मैसेज आया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की।

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## भारत के सभी सिनेमाघर में 17 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म मिशन ग्रे हाउस

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** सस्पेंस थ्रिलर फिल्म मिशन ग्रे हाउस, ट्रेलर और म्यूजिक रिलीज होने के बाद से ही काफी चर्चा में है। फिल्म के ट्रेलर और म्यूजिक को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काफी पॉपुलरिटी मिल रही है।

फिल्म में लीड रोल निभाने वाले ऐक्टर अबीर खान, बॉलीवुड में अपनी ऐक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजेश शर्मा और फिल्म के निर्देशक नौशाद सिद्दीकी फिल्म के प्रमोशन के लिए राजधानी दिल्ली पहुंचे और विभिन्न न्यूज चैनल्स पर अपनी फिल्म का प्रमोशन किया और मीडिया से बात की।

फिल्म में एक बड़े पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता राजेश शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा ÷अबीर खान की यह डेब्यू फिल्म है लेकिन उन्होंने अपने किरदार को असरदार बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है जो फिल्म देखने पर नजर आएगा।

फिल्म में मैं एक आई जी की भूमिका में हूँ जिसका अबीर खान के किरदार के साथ अच्छा बॉन्ड है। यह एक सस्पेंस थ्रिलर है जो रियल लोकेशन पर शूट हुई है और आपको एंटरटेनमेंट के साथ भरपूर दिमागी कसरत कराएगी। पहले भी मैं इस प्रकार की भूमिकाएं निभाता रहा हूँ और मिशन ग्रे हाउस में भी नौशाद सिद्दीकी के निर्देशन में अबीर खान के साथ काम कर के काफी मज़ा आया।

निर्देशक नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि फ़िल्म में एकदम अलग तरह ही स्टोरी दिखाई गई है, हम दर्शकों तक इस फ़िल्म के ज़रिए एक यंग टैलेंट अबीर ख़ान को इंट्रोड्यूस कर रहे हैं फिल्म में चौंकाने वाले सस्पेन्स सीन्स, जबरदस्त थ्रिल, जोरदार एक्शन और भरपूर ड्रामा है। अबीर के साथ ही हमने राजेश शर्मा जैसे बॉलीवुड के स्थापित कलाकारों को एकसाथ लाने का प्रयास किया है और इस रोमांचक कहानी को पर्दे पर बहुत ही दिलचस्प तरीके से फिल्माया हैं । मैं कह सकता हूँ की बॉलीवुड को अबीर खान के रूप में एक फ्रेश टैलेंट मिलने जा रहा है और एक रोचक कहानी देखने को मिलेगी जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

फिल्म का पोस्टर, टीज़र और ट्रेलर पहले ही आउट कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म का म्यूजिक पिछले दिनों मशहूर सिंगर शान के द्वारा रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग लोनावाला और पुणे के खूबसूरत लोकेशन पर हुई है। यह फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा इसी महीने 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह आया पुलिस के शिकंजे में, 21 बाइक बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच की टीम ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन शातिरों को बुधवार रात हापुड़ चुंगी से गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की 21 बाइक और स्कूटी बरामद की है। गिरोह में शामिल दो अन्य शातिरों की तलाश पुलिस कर रही है। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद रॉय ने बताया कि वाहन चोर गिरोह गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और अलीगढ़ में सक्रिय था। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम विजय यादव निवासी नौगांवा, गंगीरी जनपद अलीगढ़ हाल निवासी छिजारसी सेक्टर 63, गौतमबुद्धनगर और पिंटू सोलंकी निवासी गांव राणा मऊ अमारपुर जनपद कासगंज हाल निवासी इंदिरापुरम गाजियाबाद व सोनू सोलंकी निवासी गांव बिजौली नंगला पालीमुकीमपुर अलीगढ़ बताए हैं। जबकि गिरोह के राहुल व अभिषेक निवासी ग्राम टोवामई अकराबाद जनपद अलीगढ़ अभी फरार हैं। यह गिरोह दोपहिया वाहन चोरी कर बाइक मिस्त्री पिंटू सोलंकी और कबाड़ी अभिषेक को चार से पांच हजार रुपये में बेच देते थे। पिंटू की नौगंवा अलीगढ़ में बाइक मिस्त्री की दुकान हैं। वह इन बाइकों को सात से आठ हजार रुपये में ग्राहकों को बेच देता रा। इस गिरोह का मुखिया विजय यादव मास्टर चाबी से बाइक का ताला खोलता था और उसके साथी बाइक लेकर फरार हो जाते थे। बाइक अलीगढ़ व गाजियाबाद में सुनसान स्थानों पर छिपा देते थे। डीसीपी ने बताया कि, गिरोह फर्जी दस्तावेज बनाने का काम करता था या नहीं इसकी जानकारी गिरोह के फरार सदस्य राहुल और अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद पता चलेगा । गिरोह के मुखिया विजय यादव पूर्व में नोएडा स्थित एक एक्सपोर्ट कंपनी में नौकरी करता था। इसकी मुलाकात बाइक चोर कृष्णा और राजा से हुई।

## इंडसफूड व एग्री-टेक 2025: खाद्य उद्योग में वैश्विक स्तर पर भारतीय नेतृत्व की झलक

**लोकमित्र ब्यूरो**




**नोएडा।** भारत के खाद्य और पेय उद्योग के सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक, इंडसफूड मैन्युफैक्चरिंग और इंडसफूड एग्री-टेक 2025, आज इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर - यशोभूमि), द्वारका, नई दिल्ली में उद्घाटित हुआ, जिसने भारत को वैश्विक खाद्य क्षेत्र के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है। यह आयोजन ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया और इंडिया एक्सपो सेंटर लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है, जो एक मजबूत साझेदारी को दर्शाता है और इससे खाद्य उद्यमी विशेषज्ञता, नवाचार और वैश्विक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं। के अध्यक्ष, डॉ. राकेश कुमार ने इस कार्यक्रम को वैश्विक उत्कृष्टता और सहयोग का प्रतीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनके रणनीतिक दृष्टिकोण और नेतृत्व ने को ग्रेटर नोएडा से बाहर निकलकर विस्तार करने में सक्षम बनाया है, और -यशोभूमि जैसे प्रमुख स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जो ढ्ढश्वरू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे नए दर्शकों तक पहुंचने और भारत भर में अपने प्रभाव को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

अपने संबोधन में डॉ. राकेश कुमार ने के द्वारा किए गए व्यापक प्रयासों को रेखांकित किया, जिसमें पंजाब, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जिला उद्योग केंद्रों के साथ सहयोग और देशभर में किए गए रोड शो शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस शो के लिए ज़मीनी स्तर पर प्रयास के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदारों को जोड़ने के प्रयास किए गए, और साथ ही अफ्रीका, अमेरिका, मध्य पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों से मेज़बान दर्शकों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि हम इंडसफूड मैन्युफैक्चरिंग और एग्री-टेक को नवाचार, साझेदारी और तकनीकी विकास के लिए एक वैश्विक हब बनाना चाहते हैं।

माननीय वाणिज्य और उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, श्री जितिन प्रसाद, ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए इसे खाद्य प्रसंस्करण मूल्य श्रृंखला में भारत की क्षमता का एक अद्वितीय मंच बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के प्रयासों ने आधुनिक बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक तकनीक और प्रगतिशील कृषि प्रथाओं के संयोजन से एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। उन्होंने कहा, भारतीय खाद्य उद्योग कृषि और उद्योग के बीच एक पुल है, जो स्थिरता और नवाचार के लिए वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है।

इस साल के संस्करण में 300 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है और यह 27,000 वर्ग मीटर के प्रदर्शनी क्षेत्र में फैला हुआ है। श्रीलंका, बांग्लादेश, मिस्र और अमेरिका जैसे देशों से डेलिगेशन और 500+ अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी के साथ, यह कार्यक्रम अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी, सतत पैकेजिंग और नई सामग्री को प्रदर्शित करता है। यह आयोजन भारत को खाद्य और पेय उद्योग में एक वैश्विक नेता के रूप में प्रस्तुत करता है।

TPCI के अध्यक्ष, श्री मोहित सिंघला ने वाणिज्य मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और पशुपालन विभाग से मिल रहे मजबूत समर्थन की सराहना की, जिसने इस कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों तक पहुंचाया। ञ्जक्कष्ठ के एडीजी, श्री विजय कुमार गौबा, ने प्रदर्शकों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया, और उद्योग के विकास में सहयोग की महत्ता पर बल दिया।

TPCI और IEML के बीच साझेदारी लगातार फल-फूल रही है, जो भारत को स्न×क्क क्षेत्र में नवाचार और व्यापारिक अवसरों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रही है। डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में ढ्ढश्वरू ने भारत के प्रदर्शनी उद्योग में उत्कृष्टता और विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं।

## छापेमारी को निकले ऊर्जा निगम के अधिकारी, 130 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए ऊर्जा निगम की टीम बृहस्पतिवार की भोर ही सड़कों पर उतर गई। शहर के तीनों जोन में सुबह करीब छह बजे से ही टीमों ने बिजली चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। जिसमें 130 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।

टीमों ने शहर के संवेदनशील इलाकों के साथ ही गांवों में भी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की टीम भी मौजूद रही। 25 से अधिक लोगों पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। जोन दो के मुख्य अभियंता नरेश भारती व जोन एक के अधिक्षण अभियंता एके सिंह ने बताया कि शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस बल के साथ करीब 130 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। वहीं 25 से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है।

## सिग्नल डाउन होने से 13 मिनट तक रुकी तेजस एक्सप्रेस

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरुवार सुबह लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही तेजस एक्सप्रेस को गंगाघाट रेलवे स्टेशन से सिग्नल न मिलने के कारण आउटर पर खड़ी हो गई। 13 मिनट बाद ट्रेन कानपुर की ओर रवाना हो सकी। इससे पहले मालगाड़ी गुजरने के कारण ट्रैक खाली न होने के कारण तेजस को रोका गया। गंगाघाट रेलवे स्टेशन से तेज के गुजरने का समय सुबह सात बजे का है, लेकिन इधर सर्दी और अधिक कोहरा पड़ने के कारण ट्रेनें विलंबित चल रहीं हैं। जिस कारण लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाले तेजस एक्सप्रेस गुरुवार सुबह करीब 11:37 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची, लेकिन अप लाइन का ट्रैक न खाली होने के कारण गंगाघाट रेलवे स्टेशन से उसे सिग्नल नहीं दिया गया। जिस कारण 11:50 बजे तक ट्रेन खड़ी रही। जिसके बाद ट्रेन कानपुर की ओर रवाना हो सकी। स्टेशन मास्टर ने बताया कि तेजस से कुछ देर पहले मालगाड़ी को गुजारा गया था।

लोकमित्र
● लखनऊ, शुक्रवार 10 जनवरी 2025



संक्षिप्त खबरें

## शौच के लिये निकले युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**सुबेहा, बाराबंकी।** घर से शौच जाने के लिए निकले युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के सरांयगोपी गांव निवासी संतोष जायसवाल का 18 वर्षीय पुत्र सौरभ बुधवार शाम शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वहक देरक रात तक नहीं लौटा। परिजन खोजबीन करने में जुट गए। खोजबीन के दौरान गांव से बाहर एक नीम पेड़ पर युवक लटकता दिखाई दिया। परिजन नीचे उतार कर आनन-फानन में सौरभ को बीएच ईएल स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर लौट आए। घटना की सूचना सरांयगोपी चौकी प्रभारी को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## समय पर गोदाम से धान की बोरियो की उठान न होने से आ रही खरीद में दिक्क़तें

**रामनगर।** खरीदे गए धान की गोदामों से उठान समय से न होने के चलते उनमे भरा धान खाली नहीं हो पा रहा है जिससे खरीद की रफ्तार भी सुस्त हुई है। तहसील रामनगर के बुढ़वल क्रय केंद्र व सूरतगंज में हाट शाखा द्वारा धान खरीद हो रही है।रामनगर में 21 हजार व सूरतगंज में 32 हजार कुंतल धान खरीदा जा चुका है।खरीदा धान समय से मिलो में नही जा रहा जिससे गोदाम खाली नहीं हो रहे ।ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सही न होने से केंद्रो पर भी दिक्क़त होने लगी है।मिलर दो दो तीन तीन दिन तक लोडेड ट्रक खड़ा रखते है इससे भी उठान प्रभावित होती है। बताया जा रहा है कि सूरतगंज हाट शाखा के दो केंद्र चल रहे थे जिससे किसानो की तौल जल्दी होती थी। अब जिले के विभागीय अफसरों ने एक बंद कर दिया है जिससे किसानो को धान तौल कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इधर उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। दोनो केंद्र चलने से किसानो को बड़ी सुविधा मिलती मगर एक बंद होने से दिक्क़त बढ़ गई है।इस समय वही किसान अपना धान तौल करा रहे जो भीड़ से बचने के लिए इंतजार कर रहे थे और अब आन लाइन कराकर धान बेंच रहे हैं।दूसरा तौल केंद्र भी चालू रहता तो किसानो के लिए तौल कार्य आसान रहता ।बहर हाल दोनो केंद्रो के प्रभारी खरीद जारी किए हुए हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

**मसौली, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम को बाराबंकी रामनगर हाईवे पर दहेजिया मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा मसौली के मोहल्ला खरैले कुआ निवासी अनिल कुमार पुत्र दयाराम उम्र 40 वर्ष एवं दुर्गेश पुत्र गंगा राम उम्र 23 वर्ष बुधवार की देर शाम को बाइक से घर लौट रहे थे कि बाराबंकी रामनगर हाईवे के दहेजिया मोड़ के करीब पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मसौली पुलिस घायलों को लेकर सीएचसी बड़ागांव ले गई। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## स्नास्नातक की छात्रा का दुपट्टा से लटकता मिला शव



**मसौली, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के तिलपुरा निवासी स्नातक की छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दुप्पटे से लटकता हुआ मिला। स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र मसौली की तिलपुरा निवासी प्रीति उम्र करीब 24 वर्ष का शव अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से लटकता हुआ मिला।शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक प्रीति पुत्री भागीरथ जो कि स्नातक की छात्रा थी। वह अपने बड़े भाई गुड्डू जो पीआरडी में नौकरी करता है। उसी के साथ बाराबंकी में रह रही थी। मंगलवार को वह अपने गांव तिलपुरा लौटी थी। बीती बुधवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा का शव उसी के कमरे में दुप्पटे के फंदे से लटकता हुआ मिला है। इस घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने कहा को घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## एसपी ने यातायात जागरूकता की संभाली कमान



**अमेठी।** गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा कस्बा गौरीगंज में आमजनमानस को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा हेलमेट न लगाकर चलने वाले मोटरसाइकिल चालकों को फूल देकर जीवन अनमोल है यातायात नियमों का पालन कर इसे सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया साथ-साथ नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने,दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात शोभनाथ राम व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।

## शराब पिलाने पर चार दुकानदारों का चालान, काउंटर जब्त

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के ठीक सामने दुकानों पर देर रात शराब पिलाने और अराजकता फैलाने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कई दुकानों पर युवकों का जमावड़ा देखा, जहाँ वे शराब पीते पाए गए। पुलिस ने न केवल युवकों को वहाँ से भगाया, बल्कि दुकानदारों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की।

बुधवार देर रात की इस घटना में, पुलिस ने चार दुकानदारों का चालान किया, जिन पर अपनी दुकानों में शराब पिलाने और सार्वजनिक स्थान पर अराजकता फैलाने का आरोप था। पुलिस ने उन काउंटरों को भी जब्त कर लिया, जिन पर बैठकर युवक शराब पी रहे थे। जब्त किए गए काउंटरों को कोतवाली में रखवा दिया गया है।

इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वे देर रात तक अपने काउंटरों को छुड़वाने के लिए प्रयास करते रहे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात दस बजे के बाद शराब की दुकानें बंद हो जाने के कारण कुछ लोग अवैध रूप से बढ़े हुए दामों पर शराब बेचने का काम करते हैं। इस अवैध कारोबार के चलते कोतवाली के सामने अक्सर झगड़े, बवाल और अराजकता की स्थिति बनी रहती है। पुलिस की इस कार्रवाई को इस अवैध गतिविधि पर लगाम लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पीएम सूर्य घर योजना को लेकर डीएम ने की बैठक:** जिलाधिकारी निशा अनंत नेगुरुवार कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं जनपद में चयनित वेंडरों के साथ समीक्षा बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिस पर परियोजना अधिकारी यूपी नेडा केशव चौरसिया ने बताया कि जनपद अमेठी में अब तक 15302 रजिस्ट्रेशन हुए हैं जिसके सापेक्ष 5092 आवेदन हुए हैं तथा 237 प्लांट की स्थापना की गई है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है इस योजनांतर्गत सोलर रूफटॉप लगवाने पर अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट के सोलर रूफटॉप पर रुपए 45000, 2 किलोवाट पर रुपए 90000 तथा 3 किलो वाट व उसे अधिक किलोवाट के सोलर रूफटॉप पर रुपए 108000 तक की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत अपने घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाए और अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत पाए। बैठक में योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी नेडा ने देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्लांट की अनुमानित लागत प्रति किलो वाट रुपए 65000 है इस योजना के अंतर्गत लगाए गए सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि 25 वर्ष है सोलर प्लांट कमीशनिंग के उपरांत सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी, इस प्लांट को लगवाने के लिए मात्र 7त्न की ब्याज दर से बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध है 3 किलो वाट का प्लाट मात्र रुपया 1800 की आसान ईएमआई पर लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जन सामान्य योजना का लाभ उठाने के लिए वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं तथा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत के लिए वेबसाइट https://upnedasolarsamadhan.in पर जा सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व वेंडरों से जन सामान्य को योजना के बारे में जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी नेडा, एलडीएम, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**डीएम ने सुनी बच्चों की फरियाद:** गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी महोदया के जनता दर्शन मे दो नाबालिक बालक जिनकी उम्र 10 वर्ष और 11 वर्ष है बच्चे घर से अपनी समस्या को लेकर आए थे, जिनको जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्या एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बच्चों की आगे की पढ़ाई जारी रह सके इस लिए उनको स्पॉन्सर शिप योजना का फॉर्म भरवाया गया जिसमें 4000 रुपया प्रति माह बच्चों को मिल सके, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को निर्देश दिया गया कि बच्चों को लेकर इनके घर इनके माता पिता को सुपुर्द कर दे, और केस की सही जानकारी ले, चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन एवं रुचि सिंह द्वारा मौके पर जाकर देखा गया, माता पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, पड़ोस के राजेंद्र ओझा द्वारा बाँसबल्ली खोल कर फेंक दिया गया था। जिसकी सूचना नजदीकी चौकी टीकरमाफी को दिया गया विपक्षी राजेंद्र ओझा द्वारा कहा गया कि कल मैं पक्की दीवार बनवा लूंगा ताकि आगे विवाद न हो सके, केस का निस्तारण किया गया।

**डीएम ने किया सरकारी दुकान का आकस्मिक निरीक्षण:** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को नगर पालिका गौरीगंज के वार्ड वलीपुर खुर्दवा ब्लॉक गौरीगंज में स्थित सरकारी राशन की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्टॉक का निरीक्षण किया इसमें कुल 119 कुंतल चावल 104 कुंतल गेहूं वितरण हेतु आया था जिसमें 89 बोरी गेहूं तथा 79 बोरी चावल की मात्रा उपलब्ध पायी गई शेष का वितरण किया जा चुका है

कोटेदार द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में अंत्योदय के कुल 85 तथा पात्र गृहस्थी के 490 राशन कार्ड धारक हैं। जिलाधिकारी ने कोटेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन वितरण मानक के अनुरूप किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को अपने सामने ई पास मशीन के माध्यम से राशन वितरण प्रणाली का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों से घटतौली, वितरण में अनियमित तथा ई केवाईसी की स्थिति की जानकारी ली व कोटेदार को निर्देशित किया।

## बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया। थाना बेहटा मुजावर पुलिस बीते 24 दिसंबर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थाने के उपनिरीक्षक सतीश कुमार द्वारा विवेचना के दौरान गुमशुदा को बरामद कर मेडिकल कराया गया और साक्ष्य संकलित कर 64/87 धारा की बढ़ोत्तरी की गई थी। नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी विमल कुमार पुत्र रामबली निवासी पंचमखेड़ा को पड़ोसी गांव व्योली इस्लामाबाद स्थित पानी की टंकी के निकट गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसे न्यायालय उन्नाव भेज दिया।

## नवनियुक्त बार मण्डल अध्यक्ष को किया सम्मानित



लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** भाजपा द्वारा आशीष बाबा को दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर समाजसेवियों ने प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़े समाज से ताल्लुक रखने वाले ग्राम गोबरहा निवासी आशीष कुमार लोधी बाबा को दूसरी बार सुमेरपुर मण्डल अध्यक्ष बनाया गया। बाबा के मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।क्षेत्र के ग्राम बसंतखेड़ा निवासी समाजसेवी सूरज सिंह ने मां देवी सप्तशती आश्रम गोबरहा पहुंचकर बाबा को अंग वस्त्र, प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बाबा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी के संकल्प पत्र अन्त्योदय योजना को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करुंगा। इस मौके पर वीरू सिंह,संदीप मिश्रा, रज्जन तिवारी, गौरव सिंह, महेंद्र, गोपी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## अलग-अलग स्थानों पर महिला सहित तीन ने लगाई फांसी

- कहीं घरेलू कलह तो एक की संदिस्थिति परिस्थिति में लटकता मिला शव
- पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय सन्तोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय आदि शवों को उतरवा कर पंचायत नामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है

लोकमित्र ब्यूरो



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तीन अलग अलग गांवो में एक 21 वर्षीय युवक व एक 58 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय सन्तोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय आदि शवों को उतरवा कर पंचायत नामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम खोर एत्मादपुर के 21 वर्षीय सुधीर कुमार पुत्र मायाराम ने आत्म हत्या करने से पूर्व सोसाइड नोट छोड़ गया है जिसमे छः माह पूर्व कोर्ट मैरिज का हवाला भी है लडकी के परिजनों द्वारा परेशान करने के चलते जीवन लीला समाप्त करने की बात कही गई है। पुलिस ने सोसाइड नोट को क़ब्ज़े में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं दूसरी घटना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के अमरा कटेहरा देवी मन्दिर के सामने की है। जंहा पर तीन वर्षो से रह रहे 58 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र राम प्रकाश सोनी ने बीती रात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। ओमप्रकाश कटेहरा देवी मन्दिर परिसर में साफ सफाई करता था और वहीं बंगला नुमा टीन के छप्पर रहता था। वहां के लोगों के अनुसार ओमप्रकाश शराबी प्रवृत्ति का था बीती रात फांसी लगा ली सन्दिग्ध परिस्थितियों में सुबह शौ लटका पाया गया मन्दिर के पुजारियों ने घटना की सूचना कोतवाली बदोसरांय पुलिस को दी मौके पर पंहुचे पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय आदि ने शवों को उतरवा कर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

तीसरी घटना थाना कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ही ग्राम घनश्याम दास पुरवा मजरे मधवापुर की है जंहा की नीतू 35 वर्ष पत्नी रामसजीवन ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है सूचना पर पहुंची कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## खलसापुर मोड़ पर भरा गंदा पानी मुसीबत का सबब बना



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** खलसापुर मोड़ पर लोगो द्वारा घर ऊंचा बना लिए जाने से सड़क पर पानी भरा हुआ है जिससे आवागमन में दिक्क़त हो रही है।यंहा एक बड़ा नाला बनाने की मांग हुई थी जिस पर कोई कार्यवाही अब तक नहीं हुई है।

रामनगर फतेहपुर रोड से खलसापुर गांव के अंदर डामर रोड गई है जंहा गाँव के अंदर मुड़ने पर गंदा पानी सड़क पर ही जमा दिखाई देता है।यंहा कुछ लोग घर ऊंचा बना लिए है जिससे पानी का बहाव आगे नही है । सड़क में गड्ढा भी बन गए है।उक्त मोड़ से गाँव के स्कूल तक एक बड़े नाला की मांग हो रही है।यंहा गंदा पानी न जमा हो इसके लिए ग्राम प्रधान व सचिव भी कुछ नही कर रहे।आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है ।इस मोड़ पर एक तरफ कुछ लोगो के घूर लगे हुए हैं जिससे मुड़ते समय दिक्क़त भी होती है।

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

- पांच दिवसीय श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा का पहला दिन
- पांच दिवसीय श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव व गायत्री महायज्ञ शुरू होने से पहले गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई

लोकमित्र ब्यूरो



**निन्दूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड देवा क्षेत्र के बलवंतपुरा भानमतिया कुटी पर बृहस्पतिवार से शुरू हुई पांच दिवसीय श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव व गायत्री महायज्ञ शुरू होने से पहले ऊंचे पुरवा गांव से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई जगह-जगह लोगों ने फूल की वर्षा की।

देवा क्षेत्र के बलवंतपुरा भानमतिया बाबू दास कुटी पर बृहस्पतिवार से शुरू हुई। पांच दिवसीय श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव व गायत्री महायज्ञ शुरू होने से पहले गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें यजमान आहुति देकर बीमारियों से निजाम पाने व खुशहाली के लिए कामना करते हैं महायज्ञ से होने वाली विपदा व बीमारियों से छुटकारा मिलता परिवारों में खुशहाली आती है।

बृहस्पतिवार को गायत्री परिवार द्वारा महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है।

जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। पंचांग पूजन व हवन के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया कलश यात्रा ऊंचे पुरवा गांव स्थित मंदिर से निकाली गई। कलश यात्रा बेहाट चक बैरागी पुर इब्राहिमपुर खेरिया शंकरपुर होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में 700 से अधिक कलशों ने माहौल को अलौकिक बना दिया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

काफी संख्या में भक्त पीले वस्त्र धारण किए हुए थे। कलश यात्रा संपन्न होने के बाद सभी महिलाओं ने यज्ञ वेदी की परिक्रमा के बाद सभी कलशों को यज्ञशाला के अंदर सुसज्जित किया। इस मौके पर राम आदेश यादव बृजेश पवन यादव पप्पू वर्मा मोहित उमेश प्रधान कमला सिंह सहज राम यादव अनूप यादव आदि मौजूद थे।

## आजाद की याद में कवियों ने बहाई रस की बयार



लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** शहीद चंद्र शेखर आजाद की 119वो के जयंती केअवसर पर बुधवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें वाणीपुत्रो ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आजाद को श्रृद्धांजलि समर्पित की। मां सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर कवियत्री शशि श्रेया ने द्वारा शारदे की स्तुति करके आरंभ किया । कवि कमल आग्नेय ने। नारियों के जेवर का नर के कलेवर का सुभाष के तेवर को क्या मिला । जिन्ना को मिला पाक तो ,नेहरू को हिंद मिला कोई बताए चंद्रशेखर को क्या मिला। सुनाया इटावा के विख्यात कवि गौरव चौहान ने जनेऊ जिस्म पर जैसे नाग शंकर का । कसी धोती कमर पर रूप रौबीला कलंदर सा, गुलाबो की न चरखो की विरासत याद है हमको । दिलो में सिर्फ रखते है तमंचा चंद्रशेखर का । सुनाकर शहीद आजाद को याद किया। गाजियाबाद से शिखा दीक्षित ने चंद्रिका काली का तुम अवतार ले लो बेटियो , न्याय करने का स्वयं अधिकार ले लो बेटियो, रौद्र धर रूप दुशासन की आंखें फोड दो तुम,उठो हाथों में अब अवतार ले लो बेटियो । नारी शक्ति का वंदन किया कवि अनुभव अज्ञानी ने , थी में हथौड़ा मगर कील रही है। वो मेरे कैमरे की रील रही है ।बीबी को ब्यूटीपार्लर का कोर्स कराया । वो अब घर के सदस्यों की भौहें छील रही है। सुनाकर कर लोगो को गुदगुदाया।

## रोटरी क्लब द्वारा ऋषि आश्रम के निकट नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट रोटरी क्लब के तत्वावधान में नारदानंद ऋषि आश्रम के बाहर एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आये मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना और उनका उचित उपचार करना था। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश अवस्थी ने बताया कि शिविर में कुल 75 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।

इनमें से 45 मरीजों को मोतियाबिन्द की समस्या पाई गई, जिन्हें आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया के तहत, सभी चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन कानपुर के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. शरद बाजपेयी द्वारा किया गया। शिविर में रोटरी क्लब के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इन सभी ने मरीजों को मेडिकल सहायता प्रदान करने में योगदान दिया और नेत्र परीक्षण की प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने में मदद की। इस शिविर के आयोजन से गंगाघाट के नागरिकों को न केवल स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हुई, बल्कि उन्हें मोतियाबिन्द जैसी सामान्य लेकिन गंभीर आंखों की बीमारी के इलाज के बारे में जानकारी भी मिली। रोटरी क्लब द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्यों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी तरह के शिविरों का आयोजन करने की योजना बनाई गई। यह शिविर रोटरी क्लब के सामाजिक दायित्वों की भावना को प्रदर्शित करता है, जो हमेशा समाज की भलाई के लिए काम करता है।

शिविर में रोटेरियन अतुल दीक्षित, रवि शुक्ला, अंकुर शुक्ला, कमल वर्मा, रितेश मिश्रा, अवनीश शुक्ला, संतोष तिवारी, विवेक शुक्ला और अनुज तिवारी ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समाजसेवी मनु गाँव-गाँव जाकर कर रहे हैं ग्रामीणजनों को टीबी रोग के प्रति जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** प्रधानमंत्री के एक महत्वपूर्ण अभियान टीवी मुक्त भारत को 2025 तक खत्म करने के मिशन के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश की 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत समाजसेवी की एक अनोखी पहल गाँव-गाँव जाकर कर रहे हैं ग्रामीणजनों को टीबी रोग के प्रति जागरूक। बता दें कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा टीबी की बीमारी को पूरे देश से 2025 के अंत तक पूर्णरूप से टीबी मुक्त करने का एक मिशन चलाया गया इसी अभियान के अंतर्गत मा0 मुख्यमंत्री ने एक 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान पूरे प्रदेश में चलाया गया है। इसी अभियान को देखते हुए समाजसेवी ने एक अनोखी पहल की शुरुआत की है वह गाँव-गाँव जाकर ग्रामीणजनों को टीबी रोग के लक्षणों के बारे में जागरूक कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि टीबी को हराने के लिए जागरूकता फैलाना जरूरी है! 100 दिनों का अभियान हर व्यक्ति तक यह संदेश पहुँचाने का समय है- सही समय पर जाँच और उपचार से टीबी को हराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बताया कि टीबी एक ऐसी बीमारी है, जिसके प्रति लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है। टीबी को खत्म करने के लिए कई उपचार पद्धतियों को भी खोजा गया है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। यह बीमारी एक प्रकार के माइक्रोबैक्टेरियम ट्यूबरयुक्लोसिस बैक्टीरिया (जीवाणु) के कारण होती है। टीबी अधिकतर फेफड़े पर ही असर करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण टीवी मुक्त भारत अभियान में मेरे द्वारा जितना हो सकता है उतना योगदान करूँगा और जनपद को इस टीबी रोग से जड़ से खत्म करने में पूर्ण सहयोग करूँगा। लम्बे समय से इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत जनपद में काम कर रहें ,जिसमे उनके द्वारा बड़ी संख्या में टीबी रोगियों को गोद लिया हैं।

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला योजना समिति की बैठक

## शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें अधिकारीः नितिन

- योजनाओं, विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा कर दिए निर्देश
- प्रभारी मंत्री ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं, बोले, नए वर्ष में नए जोश से काम करें अफसर
- महाकुंभ के लिए हो विशेष बसों का कराए प्रबंधः प्रभारी मंत्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र और जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जनपद खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिला योजना समिति की बैठक में विभागों को शासन से दिए गए बजट, खर्च आदि को लेकर जिला योजना की मूल्यांकन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, आनंद भदौरिया, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, अध्यक्ष जिपं प्रति. नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ संजय बिस्वाल, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित जिला योजना समिति के सदस्यगण, अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिले में नवाचार के रूप में डीएम की पहल पर सर्किट फेस्ट की अवधारणा को साकार कर लखीमपुर महोत्सव का आयोजन, 1100 कन्याओं का शक्ति वंदन, जल जीवन मिशन के तहत 168 महिलाओं को पंप ऑपरेटर, प्लंबर और फिटर के रूप में प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की पहल, मिशन मैदान के तहत 1000 स्कूलों में खेल मैदान की स्थापना जैसे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी, लाभार्थीपरक, रोजगारोन्मुख योजनाओं तथा अवस्थापना एवं विकास परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। जनता से जुड़े कृषि, पशुपालन एवं सभी विभाग ब्लॉक स्तर पर समेकित गोष्ठी आयोजित कर जनमानस को योजनाओं की जानकारी दें। जिसमें ग्राम प्रधान, आमजन की प्रतिभाग भी सुनिश्चित करें। जल निगम के अफसर पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत में गुणवत्ता सुनिश्चित कराए। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का क्लीयरेंस भी अवश्य लें। मुझे खुशी है कि जिले में मुख्यमंत्री जी और शासन की मंशानुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर समृद्ध बनाया जा रहा। सभी अधिकारी इसे और अच्छे से क्रियान्वित कराए।

सभी विभागीय अधिकारी टीम भावना से काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि 65.23 लाख मानव दिवस लक्ष्य के सापेक्ष 60.90 लाख मानव दिवस की पूर्ति करते हुए 93.36 प्रतिशत की उपलब्धि है। 345 अमृतसरोवर, 08 स्टेडियम 33 खेल मैदान पूरे कर लिए गए हैं। 1153 बाउंड्रीविहीन विद्यालयों में से 732 को पूर्ण किया गया है। पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि पीएम और सीएम आवास योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत स्वीकृति मिलने के साथ-साथ निर्माण कार्य शीघ्रता से कराया जा रहा है।

डीएम के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग की वेबसाइट से निराश्रित महिलाओं की सूची लेकर सत्यपानोपरांत सभी पात्र महिलाओं को आवास योजना से लाभान्वित किया गया। बीएसए ने ऑपरेशन कायाकल्प, कस्तूरबा विद्यालय की ऊंचीकरण की प्रगति बताई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि गतवर्ष निपुण में जिले की रैंकिंग 72 थी, जिले पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं अन्य प्रयासों से इस वर्ष 24वे स्थान पर आ गई।

आगामी वर्ष में टॉप फाइव में आने को युद्ध स्तर पर जारी है। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने जिले के 05 लाख 53 हजार 347 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 221.41 करोड़ की धनराशि अंतरित की जा चुकी है। नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड के तहत 4161 कृषकों को 50त्न अनुदान पर बीज एवं कृषि यंत्र प्रदान किया गया। कृषि यंत्रीकरण में 178 कृषकों को लाभान्वित किया गया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति बताई। उन्होंने बताया कि 10.6 लाख गोल्डन कार्ड बन चुके हैं।

जिले की 81 फ़ीसदी परिवारों में कम से कम एक गोल्डन कार्ड भी बनाया चुका है।

एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि जिले में 132 बी पैक्स संचालित है। 24 नए बीपैक्स बनने हैं, जिनमें से 10 नए बी पैक्स बन चुके हैं, जो प्रदेश में प्रथम है। विश्व अन्न भंडारण योजना के तहत 1000 एमटी के पांच बी पैक्स के चयन किए गए है। जल्द ही आठ बी पैक्स जन औषधि केंद्र संचालित करेंगे, जिनके जरिए जेनेरिक, ऑनलाइन ओपीडी, पैथोलॉजी, ओरल स्क्रीनिंग आदि की सुविधा दी जाएगी।

116 बी पैक्स द्वारा जन सुविधा केंद्र संचालित हैं। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों के अफसर से उनके विभाग में क्रियान्वित सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बैठक में सांसद उत्कर्ष वर्मा, आनंद भदौरिया एवं समिति के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जो भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सुझाव प्राप्त हुए हैं उन पर अमल किया जाए।

## चुनावी घोषणा के बाद मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संभाली दिल्ली में चुनावी कमान

- संगठन के साथ शुरू की बैठकें और बनाई चुनाव जीतने की रणनीति



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद / नई दिल्ली ।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। चुनावी घोषणा के बाद सभी राजनीतिक दल एक्टिव मोड में आ गए हैं। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी भी इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनाव को जीतने के मूड में आ रही है। पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर अन्य सांसद, विधायक और संगठन के लोगों को अभी से फील्ड पर उतार दिया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली में चुनावी घोषणा होने के बाद दिल्ली चुनावी रणभूमि में उतर आए हैं। दिल्ली की तैयारी को जोरो शोर से शुरू कर दिया गया है। वही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर विधानसभा बवाना उत्तर पश्चिम की बैठक में नरेंद्र कश्यप उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने वहां संगठन और पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की है ताकि विधानसभा चुनाव को भारी मतों से जीता जा सके।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता एक-एक घर जाकर लोगों से वोट मांगेंगे। वह मोदी के विकास कार्यों और परियोजनाओं की जानकारी देंगे। तो लोगों को बताएंगे कि किस तरीके से केजरीवाल की सरकार ने बीते 10 सालों में दिल्ली का सत्यानाश किया है। कोई विकास कार्य नहीं हुए हैं, साथ ही सरकार का आने वाले चुनाव को लेकर कोई विजन भी नहीं है। बुधवार को विधानसभा बवाना उत्तर जिला पश्चिमी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, विधायक संजय, पूर्व विधायक उमेश मलिक और विधानसभा प्रभारी प्रवासी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित हुए।उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली के चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव मोड में हैं। वह बुधवार को विधानसभा बवाना में शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निभाने के लिए पहुंचे थे।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में विजई बनाएगी। जनता जानती है कि केजरीवाल जनता का कोई भला नहीं करने वाले हैं। उनकी कथनी और करनी में अंतर है। वही उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि दिल्ली में इस बार कमल खिलेगा, लोग केजरीवाल को वोट देने के मूड में नहीं हैं।

## युवा दिवस की पूर्व संध्या पर होगा गायत्री परिवार का युवा बोध दीपोत्सव

**लखीमपुर-खीरी।** युवा प्रेरणास्रोत, युग नायक स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) की पूर्व संध्या पर 11 जनवरी, शनिवार को गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ युवा बोध दीपोत्सव का आयोजन करेगा। यह आयोजन लखीमपुर के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर के आचार्य भवन में दोपहर 3 बजे से होगा। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा वर्तमान समय की चुनौतियों पर विचार और वीर रस पर आधारित काव्य और गीत प्रस्तुतियां भी होंगी।

## टाई ब्रेकर में मणिपुर ने गाजीपुर यूपी को 4-1 से हराया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चंदौली।** अमरवीर इंटर कॉलेज धानापुर के मैदान पर चल रही अंतरप्रांतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को मणिपुर की टीम गाजीपुर यूपी की टीम को टाई ब्रेकर में 4-1 से हराकर अगले चक्र के लिये अपना स्थान पक्का कर लिया। यहां हुए 90 मिनट के खेल में पहले हाफ के 20वे मिनट में ही मणिपुर के खिलाड़ी पैट्रिक ने साथी खिलाड़ी के पास देने पर शानदार गोल दागकर अपने टीम को बढ़त दिला दिया। लेकिन गाजीपुर यूपी की टीम के खिलाड़ी कामरान ने बेहद उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए 35वें मिनट में ही एक शानदार गोल दागकर अपने टीम को बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ में भी दोनों टीम एक दूसरे पर दबाव बनाए हुए थीं। किंतु काफी जद्दोजहद के बाद भी खेल समाप्ति तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। मैच के मुख्य अतिथि रामशरण यादव और विशिष्ट अतिथि सुनील पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। इस दौरान मुख्य रूप से नईमुल खान, शाह आलम खान, मनीष सिह, हाजी बिस्मिल्लाह, सुशील कुमार मिश्रा, अजहर खान सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कमेंट्री आतिफ खान और इनाम ने किया।मैच के मुख्य निर्णायक रशीद खान, उत्तरी गोल जज शमशाद, और दक्षिणी गोल जज उमेश कुमार रहे।



**वरिष्ठ एथलीट प्रेमचंद सिंह का किया सम्मानः** जिले के हिंगुतरगढ़ गांव निवासी वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व एथलीट प्रेमचंद सिंह का गुरुवार को यहां अंतरप्रांतीय फुटबॉल मैच के उपरांत मंच पर सम्मान किया गया। वे एयर इंडिया नई दिल्ली में प्रबंधक के पद से सेवा निवृत्त हुए हैं। उनके नाम आज भी प्रदेश स्तर पर कई उपलब्धि है। इस दौरान मोहम्मद कादिर खान, नियामुल हक, उमेश चंद यादव, राजेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह आदि अन्य भी रहे।

## नए एसपी संकल्प शर्मा ने लिया चार्ज, जानी लखीमपुर-खीरी की पृष्ठभूमि

- 2012 बैच के आईपीएस, कप्तान गणेश प्रसाद साहा का हुआ विदाई समारोह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जिले को नया पुलिस कप्तान मिल गया है 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी संकल्प शर्मा ने गुरुवार को जिले के एसपी का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने गणेश प्रसाद साहा की जगह यह जिम्मेदारी ली। कार्यभार संभालते ही उन्होंने जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर प्राथमिकताएं तय किया। संकल्प शर्मा यूपीएससी परीक्षा 2012 के टॉपर आईपीएस अधिकारियों में से एक हैं। उनकी पहली पोस्टिंग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में हुई थी। अपने सख्त रवैये और कुशल प्रशासनिक क्षमता के लिए वे खासे चर्चित रहे हैं। उनकी गिनती उन अधिकारियों में होती है जो अपने कार्यक्षेत्र में अनुशासन और निष्पक्षता के लिए जाने जाते हैं। लखीमपुर खीरी हाल के दिनों में कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चाओं में रहा है। अपराधों में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था को लेकर नई एसपी के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बहाल करना उनकी प्राथमिकता होगी।

चार्ज संभालते ही संकल्प शर्मा ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा और अपराधों पर नियंत्रण उनका मुख्य फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध मुक्त माहौल बनाने के लिए वे सख्त कदम उठाएंगे और हर नागरिक की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

नए एसपी के आगमन से पुलिस प्रशासन खीरी में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए अहम फैसले लिए जाएंगे। जनता को भी अब उनके नेतृत्व से काफी उम्मीदें हैं।

## महाकुंभ की पवित्र गूंज के साथ राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**एटा।** शहर के जीटी रोड सैनिक पड़ाव मैंदान में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी एटा महोत्सब 2025 का आयोजन 09 जनवरी से 10 फरवरी 2025 तक किया जाना है। मा0 आयुक्त महोदया श्रीमती चैत्रा वी. द्वारा गुरूवार को अपरान्ह में प्रदर्शनी ग्राउण्ड पहुंचकर एटा महोत्सब का विधिवत फीता काटकर, हवन पूजन करके शुभारंभ किया। मा0 आयुक्त महोदया ने कहा कि एटा में राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी का आयोजन हर वर्ष किया जाता है, इस बार पूरी भव्यता के साथ एटा महोत्सब के आयोजन में कार्यक्रमों किए जायेगे, यहां की लोक कला भी मौका दिया जाएगा। आयुक्त महोदया ने इस दौरान प्रदर्शनी ग्राउण्ड में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल प्रदर्शनी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया।

## लावारिस शवों को कंधा अभियान के अन्तिम दिन शामिल हुई सैकड़ों बौद्ध महिलायें

- कानपुर में अब तक 16000 लावारिस लाशों का संबंधित धर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करा चुकी समाज कल्याण सेवा समिति

**सुनील बाजपेई**



**कानपुर।** जिनका कोई नहीं होता, उनका इंसान के रूप में ईश्वर, अल्लाह और गॉड ही होता है। यह कथन लागू होता है, उन लोगों के संदर्भ में दुनिया को अलविदा कहने के समय जिनके साथ उनके लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई नहीं होता, लेकिन फिर भी ईश्वर, अल्लाह और गॉड इंसान के रूप में उनके लावारिस शव का अंतिम संस्कार अवश्य कराते हैं। यहां बात हो रही है, कानपुर की उस समाज कल्याण सेवा समिति की जो अबतक 16000 से ज्यादा लावारिस लाशों का संस्कार मरने वाले व्यक्ति के संबंधित धर्म के अनुरूप कर चुकी है। इसी संस्था ने कानपुर में लावारिश शवों के पांच दिवसीय कन्धा दान का अभियान भी चलाया, जिसके अन्तिम दिन इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समुदाय की सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने इन लावारिशों को कंधा देने के साथ ही उनके बिछड़े दुखी परिजनों के आत्म शान्ति के लिये तथागत गौतम बुद्ध व ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस कन्धा दानियों में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शवों पर फूलों की वर्षा भी की, जिससे पोस्ट मार्टम से एक किलोमीटर की दूरी तक सड़क फूलों से पटी रही।

इस शव यात्रा में हे मानव तू मुख से बोल बुद्धम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि का उच्चारण करते हुए शव यात्रा को अन्तिम विदाई दी गयी। महिलाओं द्वारा दिये जा रहे कन्धादान अभियान में एक दूसरे से कन्धा बदलते नजर आयीं।

इस मौके पर शव यात्रा में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि सभी धर्मो के लोग इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विगत 15 वर्षों से हम गंगा को प्रदूषण से बचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 16000 लावारिश शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार करा चुके हैं। जिससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में भी सफलता मिली।

इस मौके पर मनीषा पैंथर, अनीता जैसवार, आरती राव, कु आरती राव, सीमा संखवार, पिंकी चंडा, सरोज गौतम, शालिनी गौतम, कांति, बबली गौतम, रुक्मणी, सुधा गौतम, रेखा, नीलू खन्ना, फूलमती, सर्वेश कुमारी, निशा, राजू देवी, फूल दुलारी, शीला देवी, गुड़िया सहित आदि महिलाए मौजूद रही।

## आकांक्षा समिति की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की नई पहल

- मंडलायुक्त ने किया मसाला मठरी केन्द्र का शुभारंभ
- यह परियोजना हम सब के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बना कर उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** मंडलायुक्त ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल शुरू करते हुए आकांक्षा समिति के जरिए मसाला मठरी केन्द्र का शुभारंभ किया।

परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुलने से विशेष लाभ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को होगा, जो स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। वे यहां तैयार किए गए उत्पादों को बेचकर खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकती हैं। इस केंद्र में उच्च गुणवत्ता वाले और नैचुरल उत्पाद उपलब्ध हैं, जो स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए लाभकारी हैं

मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा, 'द स्पाइस हाउस - मसाला मठरी केंद्र' आकांक्षा समिति आगरा के 35 वर्षों की यात्रा का एक अहम हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उनके जीवनस्तर में सुधार लाना है। यह परियोजना हम सब के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बना कर उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और रोजगार के नए अवसर

आकांक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती विनीता पाटिल ने बताया, यह मसाला मठरी केंद्र लखनऊ में स्थापित आकांक्षा समिति के समानांतर है। अक्टूबर 2024 में आकांक्षा लखनऊ और आगरा के बीच एक एमओयू हुआ था।

इस केंद्र में उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग, मार्केटिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और बिक्री के सारे कार्य किए जाएंगे। इससे न सिर्फ महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे, बल्कि इसके लाभ का उपयोग बच्चों, बालिकाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए भी किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, सचिव आकांक्षा आगरा श्रीमती सुभाषिनी पालीवाल, श्रीमती रीना खंडेलवाल, श्रीमती दीपा रावत, श्रीमती आंसू मित्तल और श्रीमती अपर्णा सहित आकांक्षा समिति की सभी सदस्यगण उपस्थित रहीं।

## अधिवक्ता के भाई की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जे का प्रयास

**एटा।** एटा सिविल न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में दबंगों ने अधिवक्ता देवेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के भाई संजय कुमार निवासी नगला डरू, मौजा बरई कालियानपुर थाना अवागढ की भूमि पर दबंगों में गांव के ही कप्तान सिंह आदि लोगो ने जबरन संजय कुमार के खेत में पानी लगाने का प्रयास किया। संजय कुमार ने 112नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाया। तब तक लाइट बंद हो रही। दबंग कमिश्नर के दौरे में व्यस्त पुलिस, और लेखपाल के इशारे पर कब्जा कर रहे थे। ऐसा पीड़ित का आरोप है। कि पुलिस को कई बार अपने अधिवक्ता भाई के माध्यम से सूचना भेजी, लेकिन वह भी नही पहुंचे। लेकिन न्यायालय में विचाराधीन वाद के बाबजूद भी दबंगो के हौसले बुलंद हो यह सोचने के लिए मजबूर करता है कि दबंगों को किसी न किसी रूप से संरक्षण प्राप्त हैं।

## गोविंद सुगर मिल ऐरा ने 180 लाख कुंतल गन्ना पेराई का रखा लक्ष्य

- ऐरा मिल की एडवाइजर गन्ना क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण
- गोविंद सुगर मिल ऐरा गन्ना किसानों को चौदह दिन में कर रहा भुगतान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रमियाबेहड़-खीरी।** बुधवार को गोविंद शुगर मिल ऐरा की एडवाइजर ने ब्लॉक क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्र निरीक्षण करके किसानों की समस्याओं को सुन कर उनको निस्तारित करवाने का आश्वासन दिया, गन्ना किसानों से मिल को शत प्रतिशत गन्ना सप्लाई करने की अपील की। गोविंद सुगर मिल ऐरा की एडवाइजर डॉ फौजिया तरन्नुम ने लहबड़ी, नैनापुर,रामनगर बगहा , हौकना मटेरा, परौरी, गुलरिया अग्घरा समेत अन्य गन्ना क्रय केंद्र पर जाकर निरीक्षण किया। डॉ फौजिया तरन्नुम ने किसानों को गन्ना कोल्हू क्रेशर पर न बेच कर मिल को शतप्रतिशत सप्लाई देने की बात कही जिससे किसानों का बेसिकोटा अच्छा बने और भविष्य में पर्चियों की किल्लत से न जूझना पड़े।

गन्ना किसान पप्पू, बीरेंद्र सिंह, मोहित तिवारी, राजेश सिंह, गब्बर ने गन्ना सर्वे, गन्ना क्रय केंद्र पर ट्रांसपोर्ट की समस्या और पर्चियों की सप्लाई बढ़ाए जाने की मांग की। तरन्नुम ने बताया ऐरा चीनी मिल का लक्ष्य 180 दिन में 180 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया है प्रति दिन एक लाख कुंतल गन्ने की पेराई मिल कर रहा है और गन्ना किसानों का भुगतान सरकार के 14 दिन में भुगतान की मंशा के मुताबिक कर रहा है। वर्तमान सत्र में गोविंद सुगर मिल ऐरा 26 दिसम्बर तक लगे सम्पूर्ण गन्ने का भुगतान कर चुकी है।

गन्ना किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना लगाने को लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गन्ना प्रबंधक यादवेंद्र प्रताप राव, रीजनल हेड अजीत वर्मा, नहर सिंह, पप्पू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# मेधावी सौरभ की प्रतिभा पर सभी को नाज- डॉ पम्मी

## डीटीएससी में दो बार सफल हो कर सौरभ ने बढ़ाया जिले का मान, अभिनंदन स्मृति भवन में मेधावी सौरभ का हुआ भव्य सम्मान





**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय के हरिहरगंज बाजार में अभिनंदन स्मृति भवन में डिविजनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 में जिले में तीसरा स्थान पाने वाले जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के आठवीं छात्र सौरभ पांडेय का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में स्थानीय बुद्धिजीवियों ने मेधावी छात्र को जिले का नाम रोशन करने पर बधाई देते हुए फूल माला पहना कर स्वागत किया है।सम्मान कार्यक्रम में मेधावी के उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं उसकी प्रतिभा की सभी ने सराहना की है।

कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र की प्रथम गुरु माता नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक डॉ पम्मी पांडेय ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि नर्सरी से ही यह छात्र होनहार एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी रहा है। पांचवी के बाद जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज में दाखिला लेकर वहां भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते रहे हैं। इस छात्र की प्रतिभा ने ही डीटीएससी परीक्षा में लगातार दो वर्षो से जिले में दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल कर मान बढ़ाया है। छात्र के मार्गदर्शक एवं शिक्षक पंकज कुमार यादव ने बताया कि राज्य स्तर पर आयोजित श्री रघुकुल विद्यापीठ के तत्वाधान में डिविजनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 में छात्र सौरभ ने जिले में जूनियर संवर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह एवं पूर्व मंत्री पलटू राम के हाथों मेडल ,प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि से सम्मानित हुए हैं। इसके पहले भी बीते वर्ष 2024 की इसी परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान इस छात्र ने हासिल कर 21000 चेक के साथ प्रशस्ति पत्र, मेडल हासिल किया था।

कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं सिंचाई विभाग के वरिष्ठ सहायक मोहनलाल शुक्ला ने प्रतिभाशाली छात्र को माला पहनाकर जिले का नाम रोशन करने पर बधाई दी है।उन्होंने कहा कि यह छात्र निश्चित तौर पर आने वाले समय में न केवल क्षेत्र का नाम बल्कि जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेगा। मेधावी छात्र के अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित होते देखकर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता एवं दादा-दादी का आशीर्वाद ही इन बच्चों को निरंतर जिला एवं राज्य में अपनी प्रतिभा के साथ सबसे अलग पहचान बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के प्रिंसिपल क्रेग बटरफील्ड ने कहां कि सौरभ की उपलब्धि न केवल स्कूल की बल्कि क्षेत्र,जिले की बड़ी उपलब्धि है।अधिवक्ता गौरव पांडेय,विशाल उपाध्याय , शिक्षक पुनीत कुमार यादव, विशाल कुमार पांडेय सहित तमाम स्थानीय बुद्धिजीवियों ने बेटे की उपलब्धि पर बधाई देते हुए निरंतर आगे बढते रहने के लिए प्रेरित किया है।

# आरटीओ, यातायात पुलिस, शिक्षक, शिक्षिका व समाजसेवियो ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** दुर्घटनाओं के प्रतिशत को कम करने के लिए नगर में आरटीओ व यातायात पुलिस का रोडवेज बस स्टाप स्थित संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में स्कूल भी रहे शामिल, विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षिकाओ व समाजसेवियों ने भी दर्ज कराई उपस्थिति। यातायात निरीक्षक राम निरंजन व यात्री कर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय के संयुक्त नेतृव में लाइसेंस, हेल्मेट, शीटबेल्ट व वाहन के दस्तावेज लेकर चलने वालो को गुलाब देकर उनका उत्साह बढ़ाया व जो नियम विरूद्ध यात्रा करते पकड़े गए उन्हें यातायात नियम के पाठ पढ़ाए गए। यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय ने नियम विरूद्ध सफ़र करने वालो को सुझाते हुए कहाकि यदि आप नियम का पालन करगें तो आपको देखकर और लोग भी पालन करेगें और आपके इस कृत्य को पुनीत कार्य के रूप में देखा जाएगा। यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने कहाकि हम लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क पर खड़े है, हमारा प्रयास दुर्घटनाओं का प्रतिशत शिफ्र करना है, हम वाहन चालको से अपील करते है कि पुलिस के मांगने पर अपने वाहन के दस्तावेज दिखाए, पुलिस को देखकर इधर उधर न भागे इससे दुर्घटानाएं हो सकती है, पुलिस आपके सहयोग में खडी है, आपसे भी अपील है कीकि पुलिस का सहयोग करें, अभियान में यातायात उप निरीक्षक नरेद्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश, मुख्य आरक्षी अरविंद, मेजर बेलाल अहमद सहित होमगार्ड जवान, सैमफोर्ड़ विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षिका व समाजसेवी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा 200 परिवारों को लिया गया गोद




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** जिन परिवारों को छात्रों द्वारा गोद लिया गया है उनके गांव का नाम दुबेपुर, महायतपुर होली का पुरवा है इसी क्रम मे अगले महीने फ़िर एक नए गांव में 1-1 घर एमबीबीएस छात्र के द्वारा गोद लिया जाएगा। परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का उद्देश्य है कि भारतीय चिकित्सा स्नातकों को समुदाय-आधारित स्वास्थ्य देखभाल के बारे में अनुभव देना और स्वास्थ्य में समानता बढ़ाना है इस कार्यक्रम के द्वारा छात्रों को ये सीखने को मिलते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की अवधारणा को समझना, समुदाय में स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता बढ़ाना, समुदाय में स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या में पहला संपर्क बिंदु बनना, जनसंख्या और स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच माध्यम का काम करना, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए डेटा इकट्ठा करना और उसका विश्लेषण करना। इस कार्यक्रम के तहत नए स्नातक छात्रों को पांच परिवारों को गोद लेना होता है और अगले तीन सालों तक उनकी देखभाल करनी होती है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने तैयार किया है. यह कार्यक्रम,सामुदायिक चिकित्सा विषय के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इस कार्यक्रम की पहल मे कम्युनिकेशन मेडिसिन ( ए एस एम सी ) सुल्तानपुर का अहम रोल रहा है जिसमे डिपार्टमेंट के हेड डॉक्टर आनंद रंजन, असोसिएट प्रोफ़ेसर डॉक्टर राजीव कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर पायल सिंह, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर अनीता मौर्या, जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर सौरभ डॉक्टर आशीष, डॉक्टर सूरज तथा आशा और एनम अपनी सक्रिय भूमिका को जिम्मेदारी के साथ निभा रहे है।

# महाकुंभ' सनातन संस्कृति उत्सव-2025 में युवाओं की हो अहम भागेदारी-अंश द्विवेदी

सुलतानपुर। सरकार महाकुंभ की अलौकिक छंटा को बिखेरने में प्रयासरत हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी ने महाकुंभ उत्सव-2024-25' में जनपद के इच्छुक सभी ग्रामीण/शहरी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले 2025 का महाकुंभ सनातन संस्कृति का जीता-जागता उदाहरण है। जहां हिंदू जगतगुरुओं के चारों पीठाधीश्वर सहित साधू-संत के अलावा युवाओं का आगाज हो रहा है वहीं युवाओं को बढ़ चढ़कर पर्व में भागीदारी लेना चाहिए, और संगम में स्नान करने से जीव धन्य होगा। एक मुलाकात में यह उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी ने कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि ज़िले भर के युवा इस गौरव शाली उत्सव में प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश ही नहीं वल्कि पूरे भारत देश की माटी को चमकाने का काम करेगा, जहां के माटी की छटा उल्लेखनीय है।

# सुरेंद्र त्रिपाठी बने जिलाध्यक्ष, अंकित बने मंत्री

## यूपी लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का दो वर्षीय अधिवेशन संपन्न



**बलरामपुर।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन शाखा इकाई बलरामपुर का द्विवार्षिक चुनाव व अधिवेशन प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग में संपन्न हुआ। चुनाव में सुरेंद्र मोहन त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष व अंकित कुमार श्रीवास्तव जिलामंत्री चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष पदम नाथ त्रिवेदी व विशिष्ट अतिथि प्रांतीय मंत्री जे पी पाण्डेय, प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत गुर्जर, देवीपाटन क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण किशोर मल्होत्रा, क्षेत्रीय महामंत्री कार्तिकेय सिंह रहे। चुनाव अधिकारी मोहम्मद नईम और राजकुमार ने चुनाव संपन्न कराया। जिलाध्यक्ष पद के लिए मो0 शफीक, त्रिलोकी प्रसाद शर्मा, सुरेंद्र मोहन त्रिपाठी और दबीर अहमद मैदान में थे। ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद मतगणना हुई। इसमें सुरेन्द्र मोहन त्रिपाठी को 16 मत, मो0 शफीक को 12 मत, त्रिलोकी प्रसाद शर्मा को 8 मत और दबीर अहमद को 6 मत प्राप्त हुए। इस तरह सुरेन्द्र मोहन त्रिपाठी ने चार वोट से जीत हासिल करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित हुए। वही जिलामंत्री पद के लिए हुए चुनाव में राज कुमार जायसवाल व अंकित कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमे अंकित कुमार श्रीवास्तव को 26 मत व राजकुमार जायसवाल को 16 मत प्राप्त हुए,।इस तरह जिलामंत्री पद के लिए हुए चुनाव में अंकित कुमार श्रीवास्तव ने 10 मतों से जीत कर जिलामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार कलहंस को निर्विरोध घोषित किया गया, कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद करीम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। संगठन मंत्री के लिए कृष्ण कुमार आर्य को निर्विरोध घोषित किया गया। वहीं महिला संगठन मंत्री पूनम कश्यप बनाया गया। प्रचार मंत्री का दायित्व अनम बेगम को दिया गया । इस दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों के संरक्षण को लेकर आश्वस्त किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। रवि प्रकाश श्रीवास्तव, राम सरन, मनोज कुमार यादव, त्रिलोकी प्रसाद, मोहम्मद शफीक, दबीर अहमद, दीपमाला पाठक, राजकुमार, राजेंद्र प्रसाद, अनुरुद्ध तिवारी सहित सभी कर्मचारियों ने निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी है।

# शशिकला बनी उत्तर प्रदेश महिला एथलेटिक्स सब जूनियर की कोच



**सुलतानपुर।** जिले के रामकली बालिका इंटरकालेज में कार्यरत व्यायाम शिक्षिका शशिकला मौर्य को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स महिला सबजूनियर टीम का कोच नियुक्त किया गया है। 11 से 14 जनवरी के मध्य झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश महिला टीम एथलेटिक्स सबजूनियर संवर्ग की जिम्मेदारी राज्य क्रीड़ा संस्थान द्वारा दी गई है। नौ को सभी खिलाड़ी, कोच व मैनेजर संस्थान को अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे अगला निर्देश मिलने पर टीम रवाना की जाएगी, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने उनको कोच नियुक्त होने पर बधाई दी, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि शशिकला अपने समय की अच्छी एथलीट भी थी साथ ही प्रधानाचार्या रीना सिंह, राजेश कनौजिया, मुनेंद्र मिश्र, सुरेश यादव, सुरेंद्र वर्मा, राहुल तिवारी, दिलीप कुमार सहित जिले के व्यायाम शिक्षक व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 योजनान्तर्गत मशाला उद्योग का किया गया स्थलीय निरीक्षण



**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव द्वारा गठित कमेटी जिसमे सदस्य डॉ0 सर्वेश कुमार संयुक्त निदेशक (उद्यान) लखनऊ, पवन कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, वाराणसी, कन्सल्टेन्ट, डा0 आमीन कन्ट्रोलर्स प्रा0लि0, नोयडा समिति द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुपालन में 08 जनवरी 2025 को जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा के साथ मेसर्स एच0वी0आर0 एग्रों फूड प्रा0लि0 सतहरिया जौनपुर के अनुदान की द्वितीय किश्त अवमुक्त किये जाने से पूर्व मशाला उद्योग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कम्पनी मालिक द्वारा अवगत कराया गया कि मशाला उद्योग स्थापित करने में कुल लागत 11.00 करोड आयी है, जिसके लिए उद्योग नीति 2023 के तहत रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिसमें 35 प्रतिशत अनुदान की धनराशि अनुमन्य है, के सापेक्ष प्रथम किस्त प्राप्त हो चुका है, रविन्द्रनाथ सिंह ने बताया कम्पनी द्वारा 05 टन प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के करीब 39 तरह के मसाले तैयार किये जा रहे है। यूनिट वर्तमान में संचालित एवं सभी मशीने क्रियाशील पायी गयी। जून 2024 से यह मशाला उद्योग संचालित है। मशाला उत्पादन किया जा रहा है, वर्तमान में कम्पनी में 27 कार्मिक कार्य करते है। इस दौरान कम्पनी के ओनर रविन्द्रनाथ सिंह, जनरल मैनेजर उपेन्द्र सिंह व सन्तोष दुबे मौके पर उपस्थित रहे।

# योगेश प्रताप सिंह प्रबंधक पंडित राम शब्द मिश्र बने अध्यक्ष

## संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न



**सुल्तानपुर।** चौकिया स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय व संजय गांधी कॉलेज आफ फार्मेसी पठानीपुर के प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध रूप से संपन्न हो गया । चुनाव पर्यवेक्षक प्रीफ़ेसर विनोद कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम मे निर्विरोध प्रबंध समिति व विद्यालय संचालन समिति की घोषणा हुई। समिति के सभी सदस्यों ने पुरानी कमेटी को अगले 5 साल के लिए बहाल कर दिया। चुनाव संपन्न होते ही पर्यवेक्षक विनोद श्रीवास्तव ने पूरी कमेटी को बधाई देते हुए अध्यक्ष पद पर चुने गए पंडित राम शब्द मिश्रा व पूर्व सांसद राम सिंह के पुत्र योगेश प्रताप सिंह को विद्यालय का प्रबंध बनाए जाने पर माला पहनकर बधाई दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर चुनाव अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव का अध्यक्ष पंडित राम शब्द मिश्रा उपाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह ने माल्यार्पण कर बुके देकर स्वागत किया। प्रबंध समिति की और से उन्हे भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की गई।विद्यालय के प्रबंधक योगेश प्रताप सिंह ने अंग वस्त्र पहनाया।

# 'संस्कृति उत्सव 2024-25' का जनपद स्तरीय कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



**सुलतानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 'संस्कृति उत्सव 2024-2025' कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के इच्छुक सभी ग्रामीण/शहरी कलाकारों, जो तहसील स्तरीय कार्यक्रम में गायन, वादन, नृत्य जैसी विभिन्न विधाओं में विजेता घोषित हुए थे, उनका जनपद स्तर पर चयन हेतु पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में संस्कृति उत्सव 2024-25 प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तहसील सदर अन्तर्गत प्रतिभागियों का प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात समस्त तहसीलों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता करायी गयी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी संस्कृति उत्सव कार्यक्रम/संस्कार भारती के जिला महामंत्री चिन्तामणि शर्मा द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम का सूक्ष्म/गहन अवलोकन किया गया। निर्णायक मण्डल में रामराजी बालिका इण्टर कॉलेज की संगीताचार्य श्रीमती रोली श्रीवास्तव, संगीत विधा संयोजक संस्कार भारती श्री राम प्रकाश शर्मा, अरुण जायसवाल शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार श्याम चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता के मानकों का अनुपालन करते हुए प्रतिभागियों का चयन किया गया। तहसील सुलतानपुर में प्रथम स्थान पल्लवी गुप्ता, द्वितीय स्थान बनवासी कल्याण आश्रम के छात्र व तृतीय स्थान अनमोल चौधरी को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- पल्लवी गुप्ता, द्वितीय स्थान- अवनीश शुक्ला व तृतीय स्थान- अतुल पाण्डेय, हर्षित यादव रहे। कार्यक्रम का समापन जिला सूचना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी उपस्थित कलाकारों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी कलाकारों से अपील की कि पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार द्वारा देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित किया जा सके तथा छिपी प्रतिभा को उभारा जा सके।

# जिला कारागार में बंटा कम्बल और गर्म कपड़े

## विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने स्वयं सेवी संस्था के कार्यों को सराहा




**सुलतानपुर।** आज जिला कारागार में सैकड़ों बंदियों को कंबल, गर्म कपड़े ,जूते चप्पल इत्यादि का वितरण किया गया ।ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के मौलाना सुहेल अहमद नदवी ने कहा कि मानव सेवा के लिए संगठन जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की मदद के लिए हमेशा आगे हाथ बढ़ाती रही है ।उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्था ऐसे बंदियों की मदद करेगी जो जुर्माना नही भर पाने के कारण जेल में लंबे समय से बंद है ।इस मौके पर मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण के सेक्रेटरी विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को संस्था की मदद से लाभान्वित किया जा रहा है यह तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने कहा कि जिला कारागार में बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएगी ।डीएलएसए महिला पुरुष बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्यरत है।सचिव श्री गुप्ता ने जेल प्रशासन और समाजसेवी संस्था द्वारा किए जा रहे पुनीत कार्य की सराहना किया।इस मौके पर जिला कारागार अधीक्षक प्रांजल अरविंद ,जेलर नीरज श्रीवास्तव, मोहम्मद नासिर, शफीक चौधरी, मोहम्मद अहमद सभासद प्रतिनिधि, मिर्जा गजाली बेग, मिर्जा शिबली ,मो. कैफ के अलावा डिप्टी चीफ एलएडीसी नागेंद्र सिंह ,नामिका अधिवक्ता अमित कुमार पांडे ,पैरालीगल वालंटियर योगेश कुमार यादव, एडवोकेट अनुज विश्वकर्मा ,पैनल लॉयर सुनील वर्मा समेत दर्जनों रहे ।इस दरमियान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार गुप्ता ने 70 साल से अधिक उम्र के बंदियों के बारे में ब्यौरा जुटाने के निर्देश दिए।

# श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं ने किया भक्तों को भाव–विभोर

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जौनपुर द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्तों ने भक्ति का अद्भुत अनुभव किया। कथा व्यास कमल लोचन प्रभु जी (अध्यक्ष, इस्कॉन मीरा रोड–मुंबई एवं वापी–गुजरात) ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया।कमल लोचन प्रभु जी ने अपने प्रवचनों में कहा जनता का एक बड़ा हिस्सा खुद ही हर चीज को अपने सही नजरिए से देखने में अंधा है और अब उन्हें विभिन्न राजनीतिक व्यवस्थाओं के तहत ऐसे ही अंधे नेताओं का अनुसरण करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें ऊपर बताए गए बहुरंगी आदर्शों में से किसी एक का अनुसरण करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो निश्चित रूप से लंबे समय में विफल हो जाएगा और इसलिए उन्हें व्यावहारिक रूप से आशा के विरुद्ध आशा करने के लिए मजबूर किया जाता है।उन्होंने कहा आशा के विरुद्ध आशा रखने वाले बहुत से दल हैं और जब भी इंद्रिय-तृप्ति की प्रक्रिया विफल होती है, तो विभिन्न दलों को हिंसक खतरों में डाल दिया जाता है। प्रत्येक दल की यह खतरनाक स्थिति उन्हें एक दूसरे से लड़ने के लिए प्रेरित करती है और अंत में लोगों के लिए अज्ञात झूठी विचारधारा के लिए एक दल दूसरे का शिकार बन जाता है। भौतिक शिक्षा के ईश्वरविहीन विकास के कारण इस कलियुग का सांप्रदायिक दंगा अब एक सामान्य घटना है। हालांकि, बेचारे अनुयायियों और निर्दोष राहगीरों को ऐसी विचारधाराओं का सामना करना पड़ता है और ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोगों का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे ईश्वरविहीन सभ्यता की निराशाजनक स्थिति की ओर धकेला जा रहा है, जिसे जीवन की आध्यात्मिक स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वे अब इंद्रिय-तृप्ति की भ्रमित अवस्था में अंधेरे में रखे गए हैं।कथा वाचक ने कहा ऐसे लोग जो आशा के विरुद्ध आशा की श्रृंखला में इन्द्रिय-तृप्ति के द्वारा सुख की खोज करते हैं, वे अवैध तरीकों से धन संचय करने का प्रयास करते हैं। अशुद्ध चेतना में परमेश्वर के स्वामित्व के अधिकार के ज्ञान के बिना - सब कुछ अवैध रूप से संचित किया जाता है

संक्षिप्त खबरें

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को छात्राओं ने भेंट किए फूल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** तमाम जागरूकता अभियान चलाए जाने और लोगों यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किए जाने के बावजूद स्थिति में सुधार होता कम नजर आ रहा है। सड़क सुरक्षा माह में गुरुवार को अधिकारियों की मौजूदगी में छात्राओं ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को रोका और उन्हें फूल भेंट किया।

सड़क सुरक्षा माह में गुरुवार को महाराणा प्रताप चौक में एआरटीओ शंकरजी सिंह, यात्री कर अधिकारी रामसुमेर यादव, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व मंडलीय मास्टर ट्रेनर डॉ.पीयूष गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की अपील की गई। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल भेंट किया। इसके साथ ही उनसे सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की। मालुम हो कि ज्यादातर लोग बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के ही वाहन ड्राइव करते नजर आते हैं। यातायात पुलिस और संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से लगातार चलाए गए अभियान का असर भी लोगों पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

## मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारियों को ईमानदारी से करें निर्वहन

**नरैनी।** भाजपा के युवा कार्यकर्ता आदित्य चतुर्वेदी को नरैनी मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के बाद जिला चुनाव अधिकारी ने सूची जारी की है।जारी किए गए पत्र में तिंदवारी विधान सभा के पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,जसपुरा मंडल अध्यक्ष साहब सिंह तिंदवारी मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी,बबेरू विधान सभा के मर्का मंडल में दिनेश निषाद,बबेरू मंडल के शौरभ शिवहरे,नरैनी विधान सभा क्षेत्र के अतर्रा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह,ओरन मंडल के आशीष अनुरागी,कालिंजर मंडल में ओमप्रकाश राजपूत को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है।बाँदा सदर विधान सभा में बांदा दक्षिणी में राकेश गुप्त, बिसंडा मंडल में दिनेश कुशवाहा,और महुआ मंडल में प्रेम स्वरूप दुवेदी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

बिसंडा से विनय कुशवाहा, दक्षिणी से राजेश गुप्ता,नरैनी विधान सभा से अतर्रा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप राजपूत, ओरण से आशीष अनुरागी,कालिंजर से ओम प्रकाश राजपूत,नरैनी से आदित्य चतुर्वेदी, बबेरू विधान सभा से मर्का मंडल से दिनेश कुमार निषाद,बबेरू से सौरभ शिवहरे और तिंदवारी विधान सभा के पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,जसपुरा में साहब सिंह और तिंदवारी मंडल से अनूप तिवारी को मंडल अध्यक्ष पैलानी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, बनाया गया है जिसकी संतुति जिला प्रतिनिधि सहित जिला चुनाव अधिकारी द्वारा जारी सूची में बताया गया है। चिल्ला में खुशी का माहौल बना हुआ है आनन्द श्रृंगार एवं जरनल स्टोर व सुहैल ने केक कटवा कर माल्यार्पण कर बधाई दी इस मौके पर शिवम् सिंह,शुभम तिवारी,कमलेश सोनकर अरविन्द कुमार गुप्ता अनुपम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा के दौरान एक नकलची पकड़ा

**नरैनी** सीताराम समर्पण महाविद्यालय में आंतरिक उड़ाका दल ने इयर बट एवं पेपर में हस्त लिखित नकल पकड़ी। बुन्देखण्ड़ विश्वविद्यालय की परीक्षा में सीताराम समर्पण महाविद्यालय में गठित आंतरिक उड़ाका दल ने सघन तलाशी के दौरान द्वितीय पाली में एक बीकाम थर्ड सेमेस्टर के छात्र के पास कक्ष में पैट की जेब में इयर बट पकड़ा गया। प्रथम पाली में बीएससी बीकाम और एमकाम में कुल पंजीकृत छात्र संख्या 155 थी,एक छात्र अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में बीए बीएससी बीकाम थर्ड सेमेस्टर जिसमें कुल पंजीकृत 287 छात्रों में दो छात्र अनुपस्थित रहे। यूएफएम एक तृतीय पाली मे एमएससी फिजिक्स बाटनी रसायन मैथ के परिक्षार्थी रहे। बीएससी मैथ बीए रक्षा विज्ञान परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी। इनमें कुल छात्र-छात्राऐं 222 थे जिसमें क्रमशः 09 और 03 यूएफएम अनुपस्थित रहे। प्राचार्य डा. डीसी गुप्ता ने बताया कि विश्ववाद्यालय की परीक्षा को सुचितापूर्ण कराना हमारी प्राथमिकता है। कालेज द्वारा गठित उड़ाका दल में नोड़ल प्रभारी डा. रमाकान्त द्विवेदी डा शिवगोपाल, निर्मल तिवारी कमलेश अवस्थी सघन तलाशी में शामिल रहे।

## केसीसी की लिमिट बढ़ाकर हड़प ली रकम, पुलिस से शिकायत

**नरैनी।** किसान के साथ एक दलाल ने हेराफेरी कर किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाकर रुपया हड़प लिया पीड़ति ने शिकायत कालिंजर पुलिस से किया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के परसहर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके पिता जगन्नाथ के नाम आर्यावर्त शाखा गुढ़ाकला में किसान क्रेडिट कार्ड का खाता है, जिसका एक लाख रुपए का ऋण था। इसकी ब्याज 84070 रुपए थी, कुल 184070 रुपए बैंक में लोन था, गांव का वशिष्ठ द्विवेदी पुत्र शत्रुघन ने पिता से कहा कि तुम्हारे ऋण का रुपया जमा करवा कर ब्याज माफ करवा दूंगा। उसके पिता को दलाल 30 दिसंबर को बैंक लेकर पहुंचा और दलाल ने कई कागजों में अंगूठा लगवा लिया और कहा कि तुम्हारा एक लाख रुपया बैंक खाता में जमा हो गया है। चार दिन बाद अपशिष्ट घर आकर मेरे पिता को 19 हजार रुपया दिया कहा यह रुपया तुम्हारा शेष बचा था। पिता को शक होने पर दूसरे दिन आर्यावर्त बैंक शाखा गुढ़ाकला पहुंचा तो कर्मचारियों ने बताया कि आपकी लिमिट एक लाख से बढ़ाकर 3 लाख 40 हजार रुपए कर दी गई है। पासबुक गांव के युवक के पास थी। पीड़ति ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर, रामराज सिंह आर्यावर्त बैंक शाखा प्रबंधक गुढ़ाकला ने बताया कि बैंक द्वारा किसान पिता व उसके पुत्र के सामने रुपया दिया गया है, जिसका फुटेज सीसी कैमरा में कैद है। बैंक के बाहर की कोई जानकारी नहीं है।

## धूप खिली, ठंड का असर बरकरार, किसान समेत दो की मौत

**बांदा।** पांच दिन बाद धूप तो खिली लेकिन ठंड का असर बरकरार रहा। सर्दी की चपेट में आने से युवा किसान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अब तक सर्दी से मरने वालो की संख्या सात हो गई।

पैलानी थाना क्षेत्र के खैरेई गांव निवासी 18 वर्षीय पंकज पुत्र लल्लू बुधवार की रात गेहू की फसल की सिचाई करने के बाद घर आ रहा था। रास्ते मे वह परचून की दुकान में गुटखा लेने लगा। तभी अचानक गस्त खा कर गिर पड़ा और बेहोस हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजनो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा बृम्हप्रकाश ने बताया कि पंकज के बाबा भूपेद्र के पास 10 बीघा जमीन है। वह किसानी करता था। मृतक दो भाईयो मे बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से मां नत्थी समेत परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया। दूसरी घटना में नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव निवासी 47 वर्षीय शिवलली पत्नी श्रीपाल बुधवार की शाम मजदूरी करने के बाद घर आई और आगन में लगे हैंडपंप में नहा रही थी। तभी सर्दी लग जाने से वह वही पर लुढ़क गई। उसकी मौके पर मौत हो गई।

# धूप खिलने से दो डिग्री चढ़ा पारा, ठंड से मिली राहत

## सुबह और शाम कोहरे की धुंध से परेशानी, अलाव जलाकर बदन सेंक रहे लोग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पांच दिनों बाद दो दिन से खिल रही धूप से लोगों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि सुबह और शाम कोहरे की धुंध अब भी लोगों को बेजार कर रही है। दो दिनों से धूप खिलने की वजह से तापमापी पारे की सुई दो डिग्री ऊपर चढ़ते हुए 20 डिग्री तक पहुंच गई है। न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 8 डिग्री पहुंच रहा है। ठंडी हवाओं के झोंकों की वजह से गलन में इजाफा हो रहा है। लोग अलाव जलाकर किसी तरह से अपना बचाव करते हुए नजर आ रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक ठंड बढ़ने के आसार हैं।

जनवरी माह शुरू होते ही मौसम का मिजाज बदल गया था। आसमान पर बादल छाए रहने और कोहरे की धुंध की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। जबरदस्त ठंड में लोग ठिठुर उठे थे। किसी तरह से अलाव जलाकर अपना बचाव करते हुए नजर आए। लगातार पांच दिनों तक जबरदस्त कोहरा और ठंडी हवाओं के झोंकों से बढ़ी गलन ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया था। कोहरे की धुंध की वजह से रेल और सड़क यातायात प्रभावित हो गया था। ट्रेनें जहां सात-सात घंटे की देरी से चल रही थीं, वहीं रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित समय से लगभग दो घंटे की देरी से रूट पर रवाना हो रही थीं। पांच दिनों तक आसमान में कोहरे की धुंध और धूप न खिलने की वजह से लोग ठंड से बेजार हो रहे थे। ठंड की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि बुधवार से मौसम में सुधार हुआ और सुबह से धूप खिली। बुधवार की रात को मौसम का मिजाज ठंडा रहा। लेकिन गुरुवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो आसमान साफ था। पूरा दिन धूप खिली रहने से लोगों ने सड़क, चौराहों और गलियों के साथ ही अपने घरों की छतों में धूप सेंकी, इससे लोगों को ठंड से राहत मिली। दो दिनों से धूप खिलने की वजह से तापमापी पारे की सुई दो डिग्री बढ़कर 20 डिग्री तक बढ़ गई। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग की मानें तो अभी एक बार फिर से ठंड बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि मकर संक्रांति के मौके पर एक बार फिर से ठंड अभी लोगों को झटका देगी।

### लापरवाही न करें, स्वेटर जैकेट का करें इस्तेमाल

बांदा। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. विनीत सचान ने कहा कि दो दिनों से खिल रही धूप की वजह से ठंड में कुछ कमी जरूर आई है, लेकिन सुबह और शाम मौसम ठंडा है। उन्होंने कहा कि धूप खिलने की वजह से लापरवाही न करते हुए स्वेटर और जैकेट का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बच्चों को गर्म लिहाफ जरूर पहनाएं। चिकित्सक का कहना है कि अक्सर लोग धूप खिलने की वजह से स्वेटर और जैकेट से परहेज करने लगते हैं, यही घातक है। अचानक बदला मौसम का मिजाज लोगों को बीमार बना देता है, इसलिए सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुबह कम से कम 30 मिनट तक धूप जरूर सेंके।

## पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका फातिमा शेख की जयंती मनाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शहर के पीली कोठी स्थित जनता दल यूनाइटेड कार्यालय में गुरुवार को पहली मुस्लिम शिक्षिका फातिमा शेख की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता ने की। कार्यक्रम के दौरान फातिमा शेख के योगदान और उनकी शिक्षण पद्धति पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि फातिमा शेख ने भारतीय शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि फातिमा शेख एक महान शिक्षिका और समाज सुधारक थीं। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में समानता और शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि फातिमा शेख जैसी महान विभूतियों को याद करना और उनकी शिक्षा की दृष्टि को अपनाना आज की पीढ़ी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर काशी प्रसाद याज्ञिक, सत्यम द्विवेदी (जिला अध्यक्ष, आईटी प्रकोष्ठ), दिनेश सिंह (जिलाध्यक्ष, जदयू कलम जीबी प्रकोष्ठ), कुलदीप सिंह, नवीन कुमार साहू, बृजमोहन सिंह, रामभवन सिंह और सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पर 12 सीएससी सेंटर की आईडी निरस्त

### अभियान चलाकर सीएससी सेंटर से कराई जा रहीं फार्मर रजिस्ट्री

**▸▸फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई तो किसानों को नहीं मिलेगी पीएम किसान सम्मान निधि**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** फार्मर रजिस्ट्री कराने में किसान लापरवाही न करें, वरना उनको पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं मिल पाएगी। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा रहा है। सीएससी सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाकर पंजीकृत करवाई जा रही है। जनपद में सभी सीएससी सेंटर के द्वारा रात-दिन लगकर विभिन्न डिपार्टमेंट के सहयोग से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें राजस्व विभाग के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, कोटेदार इत्यादि सभी के द्वारा सीएससी सेंटर में किसानों को लाने में सहयोग किया जा रहा है। कुछ गांवों में सीएससी संचालकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है, इसके कारण से कार्य में वांछित प्रगति नहीं आ पा रही है। इसके चलते 12 सीएससी संचालकों की आईडी कराई गई है।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिन सीएससी संचालकों की आईडी निरस्त की गई है उनमें सुनील कुमार ग्राम डूरेंडी बड़ोखर खुर्द, आपदा खतून अछरौंड बड़ोखर खुर्द, हिमांशु तिवारी लामा बड़ोखर खुर्द, सय्यद अयाजुद्दीन बिसंडीखुर्द बबेरू, सरफराज चिल्ली बड़ोखर खुर्द, हामिद राजा हरदौली बबेरू, किरन पल्हरी बबेरू, सुधांशु सिंह भदवारी बबेरू, संगीता ब्योंजा बबेरू, आशीष सिंह निभौर बबेरू, पुष्पेंद्र कुमार करतल नरैनी, अशुतोष अवस्थी नौगवा नरैनी शामिल हैं।

## दबंगों से मुक्त कराइ जाए जमीन, जिलाधिकारी से शिकायत

### पत्थरगड्डी होने के बावजूद दबंग जमीन पर कर रहे कब्जा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी रविकरण वाजपेयी ने भूमाफियाओं द्वारा उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। बताया कि पत्थरगड्डी होने के बावजूद असलहे के दम पर दबंग जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।



पीड़ति रविकरण ने शिकायती पत्र में डीएम को बताया कि उनकी खेती वाली जमीन हमारे ही गांव शिव में है, जिसकी गाटा संख्या 1197 है। हमारी जमीन के पीछे ही बच्ची सिंह पत्नी जगरूप सिंह का खेत है, जिसका गाटा संख्या 1198 है। पीड़ति रविकरण ने कहा की बच्ची सिंह उनके खेतों में जबरन कब्जा जमा रखा है। जबकि उप जिलाधिकारी बबेरू न्यायालय के आदेश द्वारा राजस्व निरीक्षक लेखपाल के द्वारा जमीन को सीमांकन कर पत्थड़गड़ी की गई थी। मौके पर सब इंस्पेक्टर मनीशंकर मिश्रा भी मौजूद थे। सीमांकन होने के बावजूद दबंग पत्थरगड्डी का चिन्ह उखाड़कर हमारे खेतों पर कब्जा कर लिया है। पीड़ति ने बताया कि जब हमने इसका विरोध किया तो सभी लोगों ने एकराय होकर धमकाया। थाना पुलिस से शिकायत की तो राजस्व का मामला बताते हुए तहसील भेज दिया गया। तहसीलदार बबेरू द्वारा लेखपाल एसएचओ बिसंडा को जांच के लिए आदेशित किया गया। वहीं लेखपाल द्वारा अपनी आख्या लिखकर बिसंडा भेजी, जिससे उनकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई, लेकिन दबंगों से अभी तक हमारी जमीन पर कब्जा नहीं मिला।

पीड़ति रविकरण ने डीएम से फरियाद कर जमीन पर कब्जा दिलाए जाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## गरीब परिवार को धमका रहे दबंग

**नरैनी।** बीते पांच दशक से भूमि में आवास बनाकर रह रहे परिवार को दबंगो के द्वारा खाली करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ति परिवार ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर दबंगो के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कछीयन पुरवा अंश नहरी गांव के रहने वाले देशराज परिजनो के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।बताया कि गांव का रहने वाला अर्जुन यादव पुत्र बृजलाल व इसके साथ इसी के अन्य पारिवारिक लोग भैयाराजा, बुधवा, भगत आदि लोग लामबंद होकर जबरन आवासीय मकान खाली करने की धमकी दे रहे है।

## वृंदावन के कलाकारों ने किया श्रीकृष्ण जन्म और रासलीला का मंचन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिंदवारी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर कुरसेजा धाम आश्रम में कुरसेजा धाम यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित 34 में मारुति महोत्सव विष्णु यज्ञ के अवसर पर गुरुवार को श्री कृष्ण जन्म लीला रासलीला का आयोजन किया गया ।वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की लीला का सुंदर मंचन किया गया। राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।



रासलीला का शुभारंभ स्वामी लोकेंद्र दास महाराज ने राधा कृष्ण की आरती उतार कर किया। वृंदावन से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने माहौल को आनंदित बनाए रखा। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने पूतना वध का भी मंचन सुंदर ढंग से किया। प्रथम दृश्य में कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि नंद के घर जब भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गई। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर तरफ - नंद घर गोपाल आयो, जय कन्हैया लाल की, आदि जयघोष लगाए गए। मंचन में आगे की प्रस्तुति में दिखाया गया कि कंस ने श्री कृष्ण को मारने के लिए पूतना को भेजा, जिसने चुपके से श्री कृष्ण को उठाया और अपना विषैला दूध पिलाकर उनको मारने का प्रयास करने लगी, पर भगवान श्री कृष्ण ने दूध के साथ-साथ पूतना के प्राण भी खींच लिए।संत अंकुर दास महाराज सत्येंद्र दास महाराज भूरा तिवारी राम प्रकाश तिवारी आरपी सिंह हिम्मत सिंह गया तिवारी आशीष सिंह गोलू मिश्रा उपस्थित रहे।रासलीला में भगवान कृष्ण व राधा जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मौजूद लोगों द्वारा झांकी पर पुष्प वर्षा की गई।

## सर्वे के दौरान पात्र को छोड़ा न जाए

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे के तहत दी गईं जानकारियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण परियोजना निदेशक प्रवीणानंद ने बताया कि गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे के संबंध में जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में ओपी द्विवेदी खंड विकास अधिकारी, प्रमोद कुमार खंड विकास अधिकारी ने जिले के सभी सर्वेयरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी सहायक विकास अधिकारी और समस्त सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे। सभी को पीपीटी के जरिए सर्वे के बारे में जानकारियां दी गई। सर्वे के मानकों से भी सभी को अवगत कराया गया। उसकी एक प्रति भी सभी सर्वेयरों को दी गई। सर्वे में सेल्फ सर्वे किस प्रकार किया जाना है, इस पर विस्तृत चर्चा की गई। कहा गया कि कोई भी पात्र को सर्वे में छोड़ा न जाए। अधिक से अधिक लाभार्थी को अपना सर्वे स्वयं करने के लिए प्रेरित किया जाए। सेल्फ सर्वे के लिए आवास प्लस एप है।

## डीएम से मिले शिक्षक विकास परिषद संगठन सदस्य

### संगठन का कैलेंडर भेंट किया, डीएम ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** आल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद संगठन के सदस्यों ने गुरुवार को जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप से भेंट करते हुए संगठन का कैलेण्डर दिया। जिलाधिकारी ने संगठन के सभी सदस्यों को नये वर्ष की शुभकामनायें दी। संगठन द्वारा गरीब, निर्बल, असहाय छात्रों के लिए निर्माणाधीन विद्यालय कुरसेजाधाम तिन्दवारी रोड के निर्माण में व संगठन की अन्य कोई भी समस्या के निवारण के लिए हर सम्भव मदद दिये जाने का आश्वासन देकर आशीर्वाद दिया। संगठन के इस कार्य के लिए शुभकामनायें दी गई। डीएम ने भेंट वार्ता में संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश




राजा, मुन्नीलाल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार जैन, जितेन्द्र कुमार, शिवम आर्या, दीवानी न्यायालय के महासचिव रोआब आलम उपस्थित रहे।

## मासूम नहर में डूबा भर्ती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** घर के बाहर खेल रहा मासूम नहर में डूब गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे बाहर निकाल लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी 2 वर्षीय आदर्श पुत्र संतोष गुरूवार की दोहपर घर के बाहर खेल रहा था। नजदीक से नहर निकली थी। पैर फिसल जाने से वह नहर में डूब गया। मौके पर पहुंचे पिता ने उसे पानी से बाहर निकाल लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जिलाध्यक्ष पद के 94 दावेदारों ने किए आवेदन, नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से चुनाव अधिकारी ने की रायशुमारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने आवेदन किया। इस मौके पर जिला चुनाव अधिकारी ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों से रायशुमारी भी की। संगठन महापर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए भाजपा नेताओं ने जिला अध्यक्ष और प्रदेश परिषद सदस्य के लिए जिला कार्यालय में सुबह 10 बजे से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, जो देर दोपहर तक चलती




रही। जिला निर्वाचन अधिकारी बाल्मीकि तिवारी, सह निर्वाचन अधिकारी पंकज रैकवार व दिलीप तिवारी को जिलाध्यक्ष पद के लिए वर्तमान जिला अध्यक्ष सहित पूर्व जिला अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, लवलेश सिंह ने भी आवेदन किया। जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने वालों में ममता मिश्रा, शीला सिंह, प्रभा गुप्ता,अखिलेशनाथ दीक्षित, प्रेमनारायण द्विवेदी, राजनारायण द्विवेदी, सत्यदेव अवस्थी, अजय सिंह पटेल, विवेकानन्द गुप्ता, कल्लू सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विजय बहादुर सिंह परिहार, प्रभाकर अवस्थी, धीरेन्द्र सिंह, संतू गुप्ता, पंकज रैकवार, अरविंद चंदेल, देवा त्रिपाठी, सीताराम वर्मा, वेद निराला सहित कुल 94 लोग शामिल रहे।

जबकि 12 लोगों ने प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किए हैं।

# महाकुंभ को गंदगी का पर्याय बताने वालों के लिए सबक- मुख्यमंत्री

## योगी ने किया मीडिया सेंटर का उद्घाटन, महाकुंभ में आएंगे 40 करोड़ श्रद्धालु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को महाकुंभ के लिए मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इस बार सीएम के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी महाकुंभ में लोग रूबरू होंगे। वर्ष 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा भी दिखेगी।



सीएम योगी ने कहा कि कुंभ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक बनने जा रहा है। पहले महाकुंभ में दुर्व्यवस्था रहती थी, गंदगी रहती थी। महाकुंभ को गंदगी बनाने वालों के लिए सबक है। उन लोगों ने आस्था का सम्मान नहीं किया।

योगी ने कहा कि संगम में इस बार पक्के घाट हैं। कुंभ सहायक चैट बॉक्स 11 भाषाओं में संवाद करने में सक्षम हैं। इन सभी सुविधाओं को महसूस किया होगा। 2019 में प्रयागराज कुंभ को आस्था की अद्भभूत संगम के रूप में प्रस्तुत किया गया था। प्रयागराज जिस कार्य का हकदार था। उन सभी को आपने व्यवस्थित तरीके से प्रस्तुत करने का काम किया। जिसकी बदौलत धार्मिक मान्यता प्रयागराज को मिली। इस मानवता के कल्याण का मार्ग प्रस्सत हो इसके लिए आपकी सेवा में मीडिया सेंटर समर्पित किया गया है। योगी ने कहा है कि 40 करोड़ श्रद्धालु यहां स्नान करने आएंगे। इसके लिए कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। एयर कनेक्टिविटी के लिए 14 फ्लाइट जोड़ी गई है। 8 हजार से अधिक बसें लगाई गई हैं। 9 स्टेशनों पर अलग से वेटिंग रूम दिया गया है। एक वेटिंग रूम में 1 लाख लोगों के रुकने की व्यवस्था होगी। डिजिटल बोर्ड के माध्यम से प्रत्येक स्थान की सेवा का विवरण होगा।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन के महाकुंभ शिविर का शुभारंभ आज

**प्रयागराज।** इंडियन डेंटल एशोसियेशन, उत्तर प्रदेश शाखा द्वारा पूर्व के कुम्भ तथा अर्द्ध कुम्भ तथा माघ मेला की भाँति, इस वर्ष भी प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में बृहद निशुल्क मुख् एवं दंत परीक्षण तथा चिकित्सा शिविर ,महाकुंभ नगर के सेक्टर-8 में बेनी माधव मार्ग तथा बजरंग बाण मार्ग के क्रासिंग पर स्थापित शिविर में किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बी एच यू के पूर्व डीन डॉ टी पी चतुर्वेदी द्वारा कल 10 जनवरी को सायं 3 बजे सुंदरकांड पाढ़ के साथ किया जाएगा।

## जीएसटी पोर्टल हुआ धड़ाम

**प्रयागराज।** जीएसटी के अंतर्गत हर सामान्य व्यापारी को सगत माह की 11 तारीख तक जीएसटीआर-1 के माध्यम से अपनी बिक्री की विवरण दाखिल कर देनी होती है। लेकिन आज सुबह से ही जीएसटी पोर्टल चल नहीं रहा है ना तो जीएसटीआर - 1 अपलोड हो रही है ना ही जीएसटीआर 7 और 8 ही दाखिल हो पा रहा है। जीएसटी 2 भी बहुत से मामलों में पोर्टल पर दिखाई नहीं दे रहा है। ट्विटर पर कंप्लेंट करने पर इंफोसिस की तरफ से यह जवाब दिया गया कि हमें जानकारी है कि पोर्टल काम नहीं कर रहा है हम इसको ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं कृपया धैर्य बनाए रखें। जीएसटी कानून में बहुतसी समस्याओ के साथ-सा द जीएसटी पोर्टल भी एक अपने शुरुआत से ही समस्या बनी रही है जीएसटी लागू होने के 7 साल बाद भी एक समस्या बना हुआ है वह भी तब जब देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी के पास उसके रखरखाव की जिम्मेदारी हो और वह हजारों करोड़ रूपया इस बात का सरकार से लेती है।

## महाकुंभ में बकरूबा महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ के अवसर पर गुरुवार को शक्तिपीठ मां चामुण्डा देवी धाम के मंहत रहे सतीश चंद्र शुक्ल बकरुआ महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रयागराज महाकुंभ स्थित कैम्प में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य बदल शुक्ला ने विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ वैदिक रीति रिवाज से प्रारंभ किया। इस मौके पर स्वर्गीय शुक्ला की विचारधाराओं पर चर्चा की गई और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश पाण्डेय ने बकरूवा महराज के जीवन को समाज एवं गरीबों के लिए अंतिम क्षण तक सेवारत होना बताया और कहा कि उनकी कमी सदैव समाज को खटकती रहेगी जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इसके पूर्व वीरेंद्र हॉस्पिटल प्राइवेटअस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदुरु स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महराज रहे और अपने आशीर्वचन से सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना की। आचार्य अमर मिश्रा, आचार्य गणेश मिश्रा, आचार्य बादल शुक्ला, मिथलेश मिश्रा, सुंदरम शुक्ला, आदर्श मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, अनुपम शुक्ला, पिंटू मिश्रा, लवकुश मिश्रा, आकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कुम्भ में मुक्त विश्वविद्यालय के जागरूकता शिविर का भूमि पूजन आज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के महाकुंभ मेला क्षेत्र में अनंत माधव मार्ग सेक्टर 7 महाकुंभनगर स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर का भूमि पूजन 10 जनवरी को दोपहर 12ः00 बजे कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। यह जानकारी देते हुए दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि शिविर के माध्यम से महाकुंभ क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# राष्ट्र के लिए चिंतित हुए संतगण- मानस भास्कर विद्यासागर महाराज

## नंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्री राम कथा चतुर्थ दिवस



**प्रयागराज।** वार्ड नंबर 54 नंदगांव कॉलोनी में नंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्री राम कथा चतुर्थ दिवस पर वाचक द्वारा श्री राम चन्द्र जी के बाल काण्ड के बारे में बताया गया। वाराणसी से पधारे पंडित मानस भास्कर विद्यासागर जी महाराज एवं महंत पंडित श्रीकांत पांडे के सहयोग में पंडित मुकेश तिवारी, सुमन शास्त्री, संजय तिवारी रहे। आज कथा में भगवान श्री राम के बालकाण्ड चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि हमारे देश में जब अत्याचार पाप, भ्रष्टाचार फैलने लगा तब धर्म पर संकट छाने लगा और धर्म आहत हुआ तो अपने देश एवं राष्ट्र को सुरक्षित रखने की लिए संत जन चिंतित हुए। किसी राजनेता को नहीं संत को चिंता हुई। जिस समय संत विश्वामित्र अपने धर्म के लिए यज्ञ कर रहे थे तो तड़का, सुबाहु,मारीच ने यज्ञ को बिगाड़ना चाहा लेकिन विश्वामित्र जैसे संत ने धर्म रूपी ज्ञान रूपी राम का सहारा लेकर यज्ञ को पूर्ण किया। इसलिए हमारा भारत वर्ष ऋषि प्रधान देश है। संत प्रधान देश भारत जहां धर्म के द्वारा एकता अखंडता और आपस में प्रेम सद्भाव होकर की सब लोग रहते हैं।

आज की कथा में राम और सीता का मिलन प्रेम वाटिका तक कथा को सुनाया। इस कथा में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। यज्ञ समिति के सभी सदस्य सरोज, योगेश, रवि, संजय सभी लोगों ने एवं समस्त पदाधिकारी एवं पुजारी और भक्ति रस गानों ने भाग लिया। श्री राम कथा की पांचवें दिन राम की विवाह का संगीतमय में वर्णन हुआ।

# जगत तारन महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**प्रयागराज।** जगत तारन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया। वाद विवाद का विषय %द वीजन का विकसित भारत ञ्च 2047 विल कम ट्रूः% था। इसमें कुल 10 टीमों के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 प्रतिभागी ने पक्ष में मत रखा और 10 प्रतिभागियों ने विपक्ष में मत रखा।

छात्राओं ने समावेशी विकास संपोषित विकास प्रभावपूर्ण शासन व्यवस्था आई की असमानता गरीबी निवारण पर्यावरण का संरक्षण आदि विभिन्न पहलुओं के द्वारा अपने तर्कों को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने युवा, किसान, महिलाएं और गरीब वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पक्ष में तर्क रखने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आकांक्षा यादव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चिता पांडे को प्राप्त हुआ।

विपक्ष में मत रखने वालों में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शुभी तिवारी को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी सिंह रही।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर अर्चना पॉल एवं डॉ अर्पिता घोष ने अदा की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रीना यादव ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शिखा दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के शोध छात्र आशीष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, कुमारी अंजली मिश्रा एवं भूगोल विभाग के शोध छात्राएं प्रियंका, संध्या, रंजना एवं गरिमा उपस्थित थी।

# 4 साल के पोते के संग उमरा करने चले 60 साल के दादा, लोगों ने दी मुबारकबाद



**प्रयागराज।** बहादुरगंज मोहल्ले के डॉक्टर अशफाक जिनकी उम्र 60 साल है अपने पोते अंजालन 4 वर्ष के साथ मुसलमान का सब से पवित्र स्थल मक्का मदीना की जियारत (उमरा) करने के लिए रवाना हुए। मोहल्ले के तमाम लोगों ने गले मिलकर हाथ मिलाकर मुसाफा किया और मुबारकबाद दी।

डॉ अशफाक साहब धार्मिक जानकार हैं और लोगों की मदद करते हैं। तमाम बीमार लोग इनके पास आकर दुआ करते हैं। डॉक्टर अशफाक साहब को कुछ लोग बाबा भी कहते हैं। कुछ लोग हजरत भी कहते हैं। अशफाक साहब से लोगों ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा के लिए दुआ करने के लिए भी कहा। रुखसत करने वालों में इरशाद उल्ला, मोहम्मद यासीन, फिरोज भाई, शकील अंसारी, इदरीश कुरैशी, शमशाद अहमद, अशर, आफताब, इखलाक, असलम, सबा नियाज़, अफरीन, मोहम्मद महफूज़ शामिल रहे।

# प्रयागराज यूनाइटेड एवं गुरुकुल के बीच मैच 1-1 बराबरी पर छूटा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में आज नॉर्दन प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में थंडर बोल्ट्स एवं गुरुकुल स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया मैच 1 -1 की बराबरी पर छूटा एवं दोनों टीमों को एक एक अंक से संतोष करना पड़ा।

आयोजन सचिव फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार मैच से पूर्व माँ गायत्री मेडिकल सेंटर झलवा के निदेशक डॉ सतीश मिश्रा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।मैच का प्रथम हाफ गोल रहित रहा खेल के दूसरे हाफ के 22वे मिनट में गुरुकुल के आदित्य मिश्रा ने ओम पांडेय के पास पर गोल किया। जबकि जवाबी हमले में वैभव शुक्ला के पास पर अभय प्रताप सिंह ने गोल करके टीम को एक एक बराबरी पर ले आये।

प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार प्रयागराज यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के वैभव शुक्ला को मुख्य अतिथि डॉ सतीश मिश्रा के द्वारा प्राप्त हुआ ।

# बाबा साहब के सपनों को साकार करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ती भाजपा-लवकुश मौर्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी।** सिराथू मंडल के उदहिन में भाजपा द्वारा संविधान गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री जिनेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री संजय जयसवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों पर काम करती है भाजपा ने कभी संविधान का अपमान नहीं किया। भाजपा संविधान की रक्षक है संविधान को बचाने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने कहा कि भाजपा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए हमेशा संकल्पित रहती है । भाजपा के वरिष्ठ फायर ब्रांड नेता ओमप्रकाश पासी ने कहा हमारी पार्टी बाबा साहब के सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहती है। बाबा साहब के सम्मान के लिए समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करती है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विनय पांडेय ने सपा और अन्य विपक्षी पार्टियों पर करारा प्रहार किए उन्होंने कहा कि भाजपा मजलूमों, गरीबों,नवजवानों की हितैषी है। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है। कार्यक्रम के आयोजन के बाद नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विनय पांडेय के सम्मान में दर्जनों वाहनों और हजारों कार्यकर्ताओं और डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस उदहीन चौराहे से निकलकर नारा, जुवरा होकर जियापुर खरवारी में समाप्त हुआ। नव नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल और माला से स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि जय प्रकाश गौतम,वरुण उपाध्यक्ष, विपिन यादव,शिवम मिश्रा,राजेश मिश्रा,अवधेश केसरवानी,ठाकुर धीरेन्द्र सिंह,अरविंद मौर्य,राघवेंद्र मौर्य,ब्रजेश केसरवानी,विनीत केसरवानी,गुलाब पाल प्रधान,सुनील चौरसिया,श्री मौर्य, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कम से कम 8 घंटे की नींद लेना जरूरी- डॉ. अर्पित बंसल

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने आयोजित किया 'गट हेल्थ' पर व्याख्यान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन ने गट हेल्थ पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें प्रमुख वक्ता डॉ. अर्पित बंसल ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ गट के लिए हमें किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए।डॉ. अर्पित बंसल ने कहा कि गट हेल्थ को बनाए रखने के लिए कम से कम 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है ताकि हमारे शरीर की सभी प्रक्रियाएँ सही ढंग से काम करें। केवल प्यास लगने पर ही नहीं, बल्कि हमारे शरीर की आवश्यकता के हिसाब से पानी पीना चाहिए। गट हेल्थ हमारे समग्र स्वास्थ्य का लगभग 70त्न हिस्सा बनाता है, इसलिए हमें अपने आहार की सही जानकारी और उसका प्रभाव समझकर ही खाना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक आस्थाएँ अपनानाः दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए हमें अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तियों का पालन करना चाहिए और शरीर की क्रियावली को समझना चाहिए।

रोटेरियन पंकज जैन ने डॉ. अर्पित बंसल के बारे में कहा कि उनके व्याख्यान हमेशा हमारे ज्ञान में वृद्धि करते हैं और उनके गहरे ज्ञान और प्राकृतिक जीवन जीने के दृष्टिकोण से हम बहुत कुछ सीखते हैं।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष राधा, सचिव नीरज चुग, राजीव महेश्वरी, संजीव कपूर, विवेक द्विवेदी, विकास अग्रवाल, महेश सिंघानिया, विम्मी अरोड़ा, अरुण बग्गा विनायक टंडन राजीव अरोड़ा सौरभ अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# नेत्र कुम्भ में पहुँचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, देखी व्यवस्था

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ नगर के सेक्टर 6 (नागवासुकी मंदिर के नजदीक) लगे नेत्र कुम्भ 2025 की शुरुआत 05 जनवरी से हो चुकी है. यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु निःशुल्क नेत्र जाँच, दवा, चश्मा ईत्यादि परीक्षण और नेत्र इलाज सम्बन्धी अन्य सुविधाओं के लिए पहुँच रहे हैं। इसी कड़ी में नेत्र कुम्भ का निरीक्षण करने यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी गुरुवार को पहुँचे । इस दौरान नेत्र कुम्भ आयोजन समिति के सदस्य गण उनके साथ रहे और नेत्र कुम्भ की विस्तृत जानकारी दी।



बता दें कि गुरुवार दोपहर को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक नेत्र कुम्भ में पहुँचे यहाँ पहुँचते ही सबसे पहले वह नेत्र कुम्भ ओपीडी में गए, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुफ्त नेत्र परीक्षण के लिए कतार में बैठे हुए थे। डिप्टी सीएम ने श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनका हाल भी जाना. इसके अलावा ओपीडी, चिकित्सकों के केबिन, श्रद्धालुओं के बैठने की जगह, भोजन व्यवस्था, दवा काउंटर आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान सक्षम के राष्ट्रीय संगठन मन्त्री चन्द्रशेखर, नेत्र कुम्भ आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी सिंह, महासचिव सर्वज्ञ राम मिश्रा, महाप्रबंधक सत्य विजय सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ.एस.पी. सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन रेड्डी,कमलाकान्त पाण्डेय और मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. कीर्तिका अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# दुस्साहस, अज्ञात चोरों ने तेल सहित ट्रांसफार्मर के उपकरण को किया पार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा (कौशांबी)** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के भगवतपुर चौराहे पर लगा बिजली का ट्रांसफार्मर बुधवार की रात फीडर फॉल्ट कराकर तेल सहित उसके उपकरण को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया घटना के दूसरे दिन ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई आनन-फानन में मौके में मौजूद लोगों ने पश्चिम शरीरा पावर हाउस के अवर अभियंता को घटना की जानकारी दी गई मामले में अवर अभियंता आकाश सिंह ने थाना पश्चिम शरीरा में लिखित तहरीर दी है तहरीर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने लिखा पड़ी कर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं इन दिनों थाना क्षेत्र मे सक्रिय हो चुके चोरों ने भगवतपुर गांव में बुधवार की रात चौराहे पर लगा 250 केबीए बिजली का ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका सारा तेल व कापर उपकरण को ही पार कर दिया बाकी बचे हिस्से को वहीं पर छोड़ दिया घटना के दूसरे दिन स्थानी लोगों को जब इस बात की जानकारी हुई तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई मौके में मौजूद लोगों द्वारा घटना की जानकारी अवर अभियंता आकाश सिंह को दी गई ।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरुकता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस क्रम में *थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में जाकर, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जाकर, थाना-कोखराज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जाकर, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कस्बा सराय अकिल में भ्रमण कर, थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कैमा में जाकर,थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम नरसिंहपुर कछुआ में भ्रमण कर, थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बड़ा गड़वा में जाकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा में भ्रमण कर, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम महेवा तथा नौबस्ता में जाकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर *विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी

## जिलाधिकारी ने ई-ऑफिश प्रणाली के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में ई-ऑफिश प्रणाली के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ई-ऑफिश प्रणाली के सम्बन्ध में अधिकारियों/कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें सभी पटल सहायकों ने अपने-अपने पटल की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री रवीन्द्र जायसवाल के बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दियें।

## जिलाधिकारी ने 11 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है।

जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा जनपद में फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य कराए जाने के लिए जनसेवा केद्रो को इस अभियान में लगाया गया है। इस अभियान में कई सीएससी सेंटर बार-बार निर्देशों को बावजूद फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य नहीं कर रही हैं और किसानों के रजिस्ट्रेशन किए जाने में लापरवाही बरत रहे हैं, जिसके लिए निरंतर सीएससी सेंटर को रिपोर्ट के अनुसार चिन्हित करते हुए सेंटरो को निरस्त किया जा रहा है। दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 11 सीएससी सेंटरों की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

## प्रयागराज मण्डल के सभी जिलों में पुराने सदस्यों की वापसी का स्वागत होगा - शमशाद

**कौशाम्बी/प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रयागराज मण्डल के नये मण्डल अध्यक्ष शमशाद अली और मण्डल मुख्य महासचिव रमाकांत त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से कहा है कि वह सभी पुराने साथी जो किसी कारण वश महासंघ की सदस्यता विगत वर्षों में नहीं ले पाए थे अथवा संगठन छोड़ दिया था यदि वह पुनः महासंघ की सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक हैं तो उनके लिए महासंघ का दरवाजा सदैव खुला है और उनका हार्दिक स्वागत किया जाएगा उक्त पदाधिकारियों ने कहा है कि प्रत्येक समस्या और शंका का समाधान वार्ता से संभव है इसलिए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की संचालन समिति की ओर से सहमति मिलने के बाद पुराने सदस्यों की घर वापसी का निर्णय लिया गया है ।

# भव्य वैभव के साथ निकली शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रवेश मंगलम यात्रा, दर्शन के लिए उमड़ा जन आस्था का सैलाब

## सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद महाकुम्भ क्षेत्र में दिखा शंकराचार्यों के छावनी प्रवेश का भव्य वैभव

### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के अभियान को समर्पित रहा छावनी प्रवेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** संगम तीरे बसे महाकुम्भ नगर में सनातन धर्म की सभी धाराओं और सम्प्रदाय का संगम हो रहा है। सनातन के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद अब शंकराचार्यों का प्रवेश भी महाकुम्भ नगर में हो गया है। कुम्भ क्षेत्र में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी की प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों संतो ने हिस्सा लिया। महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों के प्रवेश के बाद अब चारों पीठ के शंकराचार्यों के प्रवेश का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रवेश मंगलम यात्रा शहर के रामबाग से निकाली गई। पत्थरचट्टी राम बाग से शुरू हुई इस प्रवेश यात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु संत और वेद बटुक ब्रह्मचारी भी शामिल हुए । प्रवेश मंगलम यात्रा में सबसे आगे शंकराचार्य की धर्म पताका और इसके पीछे आदि शंकराचार्य की सवारी चल रही थी। उनके पीछे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य रथ चल रहा था जिसमें सभी दिशाओं से आए मठों , महंत और श्री महंत और संत मौजूद रहे। शंकराचार्य की इस प्रवेश मंगलम यात्रा में संपूर्ण भारत की संस्कृति जीवंत हो गई। प्रवेश यात्रा में उत्तर, दक्षिण और पूरब पश्चिम सभी दिशाओं की लोक संस्कृति और लोक संगीत की झलक भी देखने को मिली। उत्तराखंड, सिक्किम, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक से आए कलाकारों ने अपनी स्थानीय नृत्य कला और संगीत की प्रस्तुति दी तो यात्रा में दक्षिण भारत और महाराष्ट्र से आए स्थानीय ड्रम बैंड की प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। महाराष्ट्र का शिवा ढोल बैंड में एक साथ कई दर्जन ढोल की थाप से आसपास का इलाका गूंज उठा। यात्रा में डमरू नृत्य में भी शिव भक्त जमकर झूमे नाचे।





### गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के संकल्प को समर्पित रही प्रवेश मंगलम यात्रा

**प्रयागराज।** शंकराचार्य की प्रवेश मंगलम यात्रा का शहर के 108 स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने फूलों से स्वागत किया। प्रवेश यात्रा पत्थरचट्टी से मलाका, सब्जी मंडी, मोती महल चौराहा, चमेलीबाई धर्मशाला, जानसेनगंज,चौक घंटाघर, बहादुर गंज, कीटगंज होते हुए बांध के रास्ते कुम्भ मेला में प्रवेश करते हुए शंकराचार्य शिविर में पहुंची। यात्रा में शामिल बोध गया मठ के स्वामी सत्यानंद गिरी का कहना है कि सभी संतो के बीच इस प्रवेश यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी लोग आएं। प्रवेश मंगलम यात्रा में कई रथों में भी इस संकल्प को व्यक्त करने वाले पोस्टर लगाए गए थे।

चौक में साधु संतों का व्यापारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर राणा चावला, सोहेल अहमद, जितेन सिंह, अकरम शगुन, अवंतिका टंडन, हिना खान उपस्थित रहे। आज ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज का जानसेनगंज चौक प्रयागराज में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पेशवाई के दौरान कुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने से पूर्व फूलमाला, फल, अंग वस्त्र के भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनमें प्रमुख रूप से समाजसेवी आनंद बिहारी त्रिपाठी, अधिवक्ता श्याम बिहारी त्रिपाठी, नीरज साहू, गौरी शंकर वर्मा, दिग्विजय राय, प्रशांत तिवारी, मोहन त्रिपाठी, अंगद शुक्ला, पंकज शुक्ला, अनूप केशरवानी, टीनू रावत आदि सैकड़ो लोग शामिल थे। इन लोगों ने महाराज जी का माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# शीघ्र बिजली कनेक्शन नहीं लिया गया तो चोरी में होगी एफआईआर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के गृह जनपद कौशाम्बी के सिराथू तहसील प्रशासन पर बिजली चोरी करने का आरोप है। तीन वर्ष पूर्व बने आवास में रह रहे कर्मचारियों ने एक भी कनेक्शन नहीं लिया है। सभी कटिया लगाकर विद्युत उपभोग कर रहे हैं। मामले को गम्भीरता से लेते हुए एक्सईएन ने एसडीएम सिराथू व डीएम को पत्र भेजा है।

मामला सूबे के डिप्टी केशव प्रसाद मौर्य के गृह नगर तहसील सिराथू का है। यहां तीन वर्ष पूर्व तहसील कर्मचारियों के लिए आवासीय बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राजस्व कर्मियों और अधिकारियों को कमरा भी आवंटित हो गया है। तीन साल बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन ने बिजली कनेक्शन नही लिया। आरोप है कि तहसील परिसर के आवास में रहने वाले सभी कर्मचारी कटिया मार कर बिजली का इस्तेमाल करते है। मामले में एक्सईएन आरके कुशवाहा कई बार एसडीएम सिराथू को पत्र लिखकर बिजली का कनेक्शन लेने की बात कह चुके हैं। बावजूद इसके तहसील प्रशासन ने अभी तक बिजली का कनेक्शन नही लिया। तहसील प्रशासन द्वारा मामले में ध्यान नही देने पर एक्सईएन ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को पत्र भेजा है। इसके साथ ही तहसील प्रशासन को चेतावनी दिया है कि शीघ्र ही बिजली कनेक्शन नही लिया जाता तो विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। अब देखना यह है कि डीएम को पत्र भेजे जाने के बाद तहसील कर्मी कनेक्शन लेते हैं या फि़र...।

सिराथू तहसील के कर्मचारी, अधिकारी जो सरकारी आवास में रह रहे हैं बिना कनेक्शन विद्युत का उपयोग कर रहे हैं। एसडीएम सिराथू को पत्र लिखकर जानकारी दिये जाने के बाद भी कोई कनेक्शन नहीं ले रहा है। मामले में डीएम को पत्र भेजा गया है। उनके निर्देशानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**आरके कुशवाहा, एक्सईएन**

# ठंड से चौकीदार की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** लतीफपुर गांव निवासी राम अभिलाष उम्र 62 वर्ष पुत्र श्यामलाल बीती रात भोर में नित्य क्रिया हेतु उठा और बाहर गया, खुले आसमान के नीचे शौच हेतु बैठा ही था कि उसे कपकपी छूटी और वहीं गिर गया। किसी प्रकार घर आया लोगों ने आग वगैरह जलाकर उसे गर्मी पहुंचने का प्रयास किया। परंतु कोई फायदा नहीं हुआ अंतत उसने दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना मोहल्ले गांव में पहुंची तो सभी चौकीदार के घर परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

# महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट से साइबर ठगों ने ठगे 6.70 लाख रुपये

**प्रयागराज।** साइबर अपराधियों ने प्रयागराज की एक महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट को डराकर 6.70 लाख रुपये की ठगी कर ली। अनजान नंबर से फोन करने वाले ने आधार नंबर का गैरकानूनी कार्यों में इस्तेमाल होने की जानकारी देते हुए गिरफ्तारी की धमकी दी। इसके बाद महाराष्ट्र के दो अलग-अलग बैंक खाते में 6.70 रुपये जमा कराए। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर साइबर पुलिस ने पांच लाख रुपये फ्रीज करा दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार लूकरगंज निवासिनी सोनल अग्रवाल की तहरीर दी है कि तीन जनवरी को अनजान नंबर से कॉल आया और एक घंटे में उनका मोबाइल नंबर बंद होने की बात कही। साथ ही उनके आधार नंबर पर दिल्ली में सिम का उपयोग अवैध गतिविधि, उत्पीड़न, बाल अश्लीलता, जबरदस्ती वसूली इत्यादि में किए जाने की जानकारी दी। सोनल अग्रवाल को शिकायत दर्ज कराने के लिए कोड खाते में कुछ रुपये भेजने की सलाह दी, ताकि अवैध गतिविधियों में शामिल धन को ट्रैक किया जा सके। साथ ही गैरकानूनी गतिविधियों में कई पुलिस अधिकारियों, बैंकर्स व राजनेताओं के शामिल होने का हवाला देते हुए जानकारी को गोपनीय रखने की बात कही। अन्यथा सोनल अग्रवाल को गिरफ्तार करने और उनके परिवार को क्षति पहुंचने की धमकी दी। इससे भयभीत सोनल अग्रवाल ने मनीष कुमार मीना के नाम पर पीएनबी की शाखा परसाना में 2.68 लाख और दूसरे दिन सहाना के नाम पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र सावरकर चौक औरंगाबाद शाखा में 4.10 लाख रुपये आरटीजीएस कर दी।

# भोले बाबा लोकेशन अलाव की औपचारिकता, जिम्मेदारों की खानापूर्ति

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अवाना आलमपुर, कौशाम्बी।** सर्दी के मौसम में विजिया चौराहा, भोले बाबा लोकेशन पर अलाव की व्यवस्था के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा अलाव की जिम्मेदारी तो निभाई जा रही है, लेकिन यह केवल औपचारिकता तक सीमित है। ठंड से बचने के लिए अलाव जलाए जाते हैं, पर इनकी स्थिति ऐसी है कि वे पर्याप्त लकड़ी देने के बजाय सिर्फ फोटो खिंचवाने तक ही सीमित है ।

स्थानीय इंद्र लाल सरोज,छोटे लाल बाबा,भोले बाबा आदि का कहना है कि अलाव की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए की जाती है, लेकिन इसे ठीक से जलाने और बनाए रखने का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कई बार अलाव केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रह जाता है, और जरूरतमंद लोग ठिठुरने को मजबूर हो जाते हैं। बल्कि भोले बाबा दिव्यांग के है साथ ही उनके पास बड़ी संख्या में लोग अलाव देख कर रुकते है और स्थानीय खरीददारों को भी राहत मिलता है लेकिन जिम्मेदारों की अलाव के नाम पर अनदेखी कर कागजी और फोटो कोरम पूरा किया जा रहा है।सरकारी तंत्र की यह उदासीनता ठंड में रह रहे लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि वह इन अलाव की स्थिति पर ध्यान दे और इसे नियमित रूप से जलाने के साथ-साथ बेहतर लकड़ियों का उपयोग करे, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके।



# आंगनबाड़ी केंद्र सयारा में बच्चों की हुई जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू (कौशांबी) ।** विकास खंड कड़ा के सयारा मीठेपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के स्वास्थ संबंधी जांच की गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आर बी एस के टीम की डाक्टर वंदना सिंह द्वारा उक्त आंगनबाड़ी केंद्र सयारा मीठेपुर में गुरुवार को बच्चो की स्वास्थ्य जांच किया गया व सभी स्वस्थ पाए गए,जिसमें जन्मजात विकृति, खून की कमी, घेघा रोग, डीपीसीएन डिफसेसी,बच्चो का कान बहना,श्वास नली में इन्फेक्शन, टीबी, बच्चों की वजन व लंबाई की सघन जांच की गई। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य सेविका ज्ञानमती ने बताया कि इस कार्यक्रम में शून्य से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की बीमारियों का समुचित इलाज किया जाता है। शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिग आंगनबाड़ी केंद्रों में होती है। जबकि 6 से 18 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिग उनके स्कूलों में जाकर की जाती है, ताकि चिह्नित बीमारियों के समुचित इलाज में देरी न हो। आंगनबाड़ी केंद्रों पर साल में दो बार यानि प्रत्येक छह महीने पर जबकि स्कूलों में साल में सिर्फ एक बार बच्चों के इलाज के लिए स्क्रीनिग की जाती है। स्क्रीनिग करने के बाद बच्चों को हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध कराया जाता है।



# महाकुम्भ-2025 को लेकर पुलिस अधीक्षक ने संदिग्ध वाहनों की किया चेकिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद कौशाम्बी में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सकाढ़ा तिराहा पर तथा अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया साथ ही ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने हेतु बताया गया तथा महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से वार्ता भी की गयी। इस दौरान एसपी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रिफलेक्टिव टेप भी लगवाए गए तथा सम्बन्धित को निर्देशित गया की जगह जगह रिफलेक्टिव टेप लगवाए जाए जिससे रात्रि व कोहरे में वाहन चालकों को लगाये गए संकेत दूर से स्पष्ट दिखे। इसी क्रम समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा के नेतृत्व में जनपद के सभी थानों के पुलिस बल द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाते हुये निरंतर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

# यातायात जागरूकता सप्ताह आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बन कर ट्रैफिक नियमो का पालन करने की ली शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है। यातायात निरीक्षक पवन पांडे, यातायात जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आज यातायात निरीक्षक पवन पांडे अभियान चलाया जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ने आयोजित किया सेमिनार में मुख्य रूप से भाग लिया तथा पांडे जी ट्रैफिक्र इंस्पेक्टर, मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहें, इसमे ट्रैफिक्र इंस्पेक्टर नियतायत नियम पालन करने की बात कही। मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं।

उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है।यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुए कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।

# गंगा मे डूब रहे शिखर को बचाने वाले युवकों को कड़ाधाम पुलिस ने किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू(कौशांबी)।** कड़ाधाम के बाजार घाट मे चार दिन पूर्व एक परिवार के लोग शुद्ध क्रिया के उपरांत स्नान के समय चार लोग गंगा मे समा गए थे जिसमे डूब रहे लोगो को देख कर पास मे खड़े दो युवक गंगा मे छलांग लगा दिया जिसमे पिता और पुत्र को बाहर ढूंढ़ कर बाहर निकाल लाये हलाकि पिता की इलाज के दौरान मृत्यु होगयी वही पुत्र को डाक्टरो ने बचा लिए गंगा मे डूब रहे पिता पुत्र को बाहर निकालने वाले दोनों जाबाज युवकों को कड़ाधाम थान प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने गर्म कपड़े एवं कंबल देकर सम्मानित किया ।

# नकल पर नकेल कसने के लिए कॉपियों का बदलेगा रंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड इस बार नकल में नकेल के और सख्ती करने जा रहा है। इसी के तहत ही इस बार कॉपियों का रंग बदला है। परीक्षार्थियों को मैजेंटा, पिंक व भूरे रंग की उत्तर पुस्तिकाएं लिखने को दी जाएंगी। हाईस्कूल के परीक्षार्थी मैजेंटा, पिंक तथा इंटर के भूरे रंग की कॉपियों में परीक्षा देंगे। साथ ही बी उत्तर पुस्तिकाओं का रंग भी बदला रहेगा।

जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर शिक्षा सत्र 2024-25 में करीब 45 हजार परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे। हाईस्कूल में लगभग 24 हजार तो इंटरमीडिएट में तकरीबन 21 हजार परीक्षार्थी हैं। हाईस्कूल के छात्रों को मैजेंटा, पिंक कलर की कॉपियां दी जाएंगी। इस उत्तर पुस्तिका में कवर पेज समेत 16 पेज होंगे। वहीं, इंटर के छात्र-छात्राओं को गहरे भूरे रंग की कॉपियां दी जाएंगी। यह उत्तर पुस्तिका कवर पेज समेत 32 पेज की होगी। हाईस्कूल के लिए बी कॉपियां लाल रंग तथा इंटर के लिए बी उत्तर पुस्तिका बैगनी रंग की होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव ने बताया कि हर वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं के रंग बदले जाते हैं। इस वर्ष भी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के लिए अलग -अलग रंग की कॉपियां आएंगी। इससे नकल पर शिकंजा कसने में काफी हद तक मदद मिलेगी।

**नकल माफियाओं पर पहले से की जाएगी सख्ती**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि अबकी बोर्ड परीक्षा से पहले ही नकल रोकने को लेकर कई तरह के प्रयास किए जाएंगे। पूर्व में जो भी लोग नकल कराते हुए पकड़े गए हैं, उनपर नजर रखी जाएगी। चर्चित नकल माफियाओं को पाबंद तक करा दिया जाएगा। कहीं भी कोई नकल करते या कराते पकड़ा गया तो सीधे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# संगम क्षेत्र में 12 किमी में स्नान के लिए तैयार हुए घाट

## सुरक्षा इंतजाम चाक चौबंद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज दौरे से पहले तैयारी जोरों पर



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 को लेकर संगम तट पर 12 किलोमीटर के क्षेत्रफल में स्नान के लिए घाटों का निर्माण हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज दौरे से पहले सभी घाटों पर लाइटिंग की व्यवस्था, पुआल, कांसा और बोरों में मिट्टी भरकर सीढ़ियां तैयार हो रहीं हैं। महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया है।

महाकुम्भ के उप मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि 12 किलोमीटर के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और घाटों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को देखते हुए सफाई, निर्माण और सुरक्षा कार्यों को और तेजी से पूरा किया गया है।महाकुम्भ के दौरान संगम तट पर गंगा और यमुना के किनारे सात पक्के घाट बनाए गए हैं। ये घाट स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार किए हुए हैं।

# श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के संतो ने फहराया धर्म ध्वजा

**प्रयागराज।** श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के संतो ने कुंभ मेला क्षेत्र में अखाड़ा की छावनी में धर्मो रक्षति रक्षिता का संकल्प लेकर सनातन धर्म एवं अखाड़े की विधि के अनुसार धर्म ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर अखाड़े के अध्यक्ष महंत धूनी दास जी, सचिव महंत जगतार मुनि जी मुखिया महंत आकाश मुनी जी, मुखिया महंत मंगलदास जी ,मुखिया महंत भगत राम जी, कोठारी महंत नारायण दास जी ने मां गंगा एवं भगवान भाष्कर से महाकुंभ मेले की सकुशलता को लेकर कामना की और धर्मो॰ रक्षति रक्षित॰ एवं पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। अखाड़े के ढाई सौ संतों ने 100-100 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 10 दिसंबर को प्रातः 8॰00 बजे मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज से अखाड़े की पेशवाई शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर 13 अखाड़े के सभी पूज्य संतगण एवं विजय किरन, विवेक चतुर्वेदी, विजय दुबे, राजेश केसरवानी एवं मेला प्रशासन अधिकारी उपस्थित रहे।

